

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 5 अंक : 206 बुधवार, 9 सितम्बर 2026 भाद्रपद माह, कृष्ण, त्रयोदशी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 5 रुपया



## 'एक पड़ाव पर रुकने वाला नहीं हूँ': प्रधानमंत्री मोदी ने बताया अपना अगला लक्ष्य

एजेंसी न्यूज

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ग्लोबल फिनटेक फेस्ट का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने भारत के डिजिटल पेमेंट सिस्टम और फिनटेक सेक्टर की बढ़ती पहुंच का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि 11 देशों तक इसका विस्तार हो चुका है।

पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें इस आयोजन में लगातार तीसरी बार शामिल होने की खुशी है। उन्होंने इसे एक और ह्यहैट्रिकक्ल बताते हुए कहा कि 2024 में तीसरी बार सरकार बनने की हैट्रिक के बाद यह उनके लिए ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में लगातार तीसरी बार आने की हैट्रिक है। उनके मुताबिक, यह इस बात को दिखाता है कि विकसित भारत के निर्माण में फिनटेक और इससे जुड़े लोगों की भूमिका कितनी अहम है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर बार फेस्ट में आने पर उन्हें पहले की तुलना में ज्यादा युवा, ज्यादा ऊर्जा और संभावनाओं का बड़ा दायरा नजर आता है। उन्होंने कहा कि युवाओं में जोखिम लेने की क्षमता बढ़ रही है और उनके सपने भी बड़े हो रहे हैं। इससे विकसित भारत के भविष्य को लेकर उनका भरोसा और मजबूत होता है।



दुनिया के हालात क्या हैं, आप सभी भलीभांति जानते हैं। दुनिया टकराव और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। इसमें भी अप्रैल से जून की तिमाही सबसे चुनौतीपूर्ण रही है और इसमें भी जब भारत 7.8% से वृद्धि दर हासिल करता है, तो दुनिया को एक नया भरोसा मिलता है।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

पीएम मोदी ने कहा कि जिन्होंने मुझे 10 साल में देखा है, वे जानते हैं मोदी एक पड़ाव पर पहुंचकर, जश्न मनाकर संतुष्ट होने वाला नहीं है। जब एक लक्ष्य प्राप्त होता है तो मैं दूसरे लक्ष्यों की तैयारी में जुट जाता हूं। अब दूसरे देशों के पेमेंट सिस्टम के साथ जुड़ना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। सिंगापुर के साथ हम यह कर चुके हैं, इससे सिंगापुर और भारत के बीच पेमेंट ऐसे हो पा रहे हैं, जैसे एक शहर से दूसरे शहर में होता है। जहां भी भारतीय बड़ी संख्या में रहते हैं और जहां भारत बड़े पैमाने पर व्यापार करता है और जो देश हमारे साथ चलने के लिए तैयार है, हमें उन सब को जोड़ने पर काम करना होगा। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि विदेश में बड़ी संख्या में भारतीय काम करते हैं। दुनिया में भारतीय ही बड़ी संख्या में भारत पैसा भेजते हैं। उसका एक बड़ा हिस्सा ट्रांजैक्शन कॉस्ट में चला जाता है। यूपीआई इसमें भी भारतीयों को लाभ दिला सकता है और पैसा तुरंत उनके परिवारों के पास पहुंच सकता है।

पीएम मोदी ने कहा कि यूपीआई की सफलता के बाद अब अगला लक्ष्य दूसरे देशों के पेमेंट सिस्टम के साथ जुड़ने का होना चाहिए। उन्होंने भारत और सिंगापुर के बीच हुए पेमेंट सिस्टम इंटीग्रेशन का उदाहरण देते हुए कहा कि अब दोनों देशों के बीच भुगतान करना लगभग उसी तरह आसान हो गया है, जैसे एक शहर से दूसरे शहर में भुगतान किया जाता है।

### सत्य निकेतन हादसे के बाद बड़ा फैसला

## लागू होगी पीजी नीति, जरूरी होगा लाइसेंस; किराये की व्यवस्था में भी बदलाव

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** सत्य निकेतन हादसे के बाद दिल्ली सरकार ने पीजी नीति लागू करने का फैसला किया है। जल्द इसका मसौदा तैयार किया जाएगा। नीति के तहत पीजी चलाने के लिए लाइसेंस जरूरी होगा।

मंगलवार को शहरी विकास और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली सचिवालय में पीजी और किराये के मकानों में रहने वाले विश्वविद्यालय के छात्रों से मुलाकात की। इस दौरान सूद ने कहा कि एक से दो महीने के भीतर इस नीति को लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा।

सूद ने प्रस्तावित पेइंग गेस्ट आवास विनियमन एवं सुरक्षा विधेयक 2026 के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित नीति में पीजी संचालन के लिए अनिवार्य लाइसेंस, जोनवार किराया सीमा समेत अग्नि सुरक्षा ऑडिट तथा एक केंद्रीय पीजी पोर्टल की व्यवस्था होगी। पोर्टल पर छात्रों को पीजी का किराया, सुविधाएं और सुरक्षा ऑडिट की स्थिति जैसी जानकारी पहले से उपलब्ध कराई जाएगी।

छात्रों की सुविधा के लिए बनेगा पोर्टल

किराया समेत मिलेंगी कई जानकारियां



उन्होंने बताया कि सरकार पहले से पीजी नीति और न्यायमूर्ति गौबा समिति की रिपोर्ट को लागू करने पर काम कर रही थी।इसके अलावा विश्वविद्यालयों और नरेला समेत खाली पड़ी सरकारी इमारतों में छात्रावास बनाने की संभावनाएं भी तलाशी जा रहीं हैं। बता दें कि इस विषय पर दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की संयुक्त अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक में चर्चा भी हो चुकी है।

देश दुनिया

### केरलम के पूर्व सीएम विजयन परिवार पर दर्ज हो सकती है एफआईआर

एजेंसी न्यूज

**तिरुवनंतपुरम।** प्रवर्तन निदेशालय ने कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड से जुड़े कथित रिश्वत मामले में केरलम के पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, उनकी बेटी टी. वीना और दामाद पी.ए. मोहम्मद रियास के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ईडी ने इस संबंध में केरलम के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है।

सरकारी सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 66(2) के तहत यह पत्र भेजा है। इसमें मामले की जांच के दौरान सामने आए निष्कर्षों का हवाला दिया गया है। पीएमएलए के तहत धारा 66(2) एऊको अपनी आपराधिक जांच से सामने आए निष्कर्ष किसी अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसी के साथ साझा करने का अधिकार देती है, ताकि नई ऋक्रया शिकायत दर्ज की जा सके। पुलिस द्वारा दर्ज किए गए ऐसे मामले के आधार पर एऊबाद में के तहत भी मामला दर्ज कर सकती है।

### ऑटो, हेल्थकेयर और रिटेल ने पकड़ी रफ्तार

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** भारत में अगस्त महीने में व्हाइट-कॉलर नौकरियों की भर्ती में 14 फीसदी की सालाना वृद्धि दर्ज की गई है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। ऑटो, हेल्थकेयर और रिटेल जैसे क्षेत्रों ने इस वृद्धि का नेतृत्व किया। नौकरी डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, नौकरी जॉब स्पीक इंडेक्स 3,028 पर पहुंच गया, जो पिछले साल अगस्त के 2,664 से अधिक है। व्हाइट कॉलर जॉब उन पेशेवर नौकरियों को कहा जाता है जिनमें आमतौर पर ऑफिस के माहौल में किया जाता है और जिनमें शारीरिक श्रम के बजाय मानसिक, प्रशासनिक या विश्लेषणात्मक कार्य शामिल होते हैं।

यह वृद्धि आईटी और गैर-आईटी दोनों क्षेत्रों तथा सभी अनुभव स्तरों पर देखी गई है। हालांकि, इस वृद्धि को त्योहारी कैलेंडर के संदर्भ में देखना होगा। पिछले साल त्योहारी अवधि का बड़ा हिस्सा अगस्त में था, जो इस साल सितंबर में चला गया है। इंफो एज इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हितेश ओबेरॉय ने कहा कि त्योहारी तिमाही में भर्ती की स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी।

### शाहजहांपुर में बाढ़: घरों में घुसा खन्नौत नदी का पानी

एजेंसी न्यूज

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में खन्नौत नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के बाद तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का संकट गहरा गया है। लोधीपुर में घरों में पानी घुसने के बाद एनडीआरएफ ने मोटरबोट की मदद से 12 परिवारों को सुरक्षित बाहर निकालकर एनटीआई स्कूल में बनाए गए शरणालय में पहुंचाया। यहां करीब 60 बाढ़ प्रभावित लोग शरण लिए हुए हैं। कुछ परिवार घरों में ताला लगाकर रिश्तेदारियों में चले गए हैं।

### सीएम योगी बोले- राम मंदिर बनने से भौचक हैं सपा-कांग्रेस

एजेंसी न्यूज



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अयोध्या के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के सम्मान समारोह में विपक्ष पर जमकर हमला बोला। सपा-कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि राम मंदिर बनने और अयोध्या में विकास कार्य होने से सपा और कांग्रेस के लोग भौचक हैं। दुनिया राम के प्रति विभोर है और रामलला के अयोध्या धाम में विराजमान होने को लेकर पूरी दुनिया में उत्साह है, लेकिन सपा और कांग्रेस के यहां अभी भी वीरानी छाई है। उन्होंने कहा कि ये लोग समझ नहीं पा रहे कि अयोध्या में रामलला का मंदिर कैसे बन गया, सड़कें चौड़ी कैसे हो गईं, रेलवे स्टेशन का विकास कैसे हो गया और महर्षि वाल्मीकि के नाम पर इतना बड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट कैसे बन गया। योगी ने कहा कि सपा का एक चेहरा वह भी था, जब उसने प्रभु श्रीराम का विरोध किया था। अयोध्या में राम मंदिर न बने, इसके लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाया गया। रामभक्तों पर गोली चलाई गई और न्यायालय में राम मंदिर के विरोध में वकीलों की फौज खड़ी की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग विरासत और विकास दोनों का विरोध करते हैं।

## वंदे मातरम पर घमासान: जम्मू-कश्मीर में पूरा गीत बजा तो कांग्रेस भड़की

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में एक आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सभी छह अंतरों के गायन को लेकर कांग्रेस ने अपने सहयोगी दलों से पार्टी के रुख के साथ खड़े होने की अपील की है। कांग्रेस ने कहा कि उसके सहयोगियों को स्वतंत्रता सेनानियों के निर्णय और उस समय की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए केवल उसी संस्करण को गाना चाहिए, जिसे पार्टी ने अपनाया है।

यह विवाद सोमवार को जम्मू-कश्मीर के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के दौरान वंदे मातरम का पूरा संस्करण गाए जाने के बाद सामने आया। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला भी मौजूद थे। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस राष्ट्रीय स्तर पर क्ठउक्रअ गठबंधन का हिस्सा हैं।

कांग्रेस महासचिव और संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पर पूरे वंदे मातरम के गायन का वीडियो साझा करते हुए कहा कि इसका पूरा संस्करण भारत के स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा परिकल्पित समन्वयवादी और बहुलतावादी भावना के अनुरूप नहीं बैठता।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, सुभाष चंद्र बोस, राजेंद्र प्रसाद, आचार्य नरेंद्र देव, मौलाना आजाद, सरोजिनी नायडू और जेबी कृपलानी जैसे नेताओं की सोच कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण है। वेणुगोपाल ने कहा कि इस विषय पर गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की सलाह का भी महत्वपूर्ण प्रभाव था।

**म्यांमार ड्रोन हमले में NIA की चार्जशीट**

- अमेरिकी और छह यूक्रेनी नागरिकों पर नहीं लगेगा यूएपीए।
- अमेरिकी नागरिक के परिवार ने ट्रंप प्रशासन से अपील की थी।
- ट्रंप प्रशासन से वैनडाइक की रिहाई की गुजारिश की गई थी।



कांग्रेस नेता ने सहयोगी दलों से अपील की कि वे स्वतंत्रता सेनानियों के निर्णय का सम्मान करें और वंदे मातरम के उसी संस्करण को गाने में पार्टी का साथ दें, जिसे कांग्रेस ने अपनाया है। उन्होंने कहा कि इस संस्करण को जानबूझकर इसलिए चुना गया था ताकि गीत का सांप्रदायिक इस्तेमाल न हो।

### हिमाचल मानसून: 67 सड़कें बंद, मंडी में सबसे ज्यादा असर

एजेंसी न्यूज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश एक बार फिर लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। बारिश के चलते कई स्थानों पर सड़क संपर्क प्रभावित हुआ है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की 8 सितंबर 2026 को सुबह 10 बजे जारी रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में कुल 67 सड़कें बंद हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि इस समय किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने की सूचना नहीं है। जिलावार स्थिति देखें तो मंडी जिला सबसे ज्यादा प्रभावित है। यहां कुल 33 सड़कें बंद हैं। इनमें सराज उपमंडल में 27, सुंदरनगर में एक, सरकाघाट में तीन और थलौट डिवीजन में दो सड़कें प्रभावित हैं। इसके बाद कुल्लू में 11 सड़कें बंद हैं। कुल्लू उपमंडल में चार, बंजार में दो, आनी में तीन और निरमंड में दो सड़कें बंद हैं। कांगड़ा में भी बारिश का असर व्यापक है। जिले में कुल 10 सड़कें बंद हैं। इनमें कांगड़ा उपमंडल की एक, शाहपुर की पांच, पालमपुर की दो, देहरा की एक और धर्मशाला की एक सड़क शामिल है। सिरमौर में छह सड़कें बंद हैं, जिनमें नाहन की चार और संगड़ाह की दो सड़कें हैं। इसके अलावा ऊना में तीन, शिमला में दो, सोलन में एक और लाहौल-स्पीति में एक सड़क बंद होने की सूचना है।



## आतंकी साजिश रचने के आरोपों में अमेरिकी समेत सात विदेशी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी 'एनआईए' ने आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने और उग्रवाद से संबंधित कैंप आयोजित करने जैसे गंभीर आरोपों में शामिल एक अमेरिकन सहित सात विदेशी नागरिकों के मामले में मंगलवार को चार्जशीट दाखिल की है। एनआईए ने आरोपियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 'यूएपीए' की धारा 18 लगाई थी। खास बात है कि चार्जशीट में सभी आरोपियों के खिलाफ यूएपीए की धारा हटाई गई है। चार्जशीट में केवल 'इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट', 2025 की धारा 21 और 23 लिखी है। ये दोनों धाराएं में फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस के स्तर पर समझौता योग्य (कंपाउंडेबल) अपराध की श्रेणी में आती हैं।

सुप्रीम कोर्ट के वकील रोहित डंडरियाल, जिन्होंने अदालत के समक्ष आरोपियों का पक्ष रखा, ने अमर उजाला को बताया कि इस केस में जांच एजेंसी पर कई सवाल खड़े होते हैं। आरोपियों को 180 दिन पहले पकड़ा गया था। उस वक्त जांच एजेंसी ने आतंकी साजिश की बात कही थी। अधिवक्ता रोहित का कहना है कि उन्होंने जांच एजेंसी के समक्ष कहा था कि वे लोग घूमने आए थे। उनके पास सभी तरह के दस्तावेज थे। इसके बावजूद उन्हें तीस दिन की न्यायिक हिरासत में रखा गया। उसके बाद वह अवधि 90 दिन तक बढ़ा दी गई।

**म्यांमार ड्रोन हमले में NIA की चार्जशीट**

- अमेरिकी और छह यूक्रेनी नागरिकों पर नहीं लगेगा यूएपीए।
- अमेरिकी नागरिक के परिवार ने ट्रंप प्रशासन से अपील की थी।
- ट्रंप प्रशासन से वैनडाइक की रिहाई की गुजारिश की



इस बीच आरोपियों के वकील ने जांच एजेंसी से आग्रह किया कि अब उन्हें छोड़ दिया जाए। हर एंगल से जांच हो चुकी है। तब जांच एजेंसी की तरफ से कहा गया कि अभी वायस सैंपल आदि लेने हैं। कई एंगल से जांच होनी है। इसके लिए अतिरिक्त 90 दिन का समय मांगा गया। एडवोकेट रोहित डंडरियाल के मुताबिक, 180 दिन की जांच के बाद भी जांच एजेंसी को यूएपीए जैसा अपराध नहीं मिला। जांच एजेंसी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि चार्जशीट में यूएपीए की धाराएं नहीं लगाई गई हैं। यह हैरान करने वाला केस है। जांच एजेंसी के वकील ने कोर्ट को बताया कि इस केस में यूएपीए के एंगल से जांच खत्म नहीं हुई है। फिलहाल इस धारा को जांच में पेंडिंग रखा गया है। आगे की जांच में अगर यूएपीए के तहत कोई अपराध बनता है तो राष्ट्रीय जांच एजेंसी, सप्लीमेंट्री आरोप पत्र दायर कर सकती है। 'इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट', 2025 की धारा 21 और 23 में तीन साल की सजा और जुमार्ने का प्रावधान है।

### महाराष्ट्र में भीषण सड़क हादसा: गोंदिया जिले में तेज रफ्तार ट्रक और कार की टक्कर

एजेंसी न्यूज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में सोमवार रात तेज रफ्तार ट्रक ने एक एसयूवी को टक्कर मार दी। हादसे में तीन साल के बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हुए हैं। सभी मृतक और घायल मजदूर थे और मध्य प्रदेश के बालाघाट से तेलंगाना के करीमनगर काम के लिए जा रहे थे।

**पुलिस** के मुताबिक, हादसा जिला मुख्यालय से करीब चार किलोमीटर दूर नागरा गांव के पास हुआ। सामने से आ रही एसयूवी को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि एसयूवी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने लोगों को वाहन से बाहर निकाला। छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 'धार्मिक संस्था अदालत नहीं बन सकती'

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने शरिया कोर्ट का तलाक आदेश किया रद्द, क्या कहा?

एजेंसी न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कहा है कि कोई धार्मिक संस्था या निजी निकाय कानून के तहत गठित अदालत का अधिकार अपने हाथ में नहीं ले सकता। धार्मिक मान्यताओं के आधार पर किसी व्यक्ति के कानूनी अधिकारों या वैवाहिक स्थिति का निर्धारण अथवा उसे लागू नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने रायपुर की एक निजी शरिया संस्था द्वारा जारी तलाक के आदेश को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की।

जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की एकल पीठ ने रायपुर की ह्यइदारा-ए-शरिया इस्लामी कोर्टक्ल द्वारा 38 वर्षीय महिला को तलाकशुदा घोषित करने वाले आदेश को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसे गैर-न्यायिक मंचों द्वारा जारी फतवों या फैसलों की कोई बाध्यकारी कानूनी मान्यता नहीं है। अदालत ने 12 अगस्त को मामले में फैसला सुरक्षित रखा था और सोमवार को अपना निर्णय सुनाया।

याचिकाकर्ता निरोश अब्बासी ने ह्यइदारा-ए-शरिया इस्लामी कोर्टक्ल के 18 जनवरी 2022 के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में कथित तौर पर उन्हें तीन तलाक के जरिए तलाकशुदा घोषित किया गया था। अब्बासी ने इस संस्था के अस्तित्व को भी चुनौती दी थी। उनका कहना था कि यह निकाय संविधान के प्रावधानों के विपरीत काम कर रहा है और उसे किसी व्यक्ति की वैवाहिक स्थिति तय करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।



याचिकाकर्ता के पहले पति की 2015 में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उन्होंने 2020 में रायपुर निवासी मोहम्मद आबिद खान से शादी की थी। खान का दावा था कि पहली शादी से अब्बासी के बच्चे नए परिवार के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रहे थे। इसी आधार पर कथित तौर पर उन्हें तीन तलाक्ल दिया गया। अब्बासी ने इस कथित तलाक का विरोध किया और कहा कि भारत में लागू कानून पर धार्मिक कानून हावी नहीं हो सकता। उन्होंने खान और उनके परिवार के सदस्यों पर उत्पीड़न, क्रूरता और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए अक्टूबर 2021 में रायपुर के पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी। इसके बाद एफआईआर दर्ज की गई थी।








## एक नजर

### हादसे के 10 दिन बाद 19 वर्षीय अजीत की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**मीरगंज।** थाना शीशगढ़ क्षेत्र में ढकिया डाम (सहोड़ा) के पास 28 अगस्त को मोटरसाइकिल और ईको वाहन की भिड़ंत में घायल 19 वर्षीय अजीत पुत्र रामबहादुर निवासी ग्राम गुगई, थाना मीरगंज की सोमवार देर रात निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद अजीत करीब दस दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझता रहा। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक दिल्ली में रहकर जींस सिलाई का काम करता था और परिवार का सहारा बनने की कोशिश कर रहा था। गांव के समाजसेवी राजू भारती ने बताया कि अजीत की मां का छह माह पहले निधन हुआ था। मंगलवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पिता रामबहादुर ने बताया कि अंतिम संस्कार के बाद बुधवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

# महिला के कान काट कुंडल ले गए चोर

## घायल महिला का मेडिकल न कराने का पुलिस पर लगाया आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मीरगंज/शीशगढ़।** कस्बा शीशगढ़ के मोहल्ला नवाबनगर में बीती रात्रि अज्ञात चोर दीवार तोड़कर मकान के अंदर पहुंच गए अंदर सो रही महिला का एक कान काट कर व दूसरे कान से खींच कर सोने के कुंडल ले गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमबार रात कच्छा बनियान धारी नकाब पोश चोरों ने नवावनगर निवासी नासिर पुत्र मोहम्मद अहमद के घर को अपना निशाना बनाया।पीड़ित नाशिर ने बताया कि कस्वे के मोहल्ला नबाव नगर में बाहरी साइड में उसका घर है।सोमबार की रात वह व उसकी पत्नी चाँदवी घर के बरामदा में सोए हुए थे। कि रात्रि में लगभग डेढ़ बजे के आस पास बाउंड्री बाल तोड़कर अज्ञात चोर घर मे घुस आए और मेन दरवाजा खोल दिया। इसी बीच बराबर में सो रही पत्नी को कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया। जिससे वह नशा की हालत में हो गई। उसने बताया कि कच्छा बनियान व नकाब पोश चोरो ने किसी धारदार चीज से पत्नी चाँदवी का बायां कान काटकर सोने का कुंडल व दूरियां निकाल ली और दाहिने कान का कुंडल व दूरियां भी खींच ली जिससे दूसरा कान भी कट गया। जिससे चाँदवी घायल हो गई। चोर और कुछ कर पाते उससे पहले महिला की किसी तरह आंख खुल गई। उसने घर मे खड़े चोरों को देखा तो उसकी चीख निकल पड़ी। चीख पर जागे पति नासिर ने भागते चोरों का काफी दूर तक पीछा किया। लेकिन चोर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए । उधर चोरों का पीछा करते हुए गिरकर नासिर भी घायल हो गया। नासिर ने बताया कि उसकी सूचना पर 112 पुलिस के साथ थाना पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने पूंछतांछ तो की लेकिन घायल पत्नी का मेडिकल नहीं कराया। जिसके बाद उसने निजि अस्पताल में पत्नी का उपचार कराया है।

### पूर्व में की गई चोरी का अभी तक नहीं हुआ है खुलासा

बताते चलें कि लगभग एक माह पहले मोहल्ला अंसार नगर निवासी भुल्लड़ के घर मे नकब लगाकर चोर नगदी व जेवर सहित लाखों का माल साफ कर फरार हो गए थे। जिसमें पुलिस ने मुकद्दमा तो दर्ज किया था परन्तु उस घटना का अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है। जिससे चोरों के हौंसले बुलन्द हैं। चोरी की लगातार हो रहीं घटनाओं से नगर वासियों में दहशत है।

### कान काटने वाले चोरों से ग्रामीणों मदहश्त

दुस्साहक चोरों ने घर में घुसकर एक ऐसी घटना को अंजाम दे डाला जिससे ग्रामीणों में दहशत पैदा हो गई खासतौर से महिलाओं में चोरों ने घर में घुसकर धार दार हथियार से महिला का एक कान काट कर कानों में पहने कुंडल छीन लिए उसके बाद दूसरे कान में पहने हुए कुंडल भी झपट्टा मारकर छीन लिए और फरार हो गए इस तरह की घटना पहली बार हुई है जो महिला का कान धारदार हथियार से काटकर घटना को अंजाम दिया गया हो इस तरह की घटना पुलिस की कार्यप्रणाली की पोल खोल रही है।

### बरेली पुलिस को ट्वीट करने का बाद हरकत में आई पुलिस

रात की घटना के बाद भी पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराने की आवश्यकता महसूस नहीं की बरेली पुलिस को ट्वीट करने के बाद पुलिस हरकत में आई दोपहर करीब तीन बजे पुलिस घायल महिला के घर पहुंची और मेडिकल कराने के लिए बरेली भेजा गया महिला के पति ने तहरीर बदलने का भी पुलिस पर आरोप लगाया है।

## संक्षेप समाचार

### भारी बारिश से कुरतरा में दो मकान गिरे



**फतेहगंज पश्चिम।** पिछले दो दिनों से हो रही लगातार भारी बारिश के कारण सोमवार रात गांव कुरतरा में दो पुराने मकान भरभराकर गिर गए। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, रविवार और सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश से गांव कुरतरा स्थित होली चौराहे के पास पीतम लाल साहू का पुराना दो मंजिला ईंटों का मकान पूरी तरह भरभराकर गिर गया। वहीं दूसरी ओर मोहन लाल गंगवार की पशुशाला की दीवार व छत भी बारिश की मार नहीं झेल सकी और ढह गई। ग्रामीणों ने बताया कि यह मकान काफी पुराना था, जिस कारण लगातार बारिश से जर्जर होकर गिर गया। हालांकि समय रहते किसी के मकान के अंदर न होने से बड़ा हादसा टल गया और जान-माल का कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ। प्रशासन को घटना की सूचना दे दी गई है और मामले की जांच-पड़ताल के बाद रिपोर्ट उपजिलाधिकारी, मीरगंज को सौंपी गई है।

### तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**मीरगंज।** पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान जावेद हुसैन पुत्र जाबिर हुसैन, निवासी ग्राम पैगानगरी, थाना मीरगंज के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ ।सोमवार को पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग और गश्त कर रही थी। उपनिरीक्षक पंकज कुमार के साथ उपनिरीक्षक जयप्रकाश सिंह, हेड कांस्टेबल अरकान आलम और कांस्टेबल अंकुर सिरोही सिधौली चौराहे पर मौजूद थे। मुखबिर की सूचना पर टीम ने परौरा मोड़ के पास से जावेद को सोमवार रात करीब 8 :34 बजे गिरफ्तार किया ।पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गुरुग्राम में सब्जी की ठेली लगाता है और कभी-कभार गांव आता है। उसने तमंचा सुरक्षा के लिए रखने की बात कही और स्वीकार किया कि उसके पास कोई लाइसेंस नहीं है ।बरामदगी के आधार पर थाना मीरगंज में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मेडिकल परीक्षण के बाद आरोपी को मंगलवार को जेल भेज दिया।

### पास्को एक्ट के अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी एक नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को हाइवे स्थित गाँव गुड़वारा के निकट गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। लड़की के पिता की ओर से बीती चार अगस्त को मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिसमें गाँव तेज नगर निवासी मो वसीम पुत्र महमूद शाह पर बहला फुसला कर उसकी नाबालिग बेटी को भगा ले जाने तथा इस मामले में सहयोग करने वाले उसके एक भाई तथा रिश्तेदार को नामजद कराया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही वसीम पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था। सटीक सूचना पर मंगलवार को इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा ने एस आई शिवम तथा हेड कांस्टेबल देवेश सिंह के साथ गुड़वारा गाँव के निकट बने कट के पास पकड़ लिया। वसीम की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अन्य दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी दबाव बना रही है। वसीम को पास्को एक्ट के अलावा मामले से संबंधित अन्य गंभीर धाराओं में भी निरूद्ध किया गया है।

### मामा ने सगी भांजी को बेरहमी से पीटा

**फरीदपुर (बरेली)।** फरीदपुर में भांजी-मामा के रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहां एक मामा ने अपनी ही सगी भांजी को डंडे से बेरहमी से पीट दिया। फरीदपुर थाना क्षेत्र के शांति नगर मोहल्ले में घरेलू विवाद में गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक ने अपनी भांजी को डंडों से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता कृष्णा कुमारी पुत्री बादशाह शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 2 सितंबर को वह अपने घर पर मौजूद थी और किसी काम से बाहर निकली, तभी उसका सगा मामा सत्यदेव शास्त्री हाथ में डंडा लेकर आ धमका। आरोप है कि मामा ने आते ही भांजी को बिना किसी कारण के गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। जब कृष्णा कुमारी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी मामा ने डंडे से उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। जिससे उसके दोनों पैरों पर गंभीर चोटें आई हैं और वह दर्द से कराहते हुए जमीन पर गिर पड़ी। इतने पर भी वह शान्त नहीं हुआ आरोपी मामा ने पीड़िता का मोबाइल फोन भी छीन लिया और उसे पूरी ताकत से जमीन पर पटक कर चकनाचूर कर दिया ताकि वह मदद के लिए किसी को फोन न कर सके। घटना के बाद पीड़िता किसी तरह फरीदपुर कोतवाली पहुंची और आरोपी मामा के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित युवती की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# किसानों की मिल प्रबंधन के साथ वार्ता बेनतीजा

जागरण मोर्चा कार्यालय



किसान पंचायत में शामिल भाकियू पदाधिकारी व किसान। -जागरण मोर्चा

**बहेड़ी।** केसर शुगर मिल पर बकाया करीब 142 करोड़ के भुगतान की अदायगी की मांग लेकर बीते एक हफ्ते से मिल गेट पर धरना दे रहे भाकियू (भानु) पदाधिकारियों के साथ इलाके के तमाम किसानों की ओर से मंगलवार को महापंचायत आहुत की गई थी।

भाकियू से जुड़े बरेली, पीलीभीत तथा शाहजहांपुर से तमाम किसान पंचायत में पहुंचे पर मिल प्रबंधन के साथ हुई उनकी वार्ता किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। भाकियू (भानु) के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमवीर सिंह सिसोदिया की अगुवाई में तमाम किसान वक्ताओं ने कहा कि किसान लंबे अरसे से भुगतान की मांग करता आ रहा है पर मिल प्रबंधन मिल सम्पत्ति बिकने के बाद भुगतान होने की बात कहकर समय खींच रहा है। शाम चार बजे के आसपास मिल के एच आर हेड ए एम गर्ग तथा गन्ना प्रबंधक रविंद्र सिंह वार्ता के लिए किसानों के धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने आगामी कुछ दिनों में मिल की सम्पत्ति की नीलामी की बात कही। इस पर किसानों ने नीलामी से मिलने वाली रकम से कुछ भला न होने की बात कह मांग की कि तब तक मिल प्रबंधन संबंधित किसानों का खर्च, बच्चों की फीस आदि के लिए व्यवस्था करे। इस पर मिल अधिकारियों ने कोई आश्वासन देने की हामी नहीं भरी। किसान पंचायत में पूर्व पालिका अध्यक्ष पति नसीम अहमद भी अपने तमाम समर्थकों के साथ पहुंचे। धरने में शामिल होने पर किसान संगठन के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। धरने को समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों के अलावा कई सभासद भी अपना समर्थन दे चुके हैं।

## दवा दिलाकर लौट रहे परिवार पर हमला

**फरीदपुर (बरेली)।** ग्राम सितारगंज में मासूम बच्चे को दवा दिलाकर घर लौट रहे पति-पत्नी पर गांव के ही चार दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पुलिस को दी तहरीर के अनुसार प्रमोद पुत्र रामसिंह 29 अगस्त की रात करीब 8:30 बजे पत्नी और बच्चे के साथ घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में शिव दयाल, कौशल, कृपाल और देवेंद्र ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने प्रमोद को जमीन पर गिराकर पीटा। बचाने आई पत्नी को भी घसीटकर मारपीट की गई। हमले में प्रमोद के हाथ की दो उंगलियां घायल हो गईं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 16 हजार फीट से दौड़ हुई शुरू 500 किमी बाद बरेली में विराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** 16 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित ओम पर्वत से शुरू हुआ भारतीय सेना का 'रन फॉर द हिमालयाज' अभियान मंगलवार को बरेली पहुंचकर पूरा हो गया। करीब 500 किलोमीटर की अल्ट्रा स्टेज्ड रन में धावकों ने उत्तराखंड के दुर्गम पहाड़ी रास्तों पर 10 दिन तक दौड़ लगाई। उत्तर भारत मुख्यालय बरेली में लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने अभियान का समापन किया। इस चुनौतीपूर्ण दौड़ में पांच पूर्व सैनिकों और चार सेवारत अधिकारियों की संयुक्त टीम शामिल रही। टीम का नेतृत्व 10 पैरा एसएफ के सेवानिवृत्त कर्नल मनदीप सिंह मान ने किया। एयर मार्शल आरजे डकवर्थ, मेजर जनरल देवेंद्र कपूर, एयर कमोडोर सुरेश बड्याल और कैप्टन पूजा मेहरा समेत अन्य प्रतिभागियों ने कठिन परिस्थितियों में दौड़ पूरी की। अभियान का उद्देश्य केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन करना नहीं था। रास्ते में टीम ने स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेटों और युवाओं से संवाद कर फिटनेस और हिमालय संरक्षण का संदेश दिया। कई स्थानों पर जागरूकता दौड़ भी आयोजित हुई। टीम ने रास्ते में प्लास्टिक कचरा एकत्र कर सफाई अभियान चलाया और रीसाइक्लिंग के प्रति लोगों को जागरूक किया। अभियान ने फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और देशसेवा को एक साथ जोड़ते हुए हिमालय को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संदेश दिया।

# स्टेट हाईवे पर जानलेवा गड्ढे, हादसे का खतरा

जागरण मोर्चा कार्यालय





**फतेहगंज पूर्वी।** ताबड़तोड़ बारिश ने बदायूं-दातागंज स्टेट हाईवे की हालत बिगाड़ दी है। जगह-जगह सड़क टूटने से गहरे और जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। खासकर मानपुर त्रिलोक गांव में पुलिया के आसपास सड़क की स्थिति बेहद खराब हो गई है। गड्ढों से बचने के प्रयास में वाहन चालकों के सामने हादसे का खतरा बना हुआ है।

राहगीरों का कहना है कि बारिश के बाद सड़क पर बने गड्ढे पानी से भर जाते हैं, जिससे उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। रात के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। तेज रफ्तार में आने वाले वाहन अचानक गड्ढे में गिरने से अनियंत्रित होकर पलट सकते हैं। राहगीरों ने जिम्मेदार विभाग से तत्काल गड्ढे भरवाने और सड़क का स्थायी निर्माण कराने की मांग की है। बदायूं-दातागंज स्टेट हाईवे फतेहगंज पूर्वी से दातागंज, बदायूं, कासगंज, उझानी, मथुरा, आगरा और दिल्ली समेत कई प्रमुख शहरों को जोड़ता है। यह मार्ग गंगा एक्सप्रेसवे से भी जुड़ता है, जिससे इस पर रोजाना बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क की बदहाल स्थिति की जानकारी जिम्मेदारों को होने के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते गड्ढों को नहीं भरा गया तो किसी बड़े हादसे के बाद ही जिम्मेदारों की नींद टूटेगी। राहगीरों की मांग है कि बारिश थमने का इंतजार किए बिना फिलहाल गड्ढों को भरकर यातायात सुरक्षित किया जाए और इसके बाद सड़क की गुणवत्ता के साथ स्थायी मरम्मत कराई जाए।

## महिला से किया दुष्कर्म का प्रयास

**फरीदपुर (बरेली)।** ग्राम रायपुर हंस में रात के समय घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति के अनुसार, रात करीब 10 बजे एक युवक दीवार फांदकर घर में घुस आया और उसकी पत्नी को दबोचकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। महिला के शोर मचाने पर पति जाग गया। आरोपी ने धमकी दी, लेकिन चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान कलीम पुत्र मजीद निवासी बाकरगंज, थाना किला के रूप में हुई। ग्रामीण उसे थाने ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

### प्रदोष पूजन में उमड़े श्रद्धालु

**फतेहगंज पश्चिमी।** साहूकारा स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में महाकाल बेड़ा संघ ने प्रदोष पूजन का आयोजन किया। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार सहित करीब एक हजार श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना की। भजन-कीर्तन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी और पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला जेल में हर बंदी होगा साक्षर, 50 निरक्षरों को सिखाएंगे पढ़ना-लिखना

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ सुलेख प्रतियोगिता में बंदियों ने दिखाया उत्साह, 20 सितंबर को नवसाक्षर बंदी देंगे परीक्षा

**बरेली।** कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान की प्रेरणा और पुलिस महानिदेशक, कारागार पीसी मीणा के निर्देशन में प्रदेश की जेलों में निरुद्ध बंदियों को शिक्षा, सुधार, कौशल विकास और पुनर्वास से जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला कारागार, बरेली में निरक्षर बंदियों को साक्षर बनाने की पहल शुरू की गई है। अभियान का उद्देश्य है कि जेल में रह रहा कोई भी बंदी शिक्षा से वंचित न रहे और वह पढ़ना-लिखना सीखकर रिहाई के बाद समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके। जिला कारागार में निरक्षर बंदियों को साक्षर बनाने के कार्यक्रम का शुभारंभ 11 अगस्त 2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली की सचिव जया प्रियदर्शिनी द्वारा किया गया था। वर्तमान में जिला कारागार में कुल 50 निरक्षर बंदियों को पढ़ना-लिखना सिखाया जा रहा है। इनमें पांच महिला बंदी भी शामिल हैं। जेल प्रशासन की ओर से इन बंदियों को नियमित रूप से शिक्षा प्रदान कर उन्हें नवसाक्षर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

#### 20 सितंबर को होगी नवसाक्षर बंदियों की परीक्षा

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत इन नवसाक्षर बंदियों की परीक्षा 20 सितंबर 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सफल होने वाले बंदियों को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। जेल प्रशासन का मानना है कि शिक्षा बंदियों के सुधार और पुनर्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है। पढ़ना-लिखना सीखने के बाद बंदी न केवल अपने दैनिक जीवन के कार्यों को बेहतर ढंग से कर सकेंगे, बल्कि रिहाई के बाद रोजगार एवं सामाजिक जीवन में भी इसका लाभ उठा सकेंगे।

#### सुलेख प्रतियोगिता में बंदियों ने दिखाई प्रतिभा

बंदियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला कारागार, बरेली में समाजसेवी संस्था कोमल फाउंडेशन, फिरोजाबाद के सहयोग से नवसाक्षर बंदियों के लिए सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 50 नवसाक्षर बंदियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी लेखन क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बंदी साहिल ने प्रथम, राशिद ने द्वितीय और कृष्ण कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता बंदियों को कोमल फाउंडेशन, फिरोजाबाद के अध्यक्ष अश्विनी कुमार भदौरिया की ओर से प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली की सचिव जया प्रियदर्शिनी उपस्थित रहीं। उन्होंने बंदियों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जेल में मिलने वाले समय को खाली बैठकर व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। बंदियों को इस समय का सदुपयोग शिक्षा हासिल करने और स्वयं में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए करना चाहिए, ताकि वे बेहतर इंसान बनकर समाज में वापस लौट सकें।

#### कौशल विकास के जरिए आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी

जेल प्रशासन अब बंदियों को केवल साक्षर बनाने तक सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि उन्हें रोजगारपरक शिक्षा और कौशल विकास से जोड़ने की भी तैयारी की जा रही है। जेल अधीक्षक आलोक कुमार शुक्ला ने बताया कि आने वाले समय में साक्षरता कार्यक्रम के अतिरिक्त व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बंदियों को हुनरमंद और आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि जेल से रिहाई के बाद वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें और समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें। शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से बंदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है।




## एक नजर

### भागवत श्रवण से वर्तमान और भविष्य दोनों होते हैं मंगलमय : अतुल कृष्ण महाराज

**बरेली।** श्री हरि मंदिर मॉडल टाउन में चल रहे 66वें विराट भक्ति वार्षिक महोत्सव के तहत श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने भक्ति और ज्ञान का रसपान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्वान ब्राह्मणों ने नवग्रह एवं श्रीमद्भागवत के विधिवत पूजन से किया। पठानकोट से आए कथा व्यास अतुल कृष्ण महाराज ने भागवत महात्म्य सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान के नाम का स्मरण मुक्ति का सरल मार्ग है। प्रभु का स्मरण जीवन में शांति और सकारात्मकता लाता है। कथा में अजामिल, गज-ग्राह और राजा बलि के प्रसंग सुनाए गए। मंदिर समिति के सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि कथा 12 सितंबर तक प्रतिदिन शाम छह से रात 10 बजे तक होगी। कार्यक्रम में समिति पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गलत इलाज से गर्भवती की फटी आंत!

## बहेड़ी के निजी अस्पताल पर गंभीर लापरवाही का आरोप, बरेली में ऑपरेशन के दौरान सामने आई तीन इंच की क्षति




जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिले में निजी अस्पतालों की चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाला एक और मामला सामने आया है। बहेड़ी के गांधी अस्पताल में पांच माह की गर्भवती महिला के इलाज में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया गया है। देवरनिया क्षेत्र के कठरी गांव निवासी मोहम्मद ईशाक का कहना है कि पत्नी सिमरन के गर्भ में बच्चे की मौत बताकर उसका चार बार पेट साफ किया गया। इसके बाद उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। गंभीर स्थिति में महिला को बरेली के डिवाइन अस्पताल ले जाया गया, जहां ऑपरेशन के दौरान उसकी बड़ी आंत करीब तीन इंच फटी मिली। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत स्वास्थ्य विभाग से करते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है। ईशाक के मुताबिक 19 जून को पत्नी के पेट में दर्द होने पर उसे बहेड़ी स्थित गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सिमरन पांच माह की गर्भवती थी। आरोप है कि जांच के बाद डॉक्टर नावेद और नीलेश ने गर्भ में बच्चे की मौत होने की बात कही और पेट की सफाई कराने की सलाह दी। परिवार का आरोप है कि इसके बाद महिला की चार बार सफाई की गई। इलाज के बाद उसकी हालत सुधरने के बजाय बिगड़ती चली गई। हालत गंभीर होने पर अस्पताल की ओर से उसे बरेली में उपचार कराने की सलाह दी गई।

> अस्पताल को सील कर दिया गया है, वर्तमान में अस्पताल सील है, उसके रजिस्ट्रेशन के लिए फाइल आई हुई है।
> –डॉ लईक अंसारी, नोडल अधिकारी

### दर्द बढ़ा तो फिर अस्पताल पहुंचा परिवार

पीड़ित के अनुसार कुछ दिन बाद महिला को दोबारा तेज पेट दर्द हुआ। परिजन उसे फिर गांधी अस्पताल ले गए। आरोप है कि वहां भी महिला की सफाई की गई और इंजेक्शन लगाने के बाद हालत सामान्य बताई गई। चिकित्सकों ने अल्ट्रासाउंड कराने को कहा। 29 जून को अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे। शिकायत में आरोप है कि इस दौरान भी महिला के पेट से कुछ निकाला गया। इसी दिन रात करीब सात बजे महिला की हालत अचानक बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर दोबारा गांधी अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां उपचार के बाद भी राहत नहीं मिली। इसके बाद डॉक्टरों ने बरेली ले जाने की सलाह दी। परिवार का कहना है कि महिला की हालत नाजुक होने के कारण उसे सीधे बरेली के डिवाइन अस्पताल ले जाया गया।

### ऑपरेशन में तीन इंच फटी मिली बड़ी आंत

डिवाइन अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला की जांच शुरू की। खून की व्यवस्था कराने के साथ अल्ट्रासाउंड कराया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने तत्काल ऑपरेशन किया। परिजनों के अनुसार ऑपरेशन के दौरान महिला की बड़ी आंत करीब तीन इंच फटी हुई मिली। चिकित्सकों ने सर्जरी कर आंत को ठीक किया और महिला को कई यूनिट रक्त चढ़ाया गया। गंभीर हालत के कारण उसे लंबे समय तक उपचार की जरूरत पड़ी।

### इलाज में 4.50 लाख खर्च, मदद का दावा भी विवादों में

मोहम्मद ईशाक का कहना है कि वह मजदूरी करके परिवार चलाता है। पत्नी के उपचार में करीब 4.50 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं और अब उसके सामने आगे के इलाज का संकट खड़ा हो गया है। उसका आरोप है कि बहेड़ी में कुछ लोगों ने मामले को आपसी समझौते के जरिए निपटाने का प्रयास किया। पीड़ित के अनुसार संजीवनी अस्पताल के मालिक वसीम ने उसे बुलाकर डॉक्टर नावेद से इलाज का खर्च दिलाने की बात कही थी। बातचीत के बाद डॉक्टर की ओर से करीब 60 हजार रुपये दिए गए, लेकिन शेष खर्च उठाने से इनकार कर दिया गया।

### सीएमओ से शिकायत, जांच के बाद सामने आएगा सच

पीड़ित परिवार ने सीएमओ विश्राम सिंह से शिकायत कर डॉक्टर नावेद और नीलेश के खिलाफ जांच व कार्रवाई की मांग की है। परिवार ने महिला के आगे के इलाज में आर्थिक सहायता की भी गुहार लगाई है। अब स्वास्थ्य विभाग की जांच में ही स्पष्ट होगा कि महिला की बड़ी आंत किस वजह से क्षतिग्रस्त हुई और गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान किन चिकित्सकीय प्रक्रियाओं का पालन किया गया। वहीं अस्पताल के मालिक डॉक्टर नावेद ने परिवार के सभी आरोपों को गलत बताया है। उनका कहना है कि लगाए गए आरोप निराधार हैं। उन्होंने दावा किया कि महिला के पति ईशाक ने उनसे 1.50 लाख रुपये भी लिए थे, इसके बावजूद सीएमओ कार्यालय में शिकायत कर दी गई।

## फतेहगंज पूर्वी में कल 13 घंटे बिजली गुल

**फतेहगंज पूर्वी, बरेली।** विद्युत विभाग द्वारा फतेहगंज पूर्वी विद्युत उपकेंद्र पर पावर ट्रांसफार्मर नंबर-1 की क्षमता वृद्धि का कार्य किया जाएगा। इसके चलते 9 सितंबर 2026 को सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र फतेहगंज पूर्वी पर वर्तमान में स्थापित 5 एमवीए के पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 10 एमवीए की जा रही है। इसके लिए 10 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर उपकेंद्र पर पहुंच चुका है। विद्युत विभाग के अनुसार, क्षमता वृद्धि का कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की क्षमता बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को पहले से बेहतर एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी। विभाग ने क्षेत्र के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि कार्य के दौरान धैर्य बनाए रखें और विद्युत विभाग का सहयोग करें।

# अमर ज्योति ठगी मामले में दो भाई गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



▸ बदायूं में कंपनी खोलकर लोगों से रकम जुटाने का आरोप, दोनों पर 50-50 हजार का इनाम था घोषित

**बरेली।** अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड के नाम पर निवेशकों से कथित तौर पर करोड़ों रुपये की रकम जुटाकर फरार चल रहे दो सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लंबे समय से फरार सूर्यकांत मौर्य और शशिकांत मौर्य की गिरफ्तारी एसटीएफ नोएडा यूनिट और बदायूं कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने सात सितंबर को की। दोनों पर डीआईजी बरेली की ओर से 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी नारायण मौर्य के पुत्र हैं और बरेली के कटरा चांद खां के रहने वाले हैं। बदायूं कोतवाली में दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही दोनों पुलिस की पकड़ से बाहर थे। उनकी तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। आरोप है कि दोनों भाइयों ने बदायूं में अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड के नाम से कार्यालय संचालित किया और लोगों को निवेश पर बेहतर रिटर्न का भरोसा देकर रकम जमा कराई। कंपनी पर विश्वास करते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी बचत निवेश कर दी। बाद में रकम लौटाने का सिलसिला बंद हो गया। शिकायतों के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो दोनों आरोपी फरार हो गए।

पुलिस जांच में बरेली में भी दोनों भाइयों के खिलाफ कथित ठगी के मामले सामने आए हैं। बारादरी थाने में नगर निगम की एक महिला कर्मचारी ने भी दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके अलावा अन्य मामलों में भी उनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है। दोनों के लगातार फरार रहने और गिरफ्तारी न होने पर डीआईजी बरेली ने उनकी गिरफ्तारी के लिए 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। सात सितंबर को मिली सूचना के आधार पर एसटीएफ नोएडा और बदायूं पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। अब पुलिस कंपनी के जरिए जुटाई गई रकम, वित्तीय लेनदेन और आरोपितों से जुड़े अन्य मामलों की पड़ताल में जुटी है।

# अरिल नदी में बही बाइक, दो युवकों के शव मिले

जागरण मोर्चा कार्यालय




▸ रपटा पुल पर पानी के बीच बाइक निकालना पड़ा भारी, तीसरे युवक की खोज में जुटी रेस्क्यू टीम

**बरेली।** आंवला इलाके में बारिश के बाद उफनाई अरिल नदी में सोमवार शाम बड़ा हादसा हो गया। डरुआपुर गांव के पास रपटा पुल से बाइक समेत नदी में बहे तीन युवकों में से दो के शव मंगलवार को बरामद कर लिए गए। करीब 15 घंटे तक चले तलाशी अभियान के बाद गोताखोरों ने दोनों शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर खोज निकाले। मृतकों की पहचान प्रेम और विष्णु स्वरूप के रूप में हुई है। दोनों विशारतगंज के आंबेडकर नगर वार्ड के रहने वाले बताए गए हैं। तीसरे युवक की तलाश अभी जारी है।

हादसा सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे आंवला-अतरछेड़ी मार्ग पर हुआ। लगातार बारिश के कारण अरिल नदी का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ था। रपटा पुल के ऊपर करीब डेढ़ से दो फीट पानी तेज रफ्तार से बह रहा था। इसी दौरान तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर पुल पार करने लगे। बीच में पहुंचते ही पानी के दबाव से बाइक का संतुलन बिगड़ा और तीनों युवक नदी में जा गिरे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया था। ग्रामीणों के मुताबिक पुल पर तेज बहाव देखकर युवकों को खतरे की जानकारी भी दी गई, लेकिन उन्होंने बाइक आगे बढ़ा दी। हादसे के बाद कुछ समय तक तीनों युवक पानी में तैरते नजर आए और किनारे पहुंचने का प्रयास करते रहे, मगर तेज धारा उन्हें अपने साथ बहा ले गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य की जानकारी ली। रातभर तलाश चलने के बावजूद युवकों का पता नहीं लग सका। मंगलवार सुबह नौ गोताखोरों ने नदी में फिर अभियान शुरू किया और करीब 250 मीटर क्षेत्र में तलाशी ली। लगभग 15 घंटे की मशक्कत के बाद दो शव बरामद हुए। दोनों की पहचान प्रेम और विष्णु स्वरूप के रूप में हुई। तीसरे युवक का पता लगाने के लिए गोताखोर नदी के बहाव की दिशा में तलाश कर रहे हैं। नदी में तेज बहाव और बढ़े जलस्तर के चलते अभियान में लगातार बाधाएं आ रही हैं, फिर भी रेस्क्यू टीम की तलाश जारी रखी है।

# कैनविज के 62 मामलों की कमान अब आर्थिक अपराध शाखा के हाथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कैनविज कंपनी से जुड़े करीब 800 करोड़ रुपये की कथित ठगी के मामले में जांच का दायरा बढ़ गया है। कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी और उसके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज 93 मुकदमों में से 62 मामलों की विवेचना अब आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंप दी गई है। वहीं 12 मामलों में जांच पूरी कर आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है, जबकि 19 मामलों की विवेचना जारी है।

कैनविज के खिलाफ बड़ी संख्या में शिकायतें मिलने के बाद पुलिस ने जांच के लिए विशेष जांच दल गठित किया था। एसआईटी ने अब तक 12 मामलों में साक्ष्य जुटाकर आरोपपत्र दाखिल किए हैं। शेष मामलों में पूछताछ और साक्ष्य संकलन जारी है। ईओडब्ल्यू अब निवेशकों से जुटाई गई रकम, कंपनी के बैंक खातों, वित्तीय लेनदेन, रकम के इस्तेमाल और कंपनी से जुड़े लोगों की भूमिका की जांच करेगी। आरोप है कि निवेशकों को हर महीने पांच प्रतिशत रिटर्न और 22 महीने बाद मूलधन लौटाने का भरोसा दिया गया था। शुरुआत में भुगतान होने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा और बड़ी रकम जमा हुई, लेकिन बाद में भुगतान रुकने पर शिकायतें दर्ज होने लगीं। मामले में प्रवर्तन निदेशालय भी कथित धनशोधन और रकम के स्रोत व हस्तांतरण की जांच कर रहा है। कन्हैया गुलाटी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित है।

# विभूतिनाथ मंदिर के गेट पर मांस मिलने से हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में विभूतिनाथ मंदिर के गेट पर मांस के टुकड़े मिलने से मंगलवार को इलाके में खलबली मच गई। मंदिर के बाहर आपत्तिजनक सामग्री पड़े होने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। लोगों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो एक युवक की संदिग्ध गतिविधि सामने आने की बात कही गई। स्थानीय लोगों ने युवक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही प्रेमनगर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना शाहाबाद चौकी के पास स्थित विभूतिनाथ मंदिर की बताई जा रही है। सुबह मंदिर के गेट पर मांस के टुकड़े दिखाई देने के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी फैल गई। देखते ही देखते आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पुलिस तक पहुंची तो पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई और स्थिति को संभाला।

मामले की जानकारी होने के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों ने मंदिर व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी। फुटेज में एक युवक की गतिविधि संदिग्ध नजर आने की बात सामने आई। इसके बाद लोगों ने युवक की पहचान की और उसे पकड़ लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को भीड़ से अलग किया और पूछताछ के लिए थाने ले गई। घटना के बाद एहतियात के तौर पर पुलिस ने इलाके में निगरानी बढ़ा दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज समेत घटनाक्रम से जुड़े सभी साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

### मंदिर के बाहर मांस फेंकने की वजह तलाश रही पुलिस

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि मंदिर के गेट पर मांस के टुकड़े कैसे पहुंचे और इसके पीछे आरोपी का वास्तविक उद्देश्य क्या था। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि युवक ने यह हरकत अकेले की या इसके पीछे किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका है। घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी जांच का हिस्सा बनाया गया है। प्रेमनगर इंस्पेक्टर के मुताबिक युवक को हिरासत में लिया गया है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस के अनुसार कानूनी कार्रवाई पूरी होने के बाद आरोपी को जेल भेजा जाएगा। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि जांच के बाद ही घटना की पूरी तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

# पुलिस से अभद्रता करने वाले चार दबंग आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भोजीपुरा थाना क्षेत्र के जदौआ गांव में मारपीट की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों के साथ ही आरोपियों ने अभद्रता और हाथापाई कर दी। गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी आरोप है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक सात सितंबर को हेड कांस्टेबल परमानंद और कांस्टेबल अरुण कुमार सम्मन-नोटिस की तामीला और जांच के लिए जदौआ पहुंचे थे। गांव के बाहर सड़क पर पिकअप वाहन के पास कुछ लोग मछली पकड़ने वाले मोहम्मद युनिश से मारपीट कर रहे थे। पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव कर विवाद शांत कराने का प्रयास किया। आरोप है कि इसी दौरान अशोक, सूरजपाल, वेदप्रकाश समेत अन्य लोगों ने पुलिस टीम से ही गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। मंगलवार सुबह मुखबिर की सूचना पर आंवला मोड़ के सामने मंदिर के पास से अशोक, सूरजपाल, वेदप्रकाश और कामता प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने नशे की हालत में पुलिस से अभद्रता करने की बात स्वीकार की और माफी मांगी। चारों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका भी जांची जा रही है।

# एसआरएमएस सीईटीआर में साइबर हैकाथॉन संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** एसआरएमएस सीईटी की टीम कोड रेड ने दो दिवसीय साइबर हैक हैकाथॉन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके लिए टीम को 21000 रुपये का नकद पुरस्कार हासिल हुआ। हैकाथॉन में दूसरा स्थान हासिल करने वाली सीईटीआर की टीम साइलेंट शेल ने 15000 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। सीईटीआर की ही टीम कंट्रोल अंडर स्कोर सी अंडर स्कोर वी तीसरे स्थान पर रही। टीम को 11000 रुपये का ईनाम मिला। सीईटी की टीम बाइटरश और सीईटीआर एवं सीईटी की संयुक्त टीम कोड नोवा को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 5000-5000 रुपये मिले। श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग, टैक्नोलाजी एण्ड रिसर्च (एसआरएमएस सीईटीआर) में आयोजित दो दिवसीय साइबर हैक हैकाथॉन का मंगलवार को समापन हुआ। सीईटी स्थित न्यू सेमिनार हाल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में हैकाथॉन की कंवीनर डा.मानवी मिश्रा ने इवेंट को सफल बताया और पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हैकाथॉन में देश भर से कुल 50 टीमों ने भाग लिया, जिनमें पिलानी और गाजियाबाद जैसे शहरों की टीमों के साथ बरेली स्थित शैक्षणिक संस्थानों की 50 टीमों ने भी हिस्सा लिया। इसमें कोड क्रैक और सिक्योर थीम के तहत सभी टीमों ने इसमें वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल सुरक्षा की चुनौतियों पर अपना प्रेजेंटेशन दिया और सिक्योरिटी बेस्ड समाधान दिए। इस दौरान प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा की प्रैक्टिकल जानकारी भी हासिल हुई। हैकाथान में एसआरएमएस सीईटी की टीम कोड रेड को प्रथम स्थान के लिए चुना गया। टीम को 21000 रुपये का नकद पुरस्कार मिला। सीईटीआर की टीम साइलेंट शेल और टीम कंट्रोल अंडर स्कोर सी अंडर स्कोर वी ने दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान के लिए टीम साइलेंट शेल को 15000 रुपये और तीसरे स्थान के लिए टीम कंट्रोल अंडर स्कोर सी अंडर स्कोर वी को 11000 रुपये का ईनाम मिला। सीईटी की टीम बाइटरश और सीईटीआर एवं सीईटी की संयुक्त टीम कोड नोवा को सांत्वना पुरस्कार हासिल हुआ। जिसके लिए दोनों टीमों को 5000-5000 रुपये प्रदान किए गए। हैकाथान के कोआर्डिनेटर प्रमोद कुमार मौर्या ने सभी अतिथियों का आभार जताया और धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग सीईटीआर की असिस्टेंट प्रोफेसर इमाना अजरम ने किया। इस अवसर पर जीसीएस काउन्सिल के निदेशक विशाल गौड़, जीसीएस काउन्सिल के सीएमओ उदित नारायण गौड़, स्किल स्पर्धा के डायरेक्टर इफाम हुसैन जैदी, साइबर एक्सपर्ट एचसीएस टेक्नोलाजी अर्जुन कालरा, एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल प्रो. प्रभाकर गुप्ता, प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर डा.अनुज कुमार एसआरएमएस सीईटीआर के डीन डा. शैलेश सक्सेना, एसआरएमएस ट्रस्ट के अन्य महाविद्यालयों के डीन छात्र कल्याण, प्राक्टर, सभी विभागाध्यक्ष एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्पले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

# एमएफ हाईवे पर तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत

## बरेली से मोबाइल खरीदकर बाइक से लौट रहे थे युवक, मुड़िया सेंडोला के पास हादसा; चालक बस छोड़कर फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद (एमएफ) हाईवे पर सोमवार रात करीब सात बजे फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के मुड़िया सेंडोला (सैंडोला) गांव के पास रोडवेज बस और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। तीनों युवक संभल जिले के बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव भतौर (नरौली) के रहने वाले थे। हादसे के बाद रोडवेज बस का चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, तीनों युवक बाइक से बरेली से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान मुड़िया सेंडोला के पास सामने से आ रही बदायूं डिपो की रोडवेज बस से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी


मृतक विशाल।


नितिन का फाइल फोटो।


अचिन का फाइल फोटो।

जबरदस्त थी कि बाइक बस के अगले हिस्से में फंस गई। तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर फैजगंज बेहटा थानाध्यक्ष कपिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। हादसे में युवकों के चेहरे और शरीर बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण उनकी पहचान करने में परेशानी हुई। तलाशी के दौरान एक युवक के पास मोबाइल और नितिन के पास एसएम डिग्री कॉलेज का आईकार्ड मिला। इनसे तीनों की पहचान की गई। पुलिस ने तीनों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली भेजा। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**पुलिस ने खुद हटाया मलबा :** हादसे के बाद हाईवे पर बाइक और बस के क्षतिग्रस्त हिस्सों के साथ कांच के टुकड़े और अन्य मलबा फैल गया था। इससे यातायात प्रभावित होने लगा। पुलिस ने मौके पर मलबा हटवाकर यातायात सुचारु कराया। दुर्घटनाग्रस्त बस और बाइक को कब्जे में ले लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है।

**एक मोबाइल खरीदकर लौट रहा था विशाल :** बताया गया कि तीनों युवक आपस में दोस्त थे और एक ही गांव के रहने वाले थे। विशाल अपनी बुआ चित्रावती के घर रामनगर, बरेली गया था। वहां से उसने अपने लिए मोबाइल खरीदा। इसके बाद वह नितिन और अचिन के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया।

**नितिन के पिता हैं ग्राम प्रधान :** 25 वर्षीय नितिन पुत्र रामौतार चंदौसी के एसएम डिग्री कॉलेज में बीए का छात्र था। वह पढ़ाई के साथ फोटो स्टूडियो का काम भी करता था। उसके पिता रामौतार गांव के प्रधान हैं। परिवार में मां मंगलवती, बड़ा भाई पंकज और बहन कंचन हैं। पंकज दिल्ली में काम करता है।

**चार महीने पहले हुई थी पिता की मौत :** 18 वर्षीय विशाल के पिता प्रताप की बीमारी के चलते करीब चार महीने पहले मौत हुई थी। परिवार में मां सरोज, छह बहनें और छोटा भाई आकाश है। चार बहनों की शादी हो चुकी है। पिता की मौत के बाद परिवार को विशाल से काफी उम्मीदें थीं।

**राजमिस्त्री का काम करते हैं अचिन के पिता :** 17 वर्षीय अचिन पुत्र अशोक के पिता राजमिस्त्री का काम करते हैं। परिवार में मां ममता, बड़ा भाई सचिन और बहन प्रतिमा हैं।

**गांव में पसरा मातम :** तीनों युवकों की मौत की सूचना मिलते ही स्वजन सीएचसी बिसौली पहुंच गए। अपनों के शव देखकर उनकी चीख-पुकार से अस्पताल का माहौल गमगीन हो गया। एक ही गांव के तीन युवकों की एक साथ मौत से गांव में मातम छा गया। परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# थाने में पूछताछ के दौरान पुलिस अभिरक्षा से फरार हुआ आरोपी, तीन पुलिसकर्मी निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सिविल लाइंस थाने में दाखिल कराने के बाद मौका पाकर भागा वांछित अभियुक्त, तलाश में जुटीं पुलिस की टीमें**

**लापरवाही पर एसएसपी ने की कार्रवाई, दरोगा समेत दो सिपाहियों के खिलाफ भी मुकदमा**

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाने में पुलिस अभिरक्षा के दौरान एक वांछित आरोपी के फरार होने से पुलिस महकमे में खलबली मच गई। पूछताछ के दौरान आरोपी पुलिसकर्मियों को चकमा देकर थाने से निकल भागा। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में एक उपनिरीक्षक समेत तीन पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं।

पुलिस के अनुसार सिविल लाइंस थाने में दर्ज मुकदमा में वांछित चल रहे सुरजन सिंह यादव पुत्र राम बहादुर, निवासी ग्राम फिरोजपुर इकलहरी, थाना सिविल लाइंस, उम्र करीब 38 वर्ष को सोमवार को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसे थाने लेकर आई और आवश्यक कार्रवाई के बाद पूछताछ की जा रही थी।

इसी दौरान आरोपी मौका पाकर पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। आरोपी के भागने की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। आसपास के इलाकों में उसकी तलाश शुरू कर दी गई और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

घटना में ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक सचिन यादव, आरक्षी सतेन्द्र कुमार और आरक्षी सनी वर्मा की लापरवाही सामने आने पर एसएसपी ने तीनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके साथ ही सिविल लाइंस थाने में घटना के संबंध में अभियोग दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

**इंस्पेक्टर जिम्मेदार फिर भी नहीं हुई कार्रवाई :** थाने से आरोपी का फरार होना जिम्मेदार इंस्पेक्टर की पूर्णतया लापरवाही सामने आई है। इसके बावजूद भी इंस्पेक्टर को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जबकि संबंधित दरोगा समेत तीन लोगों पर एसएसपी अंकिता शर्मा ने निलंबन की कार्रवाई की है। अब सवाल यह उठा रहा है कि जिम्मेदार इंस्पेक्टर होता है। आखिर इंस्पेक्टर कहां थे। इसको लेकर लोगों के जेहन में सवाल चल रहे हैं। लोगों को कहना है कि इंस्पेक्टर पर कब करवाई होगी।

# खाता ठीक करने के नाम पर एप डाउनलोड कराया, यूपीआई से रकम निकाली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** साइबर ठगों ने खाता ठीक कराने के नाम पर सीटी स्कैन कर्मचारी को फोन कर अपने जाल में फंसा लिया। ठगों के कहने पर मोबाइल में एप्लीकेशन डाउनलोड करते ही कर्मचारी के यूपीआई खाते से 11 हजार रुपये निकल गए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

शहर के शिवपुरम निवासी अनुज गुप्ता सीटी स्कैन केंद्र में कर्मचारी हैं। अनुज के अनुसार, उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन किया और बैंक खाता ठीक करने के नाम पर बातचीत शुरू की। फोन करने वाले ने उन्हें भरोसे में लेते हुए कहा कि खाते को दुरुस्त करने के लिए एक एप्लीकेशन डाउनलोड करनी होगी। उसकी बातों में आकर अनुज ने बताए गए तरीके से एप्लीकेशन अपने मोबाइल में डाउनलोड कर ली। एप्लीकेशन डाउनलोड करने के कुछ ही देर बाद उनके यूपीआई खाते से 11 हजार रुपये की रकम निकल गई। खाते से रुपये कटने का संदेश आने पर उन्हें साइबर ठगी का पता चला। उन्होंने तत्काल संबंधित लेनदेन की जानकारी जुटाई और साइबर थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर घटना की शिकायत की। पुलिस से मामले की जांच कर ठगी की रकम वापस दिलाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। साइबर ठगी की लगातार बढ़ती घटनाओं के बीच पुलिस लोगों को अनजान नंबर से आने वाले फोन पर किसी भी तरह की बैंकिंग जानकारी साझा नहीं करने और बिना जांच-पड़ताल के कोई एप्लीकेशन डाउनलोड नहीं करने की सलाह दे रही है।

## संक्षेप समाचार

### दूधिया रोशनी से नहाया लिंगेश्वर नाथ महादेव, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर


मंदिर को सजाया। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** मढई चौक स्थित चाहमीर मोहल्ले में स्थित लिंगेश्वर नाथ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर आज एकादशी के अवसर पर मंदिर प्रांगण दूधिया रोशनी से नहा उठा। रंग बिरंगी सजावट ने आगंतुक भक्तों का मन मोह लिया। शाम के समय मंदिर के पुजारी धनीराम मिश्रा ने संध्या आरती के पश्चात भगवान लड्डू गोपाल भगवान ,श्री कृष्ण को मेवा, मिष्ठान का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरण कराया। भक्तों ने लड्डू गोपाल की जय श्री राधे कृष्णा हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की भगवान भोलेनाथ की जय के जयकारों से वातावरण भक्ति मय कर दिया। मंदिर में भगवान भोलेनाथ का भव्य दिव्य श्रृंगार, भगवान श्री लड्डू गोपाल श्री हनुमान जी भोलेनाथ माता पार्वती श्री गणेश,भगवान श्री कृष्ण, श्री राम का नवीन वस्त्र आभूषणों से भव्य श्रृंगार किया गया। भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार गुरमेल सिंह,कृष्ण रस्तोगी ने किया। मंदिर प्रांगण की फूलों एवं गुब्बारों से भव्य सजावट का कार्य योग्यता रस्तोगी एवं हरि फ्लावर्स की ओर से किया गया। प्रसाद व्यवस्था में पवन रस्तोगी वंश रस्तोगी तुषार रस्तोगी रितेश रस्तोगी एवं समस्त रस्तोगी परिवार की ओर से किया गया। मौके पर राजकुमार सिंह सेंगर, गोपाल पांडे, अनिल वर्मा, रजनीश रस्तोगी, प्रियांशु मिश्रा, गोपाल प्रजापति, रवि रस्तोगी एवं संजय रस्तोगी सहित अनेकों भक्त उपस्थित रहे।

### मृतक आश्रित कोटे में सफाई कर्मचारी को मिली नौकरी, पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने सौंपा नियुक्ति पत्र


सफाई कर्मचारी को नियुक्ति पत्र देती पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद की पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने मृतक आश्रित कोटे के तहत एक सफाई कर्मचारी के आश्रित को नियुक्ति पत्र सौंपा। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद नवनियुक्त कर्मचारी के चेहरे पर खुशी नजर आई। उन्होंने पालिकाध्यक्ष का आभार जताया। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने बताया कि पालिका में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत ध्रुव बाबू पुत्र अर्जुन सिंह की सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उनके पुत्र ने मृतक आश्रित कोटे के तहत नियुक्ति के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। प्रकरण पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए पालिका की ओर से नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की गई। नियुक्ति पत्र सौंपते हुए पालिकाध्यक्ष ने कहा कि यह अवसर मिश्रित भावनाओं से भरा है। एक ओर मृतक कर्मचारी के परिवार को रोजगार मिलने से राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर इस बात का दुख है कि उनके अभिभावक अब उनके बीच नहीं हैं। उनकी कमी की भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने नवनियुक्त कर्मचारी से अपेक्षा जताई कि वह पूरी निष्ठा और मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे और नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपना योगदान देंगे। इस दौरान सभासद मुकेश साहू, रवि कुमार, मोहित सक्सेना, कमालउद्दीन, मनोज चंदेल, कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, लिपिक महेश बाबू समेत अन्य पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

### आढ़त के सामने सो रहे युवक पर चढ़ा ट्रक, इलाज के दौरान मौत

**उघैती।** आढ़त के सामने सड़क किनारे सो रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस से सीएचसी रुदायन भेजा। पुलिस ने ट्रक और उसके चालक को कब्जे में ले लिया है। गांव बरवारा निवासी जितेंद्र (30) पुत्र कर्मसिंह सोमवार रात उघैती में एक आढ़त के सामने सड़क किनारे पड़ा था। बताया जा रहा है कि वह नशे की हालत में था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे ट्रक संख्या यूपी 38 टी 4286 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी रुदायन भेजा, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही जितेंद्र के परिवार में चीख–पुकार मच गई। परिजन शव को घर ले आए। मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी पत्नी कृष्णा और दो छोटे बच्चे हैं, जिनकी उम्र करीब एक और दो वर्ष बताई गई है। पति की मौत के बाद पत्नी और अन्य परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने ट्रक और चालक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव के संबंध में विधिक कार्रवाई की। घटना के बाद मौके पर शांति व्यवस्था कायम रही।


जितेंद्र का फाइल फोटो।

# दर्शन की आस में निकले, हादसे ने उजाड़ दिए तीन परिवार

जागरण मोर्चा कार्यालय

- **उझानी क्षेत्र के लोग जाहरवीर बाबा के दर्शन करने राजस्थान गए थे**
- **गांव से एक साथ उठ छह शव, मचा कोहराम**

**बदायूं।** जाहरवीर बाबा के दर्शन की आस लेकर राजस्थान के गोगामेड़ी गए उझानी क्षेत्र के अल्लापुर चमारी गांव के तीन परिवारों पर लौटते समय दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बागपत में हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के जय सिंह उर्फ साधु, उनके भाई प्रेम सिंह और चचेरे भाई चित्रपाल की मौत हो गई। हादसे की खबर गांव पहुंचते ही मातम छा गया। तीनों परिवारों में कोहराम मचा है। रिश्तेदार और ग्रामीण पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाने में जुटे हैं।

जय सिंह उर्फ साधु खेती-किसानी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके परिवार में पांच बेटियां और दो बेटे हैं। पांच बेटियों में चार की शादी हो चुकी है, जबकि एक बेटी की शादी होना बाकी है। हादसे में जय सिंह की मौत के बाद परिवार के सामने बेटी की शादी समेत अन्य जिम्मेदारियों का संकट खड़ा हो गया है। अचानक परिवार का सहारा छिन जाने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्रेम सिंह भी पत्नी प्रेमवती के साथ जाहरवीर बाबा के दर्शन करने गए थे। हादसे में प्रेम सिंह की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी प्रेमवती गंभीर रूप से घायल हैं। उनका उपचार चल रहा है। प्रेम सिंह के दो बेटे और पांच बेटियां हैं। पिता की मौत के बाद सातों बच्चों के भविष्य को लेकर परिवार के लोगों की चिंता बढ़ गई है। वहीं, प्रेमवती के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना परिजन कर रहे हैं। चित्रपाल की पत्नी भगवती भी जय सिंह उर्फ साधु के साथ जाहरवीर बाबा के दर्शन करने गई थीं। हादसे में उनकी भी मौत हो गई। भगवती के दो बेटे और एक बेटी हैं। इनमें एक बेटे और बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि एक बेटा अविवाहित है। हादसे ने तीनों परिवारों की खुशियां छीन लीं। गांव में शोक का माहौल है और हर आंख नम है।

# रंग-बिरंगी रोशनी से नहाया 84 घंटा हनुमान मंदिर

## एकादशी पर उमड़ा भक्तों का सैलाब, जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारों से गूंजा मंदिर

- **पुजारी ने आरती उतारकर लगाया भोग, भक्तों में वितरित किया गया प्रसाद**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सराफा बाजार स्थित 84 घंटा हनुमान मंदिर में एकादशी का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। आकर्षक सजावट के चलते मंदिर परिसर का नजारा देखते ही बन रहा था।

मंदिर के पुजारी सुधीर मिश्रा ने विधि-विधान से आरती उतारी और भगवान को प्रसाद का भोग लगाया। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने भगवान हनुमान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर परिसर जय श्रीराम, जय हनुमान, जय श्रीकृष्ण और जय राधे के जयकारों से गूंज उठा। मंदिर की भव्य और दिव्य रंग-बिरंगी रोशनी तथा फूलों से सजावट की सेवा निक्की देवल की ओर से की गई। वहीं प्रसाद की व्यवस्था सुमित, राजीव रस्तोगी, अरविंद वैश्य, संजय राणा, दीपक वैश्य, राजू वैश्य और सोनी ज्वेलर्स की ओर से की गई। इस अवसर पर रामगोपाल पटवा, प्रदीप पटवा, राजकुमार सिंह सेंगर, कन्हैया मिश्रा, वंश मिश्रा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।


एकादशी पर मंदिर में पूजा करते भक्त। –जागरण मोर्चा

**कामयाबी** | 200 से अधिक एजेंटों के जरिये जुटाई थी लोगों की गाढ़ी कमाई, कंपनी बंद कर रातोंरात हो गए थे फरार

# 200 करोड़ से अधिक की ठगी करने वाले अमर ज्योति चिटफंड कंपनी के दोनों संचालक गिरफ्तार

- **दोनों भाइयों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम था घोषित, गिरफ्तारी के बाद खुल सकते हैं ठगी के कई राज**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अमर ज्योति चिटफंड कंपनी के नाम पर लोगों से दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में फरार चल रहे दोनों सगे भाइयों को एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित शशिकांत मौर्य और सूर्यकांत मौर्य लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे। दोनों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

पुलिस के मुताबिक बरेली के कटरा चांद खां निवासी दोनों भाइयों ने बदायूं के मीरासराय इलाके में अमर ज्योति नाम से चिटफंड कंपनी शुरू की थी। लोगों को निवेश के नाम पर जोड़ने के लिए बड़ी संख्या में एजेंट बनाए गए थे। बताया जाता है कि कंपनी से 200 से अधिक एजेंट जुड़े थे। इन एजेंटों के माध्यम से कई वर्षों तक लोगों से लगातार रुपये जमा कराए जाते रहे।

निवेशकों की संख्या बढ़ने के साथ कंपनी में बड़ी रकम जमा हो गई। आरोप है कि दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की रकम एकत्र होने के बाद दोनों भाई अचानक कंपनी बंद कर फरार हो गए। इसके बाद निवेशकों को अपने साथ हुई ठगी का पता चला और उन्होंने पुलिस से शिकायत करते हुए मुकदमे दर्ज कराए।

मामले की जांच के दौरान कंपनी से जुड़े कई एजेंटों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। वहीं मुख्य आरोपित दोनों भाइयों के फरार रहने पर पुलिस ने उन पर इनाम घोषित किया था। आरोपितों पर राजनीतिक संरक्षण मिलने के आरोप भी लगते रहे हैं और उनके कुछ भाजपा नेताओं से संबंध होने की चर्चा रही है।

अब दोनों भाइयों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस पूछताछ में चिटफंड कंपनी के संचालन, एजेंटों की भूमिका और निवेशकों से जुटाई गई रकम के संबंध में कई अहम जानकारियां सामने आने की उम्मीद है। पुलिस ठगी की रकम और उससे जुड़े अन्य लोगों की भी जांच कर सकती है।


शशिकांत व सूर्यकान्त ठगी के आरोपी दोनों भाई। –जागरण मोर्चा



खुलासा करतीं एसएसपी अंकिता शर्मा। –जागरण मोर्चा

# ज्योतिष एवं वास्तु शास्त्र में नरेंद्र कुमार को मानद डॉक्टरेट

## सामाजिक क्षेत्र में सक्रियता और विषयों में रुचि को देखते हुए मिला सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले व्यवसायी नरेंद्र कुमार दिवाकर को ज्योतिष एवं वास्तु शास्त्र के क्षेत्र में मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। दिल्ली की ट्रइंटल रिफार्म फाउंडेशन के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स एवं बोर्ड ऑफ रीजेंट्स की स्वीकृति के बाद उन्हें यह मानद उपाधि प्रदान की गई।

फाउंडेशन की ओर से नरेंद्र कुमार दिवाकर का चयन ज्योतिष एवं वास्तु शास्त्र के प्रति उनकी रुचि, जानकारी और विषय पर उनकी पकड़ को देखते हुए किया गया। बीते रविवार को आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया। मानद डॉक्टरेट की उपाधि मिलने की जानकारी के बाद परिवार, रिश्तेदारों और परिचितों में खुशी का माहौल है।

नरेंद्र कुमार दिवाकर सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहते हैं। सम्मान मिलने पर परिचितों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नरेंद्र कुमार ने सम्मान के लिए फाउंडेशन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।



मानक उपाधि से सम्मानित पाते नरेंद्र कुमार। –जागरण मोर्चा

# दातागंज में भाजपा को झटका, म्याऊं ब्लॉक प्रमुख सपा मुखिया से मिले: सपा में शामिल होने की अटकलें

**विधायक के करीबी माने जाने वाले केसी शाक्य के पाला बदलने से सियासी हलचल तेज, विधायक से पिछले कुछ समय से चल रहे मतभेद को बताया जा रहा मुख्य कारण**

जागरण मोर्चा कार्यालय



विधायक के साथ कम्बल वितरण में मौजूद केसी शाक्य। –जागरण मोर्चा



भाजपा विधायक को माला पहनाते केसी शाक्य। –जागरण मोर्चा



सपा प्रमुख से मुलाकात करते केसी शाक्य। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** दातागंज विधानसभा क्षेत्र में मिशन-2027 की तैयारियों में जुटी भाजपा को उस समय राजनीतिक झटका लगा, जब म्याऊं ब्लॉक प्रमुख केसी शाक्य ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। केसी शाक्य को दातागंज विधायक राजीव सिंह के करीबी नेताओं में माना जाता रहा है। उनके सपा में शामिल होने के बाद क्षेत्र की सियासत में हलचल बढ़ गई है।

केसी शाक्य दातागंज क्षेत्र के प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते हैं। बताया जाता है कि भाजपा विधायक राजीव सिंह की पैरवी के बाद पार्टी ने उन्हें म्याऊं ब्लॉक प्रमुख पद के लिए प्रत्याशी बनाया था। ब्लॉक प्रमुख बनने के बाद उन्होंने क्षेत्र में कई विकास कार्य कराए। ऐसे में उनका भाजपा छोड़कर सपा में जाना पार्टी के लिए स्थानीय स्तर पर बड़ा झटका माना जा रहा है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि पिछले कुछ समय से केसी शाक्य और दातागंज विधायक के बीच संबंधों में खटास चल रही थी। हालांकि, इस संबंध में दोनों पक्षों की ओर से सार्वजनिक रूप से कोई विस्तृत बयान सामने नहीं आया है। इसी मतभेद को उनके सपा में जाने की प्रमुख वजह माना जा रहा है।

**2024 के चुनाव के बाद उठे थे भितरघात के सवाल :** लोकसभा चुनाव-2024 में भाजपा प्रत्याशी रहे पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप की हार के बाद भी दातागंज क्षेत्र में पार्टी के भीतर भितरघात को लेकर चर्चाएं सामने आई थीं। पूर्व सांसद की ओर से पार्टी नेतृत्व के समक्ष चुनाव में भीतरघात की शिकायत किए जाने की बात कही जाती रही है। अब म्याऊं ब्लॉक प्रमुख के सपा में जाने के बाद पुराने राजनीतिक आरोपों को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

**कश्यप और मौर्य मतदाताओं पर नजर :** दातागंज विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और सपा दोनों ही अपने समीकरण मजबूत करने में जुटी हैं। राजनीतिक जानकारों के अनुसार कश्यप और मौर्य समाज के मतदाता चुनावी समीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ऐसे में प्रभावशाली स्थानीय नेताओं के पाला बदलने का असर आगामी चुनाव में देखने को मिल सकता है।

केसी शाक्य के सपा में शामिल होने को सपा की ओर से क्षेत्र में संगठनात्मक मजबूती के प्रयास के तौर पर भी देखा जा रहा है। वहीं, भाजपा के सामने अब स्थानीय स्तर पर नाराज नेताओं और कार्यकर्ताओं को साधने के साथ ही अपने सामाजिक समीकरण को मजबूत रखने की चुनौती होगी। हालांकि, विधानसभा चुनाव में अभी समय है, इसलिए इस बदलाव का वास्तविक राजनीतिक असर चुनाव के दौरान ही स्पष्ट होगा।

## संक्षेप समाचार

### क्या बोले भाजपा नेता केसी शाक्य....

**बदायूं।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फोटो और तमाम दावों को लेकर जब जनमत एक्सप्रेस की केसी शाक्य से बात हुई तो उन्होंने बताया कि बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा जी के शहादत दिवस पर लखनऊ में समाज के प्रतिनिधियों के साथ श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमे पूरे प्रदेश से समाज के संभ्रांत जन व जनप्रतिनिधि बाबू जगदेव प्रसाद जी को श्रद्धांजलि देने एकत्रित हुए। उसी कार्यक्रम में मैं भी शामिल हुआ था। इसी दौरान अखिलेश यादव से मुलाकात हुई थी। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि मैंने समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर ली है।

### 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत, सुलह-समझौते से होगा वादों का निस्तारण

**बदायूं।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 सितंबर को सुबह 10 बजे जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में होगा। लोक अदालत को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी राजवीर सिंह और प्रभारी सचिव अंकित रस्तोगी ने प्रशासनिक, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और नगर निकायों के अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों को अधिक से अधिक वाद चिन्हित कर उनका निस्तारण कराने तथा प्री-लिटिगेशन विवादों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों से लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को भी कहा गया है।

### सीडीओ ने छात्र-छात्राओं को दिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने मंगलवार को शिव देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सिविल लाइंस में छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने यूपीएससी समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नियमित अध्ययन, लक्ष्य निर्धारित करने और समय का सदुपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने और गुरुजनों का सम्मान करने की अपील की। इसके बाद सीडीओ ने डायट परिसर में ऑडिटोरियम व अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, कोतवाली परिसर में 48 क्षमता वाले हॉस्टल/बैरक व विवेचना कक्ष तथा एआरटीओ कार्यालय में चल रहे मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। कोतवाली परिसर के अधूरे कार्यों को 15 दिन में पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान डीआईओएस लाल जी यादव, प्रधानाचार्य वेद रतन शर्मा सहित अधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।

# स्कूल सेफ्टी ऑडिट में परखी विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय




विद्यालय में जानकारी करती ऑडिट टीम। –जागरण मोर्चा

**विशेषज्ञों की टीम ने भवन की मजबूती, अग्निशमन, विद्युत वायरिंग और आपातकालीन निकास व्यवस्था का लिया जायजा**

**तीन विद्यालयों में हुआ सुरक्षा ऑडिट, प्रधानाध्यापकों को टीम को सही सूचना और जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश**

**बदायूं।** शासन के निर्देश पर छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले के विद्यालयों में चलाए जा रहे स्कूल सेफ्टी ऑडिट कार्यक्रम के तहत बुधवार को तीन विद्यालयों का व्यापक सुरक्षा निरीक्षण किया गया। तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने विद्यालय भवनों की भौतिक संरचना, अग्निशमन व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखा। निरीक्षण के दौरान संभावित जोखिम वाले स्थानों को भी चिह्नित किया गया।

नगर क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल सोथा में आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ षटवदन कुमार, फायर सेफ्टी विशेषज्ञ मोहम्मद तफज़ील और स्ट्रक्चरल इंजीनियर ज्ञानेंद्र सिंह ने विद्यालय परिसर का सघन निरीक्षण किया। टीम ने कक्षा-कक्षों की मजबूती, विद्युत वायरिंग, आपातकालीन निकास, अग्निशमन उपकरणों की स्थिति तथा आपदा की स्थिति में बचाव की तैयारियों की जानकारी ली।

इस दौरान डिस्ट्रिक्ट एमआईएस/आईटी विशेषज्ञ ईसार अली और डीपीएम अमर सिंह भी मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक मजहर अहमद समेत विद्यालय के समस्त स्टाफ ने टीम को आवश्यक दस्तावेज और सूचनाएं उपलब्ध कराते हुए सहयोग किया।

कार्यक्रम के तहत नगर क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कंपोजिट स्कूल रतनपुर (बिसौली) और कंपोजिट स्कूल गोठा (वजीरगंज) का भी सुरक्षा ऑडिट किया गया। टीम द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को भेजी जाएगी।

शासन की ओर से सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं कि सुरक्षा ऑडिट के दौरान टीम को विद्यालय से संबंधित सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं तथा निरीक्षण में आवश्यक सहयोग करें। ऑडिट का उद्देश्य विद्यालयों में मौजूद सुरक्षा खामियों की पहचान कर उन्हें दूर कर छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षित और बाल-सुलभ वातावरण सुनिश्चित करना है।

# विजडम बैडमिंटन टूर्नामेंट में शिवम-मयंक की जोड़ी ने जीती ट्रॉफी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** विजडम बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 का समापन रविवार को बेहद रोमांचक और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। स्थानीय इंडोर स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में 16 टीमों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन, आक्रामक स्मैश और लंबी रैलियों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 53 वर्षीय मन्नू जी ने अपनी फुर्ती और शानदार खेल का प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया। उनके जज्बे ने यह संदेश दिया कि खेल के मैदान में उम्र कभी बाधा नहीं बनती। इसके बाद सेमीफाइनल में शिवम और मयंक की जोड़ी का मुकाबला विषु गोयल व विभोर अग्रवाल से हुआ। तीन सेट तक चले कड़े और रोमांचक मुकाबले में शिवम-मयंक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में शिवम और मयंक के सामने दीपांशु वर्ष्णेय और अभिजीत की मजबूत जोड़ी थी। दोनों टीमों के बीच आक्रामक स्मैश, मजबूत डिफेंस और लंबी रैलियों ने मुकाबले को बेहद रोमांचक बना दिया। खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी, लेकिन अंत में बेहतर तालमेल और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शिवम-मयंक की जोड़ी ने बाजी मार ली। जीत के साथ उन्होंने टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि दीपांशु वर्ष्णेय और अभिजीत को उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

# अब तक फैजगंज बेहटा पुलिस की कार्यशैली पर उठते आए सवाल




यह है बिसौली सर्किल का थाना फैजगंज बेहटा। –जागरण मोर्चा

हर्षित मिश्रा, जागरण मोर्चा कार्यालय

- **निलंबन से लेकर थाने में हंगामे और संवेदनशील मामलों तक कई घटनाओं ने खींचा ध्यान**
- **नए थानाध्यक्ष के सामने भी बड़ी चुनौतियां, पुलिस कर्मियों पर भी लगाम लगाने की आवश्यकता**

**आसफपुर।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में पिछले कुछ समय में सामने आई कई घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। हालांकि पुलिस ने अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई आरोपितों को गिरफ्तार किया है, लेकिन कुछ मामलों में पुलिस की कार्रवाई के तरीके को लेकर विवाद भी सामने आए हैं।

फरवरी में फैजगंज बेहटा के तत्कालीन थानाध्यक्ष समेत चार पुलिसकर्मियों को संभल जिले के कैलादेवी थाना क्षेत्र में दबिश के मामले में निलंबित किया गया था। दबिश के दौरान एक व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने विभागीय कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कराई थी। इस घटना ने दूसरे जिले में कार्रवाई के दौरान निर्धारित प्रक्रिया के पालन को लेकर सवाल खड़े किए थे। अगस्त में फैजगंज कस्बे में जुए की सूचना पर पुलिस ने पांच लोगों को पकड़ा। कार्रवाई के बाद उन्हें छुड़ाने के लिए एक स्थानीय नेता थाने पहुंचा और विरोध किया।

मामला बढ़ने पर थाने में धरने जैसी स्थिति बन गई। इससे पुलिस कार्रवाई के साथ ही स्थानीय स्तर पर पुलिस और प्रभावशाली लोगों के बीच टकराव भी चर्चा में आया। राजा की सीकरी गांव में आंबेडकर प्रतिमा प्रकरण ने भी पुलिस की कार्यशैली को सवालों के घेरे में ला दिया। प्रतिमा क्षतिग्रस्त मिलने के बाद पुलिस की कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और बाद में पथराव की स्थिति बनी। पुलिस ने कई आरोपितों को गिरफ्तार किया। इन घटनाओं के बाद सवाल पुलिस की नीयत से अधिक कार्रवाई की प्रक्रिया और जवाबदेही को लेकर उठ रहे हैं। अपराध के खिलाफ सख्ती जरूरी है, लेकिन संवेदनशील मामलों में पारदर्शिता, नियमों का पालन और वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी भी उतनी ही जरूरी है। इससे पुलिस और जनता के बीच भरोसा मजबूत होगा।

# हादसे में मृतकों के परिजनों से मिले आबिद रजा, बंधाया ढांढस

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतकों के परिजनों को सांत्वना देते पूर्व मंत्री आबिद रजा। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** बागपत में एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में जान गंवाने वाले अल्लापुर चमारी, चेतू नगला और निजामपुर गांव के 13 लोगों के परिवारों से मिलने मंगलवार को पूर्व मंत्री आबिद रजा पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में हरसंभव साथ देने का भरोसा दिलाया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि हादसे में अपनों को खोने वाले परिवारों का दर्द बेहद दुखद है। इस कठिन समय में उनकी पूरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से हादसे में मृत प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 50-50 लाख रुपये और घायलों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की।

आबिद रजा ने एक्सप्रेसवे पर आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे पर पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस और तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। दुर्घटना के बाद घायलों को यदि समय से चिकित्सा सुविधा मिल जाती तो संभव है कि कई लोगों की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने सरकार से एक्सप्रेसवे पर बेहतर आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान विनोद यादव, शशांक यादव, हर्षित यादव, लालू यादव, राजवीर यादव, विजय यादव, अनिल यादव, बृजेंद्र सिंह यादव, मास्टर कल्याण यादव, मनीष यादव, देवेंद्र यादव, कृष्ण पाल यादव, शिवराज यादव और भगवान सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# बारिश में ड्यूटी आसान बनाने को पुलिसकर्मियों को बांटे छाते

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस कर्मियों को छाता वितरण करते इंस्पेक्टर सर्वेंद्र कुमार शर्मा। –जागरण मोर्चा

**बिसौली।** लगातार हो रही बारिश के बीच पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान होने वाली परेशानी से बचाने के लिए कोतवाली बिसौली के नवागत प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने अनूठी पहल की। मंगलवार शाम करीब छह बजे उन्होंने कोतवाली परिसर में पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर सभी दरोगाओं और जवानों को छाते वितरित किए।

पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में लगातार तेज बारिश हो रही है। ऐसे में पुलिसकर्मियों के लिए पैदल गश्त और क्षेत्र में ड्यूटी करना मुश्किल हो रहा था। प्रभारी निरीक्षक ने पुलिसकर्मियों को बारिश से बचाते हुए उनकी ड्यूटी सुचारु रखने के उद्देश्य से यह पहल की। छाते मिलने पर पुलिसकर्मियों के चेहरे पर खुशी नजर आई।

छाता वितरण के बाद प्रभारी निरीक्षक ने सभी जवानों को क्षेत्र में पैदल गश्त के लिए भी रवाना किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों से मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर क्राइम इंस्पेक्टर चमन सिंह, एसएसआई अजय शर्मा, दरोगा हितेश कुमार सिंह समेत कोतवाली का पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

**मुआयना** | रोडवेज बस और बाइक की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत का मामला

# डीएम-एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए सुरक्षा संबंधी निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



घटनास्थल का जायजा लेते डीएम अवनीश राय व एस एसपी अंकिता शर्मा।

**आसफपुर।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में बदायूं-चंदौसी मार्ग पर रोडवेज बस और बाइक की आमने-सामने हुई भिड़ंत में घायल तीन युवकों की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान तीनों ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक सात सितंबर को बदायूं-चंदौसी मार्ग पर रोडवेज बस और बाइक के बीच भीषण टक्कर हो गई थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

**घटनास्थल पर पहुंचे डीएम और एसएसपी :** हादसे की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को जिलाधिकारी अवनीश राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने संबंधित अधिकारियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने मौके की स्थिति का जायजा लेते हुए हादसे के संभावित कारणों की जानकारी ली। अधिकारियों ने संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश :** डीएम और एसएसपी ने मार्ग पर यातायात व्यवस्था तथा सड़क सुरक्षा को लेकर आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने दुर्घटना संभावित स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने पर जोर दिया। पुलिस ने हादसे से संबंधित सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।

# घर की लाइट ठीक करते समय करंट की चपेट में आया प्रवासी मजदूर, मौत

- **पांच बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, परिवार में मचा कोहराम**
- **परिजनों ने कानूनी कार्रवाई और पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार**

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक जीशान।



युवक की मौत के बाद घर पर लगी ग्रामीणों की भीड़। –जागरण मोर्चा

**आसफपुर।** फैजगंज कस्बे के वार्ड नंबर नौ में सोमवार देर रात घर की बिजली की लाइट ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से 32 वर्षीय प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन उसे आनन-फानन चंदौसी के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने कानूनी कार्रवाई और पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

वार्ड नंबर नौ निवासी जीशान सलमानी पुत्र श्याम तुल्ली सोमवार रात करीब 10 बजे घर में बिजली की लाइट ठीक कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से झुलसे जीशान को परिजन तत्काल चंदौसी के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जीशान छत्तीसगढ़ में रहकर मजदूरी करता था और इसी से परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के मुताबिक परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। उनके पास कृषि भूमि भी नहीं है। परिवार के सभी बेटे मेहनत-मजदूरी कर घर का खर्च चलाते हैं। जीशान सात भाइयों में तीसरे नंबर का था। करीब 15 वर्ष पहले जीशान का निकाह समीना (30) से हुआ था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा पांच बच्चे हैं। इनमें बेटा फैजान (12), बेटियां सिप्पो (9) और सिपा (6), बेटा अयान (4) और 10 माह का सुफियान शामिल हैं। पिता की मौत के बाद पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पांच मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठने से परिवार के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। परिजनों ने बताया कि वे मामले में किसी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते हैं। उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से भी इनकार कर दिया। इसके बाद शव को अस्पताल से घर ले आए। हादसे की जानकारी मिलने के बाद मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।

## एक नजर



### अंशुमान मैसी बने प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य

**शाहजहांपुर।** अधिवक्ता अंशुमान कुमार मैसी को उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनाया गया है। आयोग के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मोहसिन रजा को सौंपी गई है। अंशुमान कुमार मैसी स्वर्गीय डॉ. आशीष कुमार मैसी के सुपुत्र हैं। खास बात यह है कि उनके पिता भी उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रह चुके हैं। अंशुमान की नियुक्ति की जानकारी मिलते ही भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

# गर्रा-खन्नौत के बढ़ते जलस्तर से प्रशासन अलर्ट

## जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंहने किया संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** गर्रा और खन्नौत नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। सोमवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने गर्रा नदी समेत संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बाढ़ बचाव कार्यों और तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने ककरा पुल, डैम रोड, एनिमल बर्थ सेंटर, हनुमत धाम समेत अन्य संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सिंचाई और लोक निर्माण विभाग की ओर से कराए गए बाढ़ बचाव एवं सुरक्षात्मक कार्यों की स्थिति देखी। अधिकारियों से नदी के जलस्तर, बहाव और संभावित प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि सात सितंबर को



बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का मुआयना करते जिलाधिकारी। -जागरण मोर्चा

दियूनी बैराज से गर्रा नदी में करीब 22 हजार क्यूसेक पानी पास हुआ है। इसके अगले 72 घंटे में जिले के संबंधित क्षेत्रों तक पहुंचने की संभावना है। वर्तमान में गर्रा नदी खतरे के निशान से 1.05 मीटर नीचे और खन्नौत नदी 40 सेंटीमीटर नीचे बह रही है। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह से खन्नौत के जलस्तर में कमी आने की संभावना है। रामगंगा नदी खतरे के निशान से 19 सेंटीमीटर ऊपर है, जबकि गंगा नदी खतरे के निशान से 25 सेंटीमीटर नीचे है। डीएम ने नगरीय, तटीय और डूब क्षेत्र में रहने वाले लोगों को जलस्तर बढ़ने की जानकारी समय से देने के निर्देश दिए। तहसीलों में राजस्व, पुलिस, सिंचाई, नगर निकाय समेत संबंधित विभागों की टीमें पूरी तरह सतर्क रखने को कहा। संवेदनशील क्षेत्रों में जलस्तर की लगातार निगरानी और जरूरत पड़ने पर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की पूर्व तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ बचाव और पूर्व में कराए गए सुरक्षात्मक कार्यों की भी लगातार निगरानी की जाए। प्रशासन की प्राथमिकता संभावित जलभराव या बाढ़ की स्थिति में जन-धन की सुरक्षा और प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराना है। डीएम ने जिलेवासियों से अपील की कि नदी का जलस्तर बढ़ने को देखते हुए सावधानी बरतें। नदी के बहाव क्षेत्र, किनारों, घाटों और पुलों के निचले हिस्सों में स्नान या पशुओं को नहलाने के लिए न जाएं। अफवाहों और अपुष्ट सूचनाओं पर ध्यान न दें और केवल जिला प्रशासन की आधिकारिक सूचनाओं पर विश्वास करें। आपात स्थिति, जलभराव या बाढ़ संबंधी सूचना एवं सहायता के लिए जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। 05842-462754, 05842-351037, 05842-35108 निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, एसडीएम सदर, तहसीलदार सदर, सिंचाई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा राजस्व विभाग की टीमें मौजूद रहीं।

# नवनियुक्त डायट प्राचार्य व वरिष्ठ प्रवक्ता का शिक्षक संघ ने किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पहुंचकर नवनियुक्त प्राचार्य आशीष चौहान एवं वरिष्ठ प्रवक्ता मनोज बोस का स्वागत किया। पदाधिकारियों ने दोनों अधिकारियों को फूलमाला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्र के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने जनपद की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। डायट प्राचार्य आशीष चौहान ने कहा कि सभी का लक्ष्य परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को रुचिपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर निपुण लक्ष्य हासिल करना है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता



डाइट प्राचार्य और वरिष्ठ प्रवक्ता का स्वागत करते शिक्षक नेता। -जागरण मोर्चा

विद्यालयों में स्वच्छ, सुंदर और बेहतर शैक्षिक वातावरण के साथ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शिक्षक और अधिकारी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें, तभी शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार संभव है। जिला मंत्री देवेश बाजपेई ने कहा कि शिक्षक संघ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शिक्षक हितों के लिए भी निरंतर कार्य करता रहेगा। विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर जनपद की शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, डॉ. विनय गुप्ता, अनुज सिंह, नफीस खां, प्रदीप सिंह, रामशंकर यादव, देवेन्द्र सिंह, विजयकांत शर्मा, सौरभ अवस्थी, मुजाहिद खां, नवनीत त्रिपाठी, सुरेन्द्र कुमार, काशीनाथ शुक्ला समेत शिक्षक संघ के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मिलावटी खाद्य तेल बन रहा सेहत का दुश्मन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**जलालाबाद शाहजहांपुर।** खाद्य पदार्थों में मिलावट का काला कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। सबसे डरावनी स्थिति रसोई के सबसे अहम हिस्से 'सरसों के तेल' की है। जिले में बिना किसी फैक्ट्री, ऑयल मिल या पेराई मशीनों के ही सरसों तेल का अवैध कारोबार धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मिलावटखोरों का गिरोह बाहरी राज्यों या गुपचुप ठिकानों से ड्रमों में घटिया व रसायनों से तैयार मिलावटी तेल मंगवाता है। इसके बाद बिना किसी मानक के, शहर की तंग गलियों और अवैध गोदामों में इस तेल की 1 लीटर और 2 लीटर के डिब्बों में पैकिंग की जाती है।और इसको कस्बा और गांव में बेंच दिया जाता है।

**खाद्य मानकों का खुला उल्लंघन :** इस पूरे खेल का सबसे



मानक विहीन खुला खाद्य तेल बना चुनौती। -जागरण मोर्चा

चिंताजनक पहलू यह है कि बाजार में बेचे जा रहे इन डिब्बों पर न तो मैन्युफैक्चरिंग डेट दर्ज होती है और न ही एक्सपायरी डेट खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत किसी भी खाद्य सामग्री के पैकेट पर ये जानकारियां दर्ज होना कानूनी रूप से अनिवार्य है, ताकि उपभोक्ता को पता रहे कि वह जो सामान खरीद रहा है, वह कितना सुरक्षित है।

**खाद्य विभाग पर सवालिया निशान :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (FSDA) के संज्ञान में होने के बावजूद ऐसे अवैध रीपैकिंग सेंटरों पर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है। बिना किसी लाइसेंस और बिना निर्माण इकाई के इतने बड़े पैमाने पर तेल की पैकिंग होकर बाजार में सप्लाई हो जाना खाद्य विभाग की गश्त और निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

**जानलेवा है मिलावटी मानक विहीन तेल :** स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि बिना मानकों वाले इस रिपैक्ड तेल में अर्जिमोन ऑयल, मिनरल ऑयल या सिंथेटिक रंगों की मिलावट हो सकती है। लंबे समय तक इसका सेवन करने से पेट की बीमारियां, लिवर को नुकसान और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा रहता है।

**बचाव के लिए टिप्स : बिना लेबल वाले डिब्बे न खरीदें :** जिन डिब्बों पर FSSAI लाइसेंस नंबर, बैच नंबर, मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट न हो, उन्हें भूलकर भी न खरीदें।

**सस्ते के चक्कर में न पड़ें:** बाजार दर से अत्यधिक सस्ते मिल रहे खुले या लोकल पैक्ड तेल से परहेज करें। शिकायत दर्ज कराएं यदि आपके क्षेत्र में बिना लाइसेंस ऐसी पैकिंग का काम चल रहा है, तो तुरंत खाद्य विभाग या टोल-फ्री नंबर पर इसकी सूचना दें। खाद्य विभाग तुरंत ऐसे अवैध गोदामों और पैकिंग ठिकानों पर छापेमारी कर इस गिरोह का भंडाफोड़ करे, ताकि आम जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ रोका जा सके।

# छह लाख रुपये में तय हुई थी दवा कारोबारी की हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** दवा कारोबारी की हत्या के मामले में पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, साजिश की परतें खुलती जा रही हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपितों से पूछताछ में सामने आया है कि कारोबारी की हत्या के लिए करीब छह लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। पुलिस के अनुसार, हत्या की साजिश करीब 15 से 20 दिन पहले रची गई थी। आरोपितों को घर और सोसाइटी में प्रवेश कराने में कारोबारी की बहू की भूमिका सामने आई है। पुलिस अब उसकी भूमिका की भी गहनता से जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपितों में शामिल विशाल गौतम कारोबारी की दुकान पर करीब 12-13 वर्षों तक काम कर चुका है। लंबे समय तक साथ काम करने के कारण उसका कारोबारी के परिवार से पुराना परिचय था। वह घरेलू काम के सिलसिले में भी घर आता-जाता था। इसी परिचय का फायदा उठाकर उसके लिए घर में प्रवेश करना आसान हुआ। पूछताछ में घर में लगे कैमरों का मामला भी सामने आया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कारोबारी की बहू घर में लगे कैमरों को लेकर असहज थी। व्यक्तिगत स्वतंत्रता प्रभावित होने की यह बात हत्या की साजिश के पीछे एक कारण बताई जा रही है। हालांकि पुलिस इस बिंदु समेत हत्या से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ और अब तक सामने आए तथ्यों के आधार पर कारोबारी की बहू की भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप समाचार

### तिलहर में चोरी की घटनाओं से नागरिकों में बढ़ी असुरक्षा की भावना

**तिलहर।** नगर में बीते एक पखवाड़े सेचोरी की घटनाएं लगातार बढ़ने से नागरिकों में असुरक्षा की भावना घर करती जा रही है पुलिस पिकेट तैनात रहने वाले स्थानों के अतिरिक्त विरियागंज पुलिस चौकी के निकट तथा मुख्य मार्गो और स्थान के आसपास चोरी की घटनाक्रमहोने से स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगता रहा है ।बीते कई माह से आर्य मिष्ठान भंडार के निकट चबेना मंडी से एक के बाद एक लगातार तीन बाइक चोरों ने दिनदहाड़े उड़ा दी ।गली बिरियागंज से सरेशाम एक हलवाई की बाइक गायब कर दी जिसका आज तक पता नहीं चला ।सिलसिलेवार हो रही चोरियों से पुलिस की गश्त और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में नगर के मोहल्ला केलरगंज स्थित किसान कार्यालय से चोरों ने लोहे की खिडकी ही उखाड़ ली ।इसी दौरान राजनपुर रोड़ पर एक आटा चक्की दुकान से करीब 50 हजार रुपये की नकदी समेत सामान चोरी हो गया था। दोनों ही मामलों में सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद भी पुलिस कोई सुराग तक नहीं लगा सकी। पुलिस फकत दोनों मामलों में जांच और संदिग्धों की तलाश का रटा रटाया जुमला पढ रही है। कटरा थाना क्षेत्र के गांव सिउरा निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि बीती तीन सितंबर की देर करीब सात बजे केलरगंज स्थित किसान कार्यालय की गली की ओर लगी लोहे की खिड़की को चोर लोग दीवार से निकालकर चोरी उखाड़ ले गए। कार्यालय के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्धों के दिखाई देने के बाद पुलिस ने फुटेज खंगालकर उनकी तलाश शुरू की ।लेकिन पांच दिन बाद भी हाथ खाली हैं ! वहीं मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख कविता यादव के पति वरूण यादव उर्फ रसूली ने अपने निजी लोगों को लगाकर दोबारा चोरी करने पहुँचे युवको को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया ।तब कहीं जाकर पुलिस हरक़त में आयी और पूंछताछ के बाद पुलिस ने नगर के एक मोहल्ला स्थित किराना दुकानदार के यहां से लोहे की खिड़की चक्की का पाट बरामद किया लेकिन चोरी गयी नगदी के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं हो सकी ।उधर नगरीय मोड़ चौकी क्षेत्र से लाखों रुपये की तीन दुधारू भैंस चोरी का भी पुलिस सुराग नहीं लगा सकी है। कुल मिलाकर ताबड़तोड़ हो रही चोरियों पर अंकुश न लग पाने से लोगों में खौफ व्याप्त है और पुलिस से भरोसा उठता जा रहा है।

### रस्तोगी धर्मशाला में भगवान श्री कृष्ण की छठी आज

**तिलहर शाहजहांपुर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बाद प्रतिवर्ष की बात इस वर्ष भी भगवान श्री कृष्ण की छठी का कार्यक्रम रस्तोगी धर्मशाला में बुधवार को धूमधाम से मनाया जाएगा ।उक्त जानकारी देते हुएप्रबंधकअशोक रस्तोगी ने बतायाकी दिन में छठी कार्यक्रम के दौरान भजन कीर्तन सत्संग आदि का आयोजन किया जाएगा और शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जो की देर रात तक चलेगा।

### डीएम तक पहुंची दृष्टिहीन मासूम की फरियाद, सुरक्षित छत की व्यवस्था का मिला भरोसा

**शाहजहांपुर।** मंदिर के बाहर पन्नी डालकर जिंदगी गुजार रहे नौ वर्षीय जन्म से दृष्टिहीन चंदन सिंह और उसके बुजुर्ग पिता की पीड़ा की जानकारी 24 अगस्त को मीडिया कर्मियों को हुई थी। जानकारी मिलते ही पत्रकारों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मासूम की मदद के लिए लगातार प्रयास शुरू कर दिए। करीब दो घंटे के भीतर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से चंदन के लिए कपड़े, भोजन, फल और जरूरत का सामान उपलब्ध कराया गया। इसके बाद भी पत्रकारों का प्रयास सिर्फ तत्काल मदद तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मासूम और उसके पिता को स्थायी रूप से सुरक्षित छत उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जाते रहे ।सोमवार को पत्रकार प्रभाकर मिश्रा और रोचक अग्निहोत्री ने चंदन और उसके पिता को बुलाकर जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह से उनकी मुलाकात कराई। पत्रकारों ने जिलाधिकारी को मासूम और उसके पिता की पूरी समस्या से अवगत कराया। उनकी दयनीय स्थिति और रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं होने की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी ने मदद का भरोसा दिलाया।

# एसडीएम पर अभद्रता का आरोप अधिवक्ताओं ने दिया धरना

**अधिवक्ताओं के आक्रोश के बीच चौक कोतवाली पहुंचे एसडीएम, पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** समस्याओं को लेकर एसडीएम सदर कार्यालय पहुंचे अधिवक्ताओं ने एसडीएम पर अभद्र व्यवहार करने और उन्हें कार्यालय से बाहर जाने के लिए कहने का आरोप लगाया। इससे आक्रोशित अधिवक्ताओं ने कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। अधिवक्ताओं के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए एसडीएम अतुल कुमार चौक कोतवाली पहुंचकर वहां बैठ गए।



एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी करतेअधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

मामले की जानकारी होने पर सीओ समेत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। अधिवक्ता रज्जन बाबू मिश्रा ने बताया कि अधिवक्ता अपनी समस्याओं को लेकर एसडीएम से मिलने पहुंचे थे। आरोप है कि इस दौरान एसडीएम ने अधिवक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें कार्यालय से चले जाने को कहा। इस व्यवहार से अधिवक्ता आहत हैं और उनमें रोष है। अधिवक्ताओं की मांग है कि एसडीएम अपने व्यवहार के लिए माफी मांगें और भविष्य में अधिवक्ताओं के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं होने का आश्वासन दें। फिलहाल अधिवक्ताओं का धरना जारी है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले को शांत कराने के प्रयास में जुटे हैं।

# जलभराव का नगर आयुक्त ने लिया जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त सोम्या गुरुरानी ने सोमवार सुबह नगर क्षेत्र का भ्रमण कर जलभराव, सड़क पर बने गड्ढों, गिरे पेड़ों, लीकेज और सीवर संबंधी समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चिन्हित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कचहरी पुल के पास पीडब्ल्यूडी क्षेत्र में सड़क पर बने गड्ढों का निरीक्षण किया। इसके अलावा जजी परिसर के अंदर और बाहर जलभराव की स्थिति देखी। हथौड़ा चौराहा, पनिया मस्जिद के पहले मुख्य मार्ग और नए पुल पर सड़क की खराब स्थिति का भी जायजा लिया। हनुमत धाम मशीनरी मार्केट चौराहे पर सड़क के बीच धंसे सीवर चैंबर को भी



जलभराव का जायजा लेतीं नगर आयुक्त। -जागरण मोर्चा

नगर आयुक्त ने देखा। उन्होंने सड़क के गड्ढों को भरने के लिए मुख्य अभियंता को निर्देशित किया। मार्ग में गिरे पेड़ों को तत्काल हटाने के लिए वर्कशॉप प्रभारी को निर्देश दिए गए। जलभराव और साफ-सफाई की समस्या को लेकर नगर स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वहीं, लीकेज और सीवर लाइन से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए महाप्रबंधक जल को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि चिन्हित सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। जल निकासी, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के साथ आमजन को तत्काल राहत उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए

**विश्व फिजियोथैरेपी दिवस** | मैराथन का आयोजन बना जागरूकता का माध्यम

# निशुल्क कैंप लगाकर फिजियोथैरेपी का महत्व बताया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर मंगलवार को प्रकाश हेल्थ केयर सेंटर पर निशुल्क फिजियोथैरेपी कैंप का आयोजन किया गया। इसमें कई मरीजों का निशुल्क उपचार कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही फिजियोथैरेपी एसोसिएशन की ओर से शहीद पार्क से आर्य महिला डिग्री कॉलेज तक मैराथन वॉक निकाली गई। डॉ. अमित सिंह ने बताया कि विश्व फिजियोथैरेपी दिवस हर वर्ष आठ सितंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को फिजियोथैरेपी के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली



निशुल्क शिविर में फिजियोथैरेपी प्रदान करते विशेषज्ञ। -जागरण मोर्चा

के लिए प्रेरित करना है। डॉ. नमिता सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए शरीर का गतिशील रहना बेहद जरूरी है। शरीर की मूवमेंट प्रभावित होने पर व्यक्ति की दिनचर्या और जीवन की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। फिजियोथैरेपी के माध्यम से शरीर के विभिन्न अंगों की गतिशीलता को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि प्लास्टर के बाद होने वाली परेशानी, बढ़ती उम्र में होने वाली समस्याएं, चोट के कारण आई दिक्कतें और कार्टिलेज घिसने जैसी समस्याओं में फिजियोथैरेपी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। फिजियोथैरेपिस्ट मरीज को उसकी समस्या के अनुसार शारीरिक सक्रियता और मूवमेंट बेहतर करने में मदद करता है। कैंप में मरीजों को निशुल्क उपचार और आवश्यक परामर्श दिया गया। वहीं मैराथन वॉक के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि स्वस्थ रहने के लिए शरीर को हमेशा गतिशील रखें और प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य के लिए कुछ समय जरूर निकालें।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित डा. अरुण मिले डीएम मिले

## जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने शिक्षक को दी बधाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय धन्योरा के सहायक अध्यापक डॉ. अरुण कुमार गुप्ता सोमवार को अपने परिवार के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह से भेंट की। जिलाधिकारी ने डॉ. गुप्ता को राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन करने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी।जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने डॉ. अरुण कुमार गुप्ता की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि "जिले का नाम रोशन करने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।" उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक पूरे समाज के लिए प्रेरणा



डीएम से मुलाकात के दौरान डॉक्टर अरुण गुप्ता। -जागरण मोर्चा

का स्रोत होते हैं।गौरतलब है कि शिक्षक दिवस के अवसर पर गोरखपुर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा डॉ. अरुण कुमार गुप्ता को प्रतिष्ठित राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

उन्हें यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में पिछले करीब 20 वर्षों से किए जा रहे नवाचारों, समर्पण और उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए मिला।डॉ. गुप्ता ने शिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए कई अभिनव प्रयोग किए हैं। बच्चों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की जानकारी देने के लिए सांप-सीढ़ी जैसे खेल का प्रयोग, पजल आधारित विज्ञान शिक्षण सामग्री (टीएलएम), 'घर-घर पुस्तकालय' अभियान, कोरोना काल में मोहल्ला कक्षाएं और विशेष नवाचारी वर्कशीट जैसी पहल उनकी कार्यशैली का हिस्सा रही हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर के निपुण भारत मिशन को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने में भी उनके योगदान की सराहना की गई है। राज्य अध्यापक पुरस्कार की राशि में से 25 प्रतिशत हिस्सा आपदा प्रभावित बच्चों की शैक्षिक सामग्री के लिए दान करने की घोषणा कर डॉ. गुप्ता ने अपने सम्मान को सामाजिक सरोकार से भी जोड़ दिया है। उनकी इस उपलब्धि और पहल से जिले के शिक्षक समाज में खुशी का माहौल है

**एक नजर**

### 11 सितंबर को सद्भावना एक्सप्रेस से बनारस पहुंचेंगे किसान

**चंदौसी।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के पदाधिकारियों ने स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर किसानों और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि संगठन के किसान 11 सितंबर को सद्भावना एक्सप्रेस से यात्रा कर वाराणसी में आयोजित चिंतन शिविर में शामिल होंगे। इसके बाद 13 सितंबर को इसी ट्रेन से चंदौसी वापस लौटेंगे। पदाधिकारियों ने कहा कि यात्रा के दौरान किसानों और अन्य यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया। ज्ञापन देने वालों में संगठन के जिला अध्यक्ष देव पाल यादव और शिवकुमार यादव शामिल रहे।

# एबीवीपी का महाविद्यालय में धरना प्रदर्शन

## कार्यवाहक प्राचार्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी की हुई नोकझोंक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एनकेबीएमजी कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्य को महाविद्यालय में एनसीसी प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक व्यवस्था, छात्राओं की समस्याओं एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि एनसीसी प्रवेश प्रक्रिया एनसीसी की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उसे स्थगित कर पुनः प्रवेश परीक्षा किस आधार पर एवं किन नियमों / निर्देशों के अंतर्गत कराई जा रही है? इसकी स्पष्ट जानकारी छात्राओं को दी जाए महाविद्यालय में वर्तमान में कुल कितने पाठ्यक्रम संचालित हैं तथा प्रत्येक पाठ्यक्रम में कितने स्थायी, अस्थायी, अतिथि अथवा संविदा शिक्षक कार्यरत हैं? इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। म्यूजिक, भौतिक विज्ञान एवं गणित जैसे विषयों में शिक्षकों की उपलब्धता से संबंधित शिकायतें सामने आई हैं। ऐसे विषयों का पाठ्यक्रम किस प्रकार पूर्ण कराया जा रहा है? विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए क्या व्यवस्था की गई है? महाविद्यालय के परिसर के रख-रखाव, फर्नीचर, बिजली, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं पर प्रत्येक वर्ष कितना व्यय किया जाता है? यदि इन मदों में नियमित व्यय किया जाता है, तो सुविधाएं प्रभावी एवं सुचारु रूप से उपलब्ध क्यों नहीं हैं? इस संबंध में पारदर्शी जानकारी दी जाए। छात्राओं से कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। यदि ऐसी कोई प्रक्रिया महाविद्यालय के नियमों के अंतर्गत है, तो उसका लिखित आदेश/ नियम स्पष्ट किया जाए। अन्यथा छात्राओं को इस प्रकार हस्ताक्षर करने के लिए बाध्य न किया जाए। एनसीसी की छात्राओं को महाविद्यालय के सांस्कृतिक एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने से क्यों रोका जाता है? यदि इस संबंध में कोई नियम अथवा आदेश है, तो उसकी प्रति उपलब्ध कराई जाए।



चंदौसी के एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज मे प्रदर्शन करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी व छात्राएं। -जागरण मोर्चा

### एनसीसी कैंप हेतु आवश्यक हस्ताक्षर

एनसीसी छात्राओं के कैंप में जाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों पर प्राचार्य के हस्ताक्षर किए जाने में अनावश्यक विलंब अथवा असमंजस की स्थिति क्यों उत्पन्न की जाती है? छात्राओं को कैंप एवं एनसीसी गतिविधियों में किसी प्रकार की प्रशासनिक बाधा न हो, इसके लिए स्पष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् मांग करती है कि उपरोक्त सभी बिंदुओं पर समुचित जांच कराकर तथ्यात्मक एवं लिखित स्पष्टीकरण छात्राओं एवं परिषद् के प्रतिनिधिमंडल को उपलब्ध कराया जाए तथा छात्रहित में आवश्यक सुधार तत्काल सुनिश्चित किए जाएं। मंगलवार की सुबह 11 बजे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी कॉलेज पहुंच गए और कार्यवाहक प्राचार्य को ज्ञापन सोपने के बाद धरने पर बैठ गए इसके बाद कार्यवाहक प्राचार्य और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी के बीच नोक झोंक भी हुई सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बुला ली गई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी दोपहर 2 बजे धरने से उठ गए इसके बाद महाविद्यालय का माहौल शांत हो सका इस मौके पर दिवाकर बावरा, पीयूष बिडौलिया, अखिलेश श्रीवास्तव, निधरिका दिलेर, नैंसी, तान्या वार्ष्णेय, कंचन, अंशु, कृष्णा गोयल, मनसाफ, आदि परिषद के पदाधिकारी व छात्राएं मौजूद रहे।

### गणेश उत्सव पर आठवें दिन भी महामंत्र का जाप

**चंदौसी।** गणेश चतुर्थी उत्सव के अवसर पर आयोजित 14 दिवसीय प्रातः संकीर्तन मंगलवार को आठवें दिन भी श्रद्धा और भक्ति के साथ जारी रहा। कीर्तन का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने 'हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे' महामंत्र का जाप किया। कीर्तन समिति के अध्यक्ष हरद्वारी लाल मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गणेश मेले के उद्घाटन से करीब 15 दिन पूर्व मंदिर में प्रातः संकीर्तन शुरू किया जाता है। इसका उद्देश्य भगवान गणेश को प्रसन्न कर मेले का निर्विघ्न एवं सफल आयोजन कराना है। उन्होंने बताया कि संकीर्तन के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव से भगवान गणेश का स्मरण करते हैं। मंगलवार को आयोजित कीर्तन में मनोज कुमार गुप्ता, भूदेव शंखधार, सतीश किराना, सुशील छोटू, उमेश पप्पू, नन्हे ढोलक वादक और जयशंकर द्विवेदी सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बनियाखेड़ा में 1.46 करोड़ के 19 विकास कार्य स्वीकृत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** क्षेत्र पंचायत बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए 19 विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों पर लगभग 1 करोड़ 45 लाख 63 हजार रुपए की धनराशि व्यय होगी।

स्वीकृत कार्यों में प्रमुख रूप से सीसी टाइल्स से ग्रामीण मार्गों का निर्माण, नालियों एवं आरसीसी नालों का निर्माण, तालाबों तक जल निकासी की व्यवस्था तथा शीतल जल प्याऊ का निर्माण शामिल है। इसके अतिरिक्त बनियाखेड़ा में प्रेरणा कैंटीन का भी निर्माण कराया जाएगा। कार्य बनियाखेड़ा, वीरसावरकर नगर, पथरा, मौलागढ़, देवरखेड़ा, रसूलपुरकैली, शहबाजपुर, सैजनी, मौ. नगर कस्बा, रुस्तमगढ़ उगिया, रहोली, कुंवरपुर, मानकपुर नरौली, जयरोई हयातनगर एवं भगतपुर पहेली सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में कराए जाएंगे। इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन, जल निकासी एवं पेयजल सुविधाओं में सुधार होगा तथा आमजन को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी कार्य वित्तीय नियमों एवं निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराए जाएं तथा निर्माण कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

# यूजीसी की नीतियों को लेकर देश भर में चिंता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के पदाधिकारी ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सोपा ज्ञापन में कहा गया है कि राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा किसी भी वर्ग के अधिकारों का विरोध नहीं करता, बल्कि हमारा संगठन सबके लिए समान अधिकार और सबके साथ न्याय की संवैधानिक भावना के साथ कार्य करता है। हमारा उद्देश्य समाज के किसी वर्ग के अधिकारों को कम करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि देश के प्रत्येक नागरिक के साथ समानता एवं न्यायपूर्ण व्यवहार हो। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के माध्यम से देश के करोड़ों विद्यार्थियों, युवाओं एवं नागरिकों की भावनाओं तथा उनके संवैधानिक अधिकारों से जुड़े एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय को आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, सम्मान, न्याय एवं समान अवसर प्रदान करने की गारंटी देता है। हमारा स्पष्ट मानना है कि देश की शिक्षा व्यवस्था में लागू होने वाली प्रत्येक नीति का आधार समानता, निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं न्याय होना चाहिए। किसी भी प्रकार की ऐसी व्यवस्था, नीति अथवा नियम जिससे किसी वर्ग, विद्यार्थी या नागरिक में भेदभाव, असमानता अथवा अधिकारों के हनन की आशंका उत्पन्न होती हो, उसकी निष्पक्ष एवं व्यापक समीक्षा आवश्यक है। वर्तमान समय में यूजीसी से संबंधित कुछ नीतियों एवं प्रावधानों को लेकर देशभर के विद्यार्थियों एवं नागरिकों में गंभीर चिंता और असंतोष व्याप्त है। संगठन का मानना है कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार का विभाजन, भेदभाव अथवा असमान व्यवहार देश की एकता, सामाजिक समरसता और विद्यार्थियों के भविष्य के लिए उचित नहीं है। भारत की शक्ति उसकी विविधता, एकता एवं सामाजिक समरसता में निहित है। इसलिए शिक्षा और रोजगार से जुड़ी ऐसी नीतियां बनाई जानी चाहिए जो समाज को जोड़ने का कार्य करें और किसी भी वर्ग में उपेक्षा अथवा असमानता की भावना उत्पन्न न होने दें। यूजीसी की विवादित नीतियों को तत्काल रोकने, उनकी निष्पक्ष समीक्षा कराने, राष्ट्रीय सामान्य वर्ग आयोग के गठन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा देश के प्रत्येक नागरिक एवं विद्यार्थी के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा को भारत सरकार को आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देश दिए जाएं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष आशीष तुफानी, सोनू, आर्यन, रोहित, प्रियांशु, अमन शर्मा, राम मोहन, सचिन शर्मा आदि रहे।



चंदौसी मे एसडीएम को ज्ञापन सौंपते राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के पदाधिकारी।

# पीड़ित का पुलिस-डॉक्टर पर साठगांठ का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव देवरखेड़ा निवासी संजीव कुमार ने पत्नी की प्रसव के बाद हुई मौत के मामले में पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। संजीव के अनुसार 23 जनवरी को उन्होंने गर्भवती पत्नी गुड़िया की बहजोई रोड स्थित निजी अस्पताल में डिलीवरी कराई थी। ऑपरेशन से गुड़िया ने दो बच्चों को जन्म दिया। आरोप है कि डॉक्टर और स्टाफ की लापरवाही से उसकी हालत बिगड़ गई। शिकायत करने पर उनके साथ अभद्रता, गाली-गलौज और धमकी दी गई।

गंभीर हालत में गुड़िया को मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन सही तरीके से न होने और अंदर गंभीर संक्रमण होने की बात बताई। उपचार के दौरान 10 फरवरी की रात उसकी मौत हो गई। संजीव ने संबंधित थाने में शिकायत की थी, जिसके बाद डॉक्टरों की कमेटी गठित की गई। सात मार्च को मिली रिपोर्ट में कथित चिकित्सकीय लापरवाही की पुष्टि होने का दावा किया गया है।

संजीव का आरोप है कि विवेचना में उचित कार्रवाई नहीं हो रही और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को एसपी से पुनः जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की।

# मांग पूरी न होने पर विरोध-प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर आगामी 11 सितंबर की एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल के समर्थन में मंगलवार को भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बैज पहनकर विरोध दर्ज कराया।

यह विरोध प्रदर्शन पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने में हो रही देरी तथा एसबीआई मुख्य शाखा में पीएलआई के संबंध में कथित भेदभाव के विरोध में किया गया। इस दौरान शाखा के सभी अधिकारियों एवं स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। कर्मचारियों ने कहा कि पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांग है, जिसके क्रियान्वयन में हो रही देरी से कर्मचारियों में रोष है। साथ ही पीएलआई संबंधी भेदभाव को समाप्त कर कर्मचारियों के साथ समान एवं न्यायपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करने की मांग की गई। बैज पहनकर कर्मचारियों ने 11 सितंबर की हड़ताल को सफल बनाने तथा बैंकिंग कर्मचारियों की एकजुटता और सामूहिक शक्ति को प्रदर्शित करने का संदेश दिया। कर्मचारियों ने कहा कि आगामी आंदोलन में सभी कर्मचारी पूरी एकजुटता के साथ भागीदारी करेंगे। शिवानी अग्रवाल, गिरींद्र अग्रवाल, देवेंद्र कुमार, अभिषेक यादव, नीरज गुप्ता, विपिन कुमार, दिनेश पाल सिंह, राहुल सक्सेना, रजत, मेघा सिंह, राशि, अनुभूति, श्वेता, नेहा वर्मा, योग्यता, उदय पल, हेमेंद्र मिश्रा, असलम बेग, राकेश कुमार आदि मौजूद है।



चंदौसी एसबीआई में विरोध प्रदर्शन करतें बैंक कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

# टेंपो-डंपर टक्कर: उपचार के दौरान एक और घायल युवक की हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ हादसे में मरने वालों की संख्या हुई 7

**चंदौसी।** बहजोई थाना क्षेत्र के गांव बमनेटा के पास आगरा मुरादाबाद हाईवे पर रविवार को हुए सड़क हादसे में उपचार के दौरान एक और युवक की मौत हो गई घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

बीते रविवार की सुबह बहजोई बहजोई थाना क्षेत्र के गांव बमनेटा के पास आगरा मुरादाबाद हाईवे पर टेंपो और कैंटर की टक्कर हो गई थी उसे समय हादसे में दो बच्चों सहित 6 लोगों की मौत हुई थी जबकि कई लोग घायल भी हुए थे। मंगलवार की दोपहर 12 बजे थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव नेहटा निवासी ब्रजकिशोर 33 वर्ष पुत्र करन सिंह को मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे तीन बेटियों और एक बेटे को छोड़ गया। बताते हैं कि मृतक की पत्नी की मौत 4 साल पहले बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। अब बच्चों के ऊपर से मां-बाप का साया उठने से दादी दादी पर उनकी जिम्मेदारी आ गई है। मंगलवार की शाम तक मृतक का शव गांव नहीं पहुंचा गांव वालों ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चल रही है जहां तक है परिजनों द्वारा बुधवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# समय पर कनेक्शन नहीं लगाए जाने पर अधिकारियों से एक लाख वसूली

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ जिला उपभोक्ता आयोग ने सुनाया किसान के हित में फैसला

**चंदौसी।** ग्राम घासीपुर निवासी प्रेमपाल ने कृषि कार्य करने के लिए अपने खेत पर वर्ष 2018-19 में सामान्य योजना के अंतर्गत निजी नलकूप लगाने के लिए विद्युत विभाग में आवेदन किया जो कि माह दिसंबर 2018 में स्वीकृत हुआ स्वीकृत होने के उपरांत नियमानुसार धनराशि भी जमा की गई परन्तु विद्युत विभाग द्वारा टालमटोल किया जाता रहा जिसकी शिकायत प्रेमपाल द्वारा जिलाधिकारी से भी की गई तो विभाग द्वारा प्रेमपाल को बताया गया कि यदि चाहो तो तुम जमा योजना के अंतर्गत निजी नलकूप लगवा सकते हो या अपनी जमा धनराशि वापिस प्राप्त कर लो मजबूर होकर वह उपभोक्ता मामलों के अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय से मिला और सारी परेशानी बताई तो उसकी ओर से जिला उपभोक्ता आयोग सम्भल में परिवाद प्रस्तुत किया गया आयोग ने विद्युत विभाग को तलब किया तो विभाग ने आयोग को बताया कि जो लक्ष्य प्राप्त हुआ था उसमें वादी का भी नाम सम्मिलित है परन्तु वादी के नाम एक निजी नलकूप सामान्य योजना में पूर्व से ही संचालित किया जा रहा है जिस कारण दूसरा कनेक्शन नहीं दिया जा सकता है जिस पर वादी के अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय ने विरोध किया और कहा कि ऐसा कोई भी नियम विद्युत सहिता में नहीं है कि यदि किसी एक व्यक्ति के नाम कोई निजी नलकूप पहले से हो तो दूसरा कनेक्शन नहीं दिया जा सकता आयोग ने दोनों पक्षों की बहस सुनी और अपना आदेश देते हुए कहा कि परिवाद स्वीकार किया जाता है विपक्षीगण को आदेशित किया जाता है कि वह परिवादी की भूमि पर निजी नलकूप 7.5 हॉर्सपावर सामान्य योजना के अंतर्गत अन्दर दो माह स्थापित करके विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। इसके अलावा विपक्षीगण परिवादी को मुबलिग 25000 रुपए मानसिक कष्ट एवं आर्थिक हानि की मद में तथा 5000 रुपए वाद व्यय के मद में भी अदा करेंगे। नियत अवधि में आदेश का अनुपालन न किये जाने की दशा में क्षतिपूर्ति की धनराशि एक लाख रुपए परिवाद संस्थान की तिथि से 9% वार्षिक ब्याज सहित देय होगी तथा धनराशि संबंधित अधिशासी अभियंता, उप खण्ड अधिकारी व अवर अभियंता के वेतन से काट कर दी जाएगी।

**नियुक्ति-पत्र** कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व छोटे बच्चों के अन्नप्राशन का भी हुआ आयोजन

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कलक्ट्रेट सभागार में नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव रहीं। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री मंजू दिलेर एवं नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू रहे।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्प एवं पुस्तक भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात आईसीडीएस विभाग के अंतर्गत गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके पश्चात भगवान श्रीराम की पावन जन्मभूमि अयोध्या से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के सजीव प्रसारण का उपस्थित लोगों ने अवलोकन एवं श्रवण किया। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मां यशोदा की तरह बच्चों के पोषण एवं प्रारंभिक शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं तथा गांवों के विकास में भी योगदान दे रही हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने सभी नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को मानदेय में वृद्धि पर बधाई देते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आर्थिक सुरक्षा के साथ-साथ मातृ शक्ति में आत्मविश्वास भी बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतिम चरण में कुपोषण से सुपोषण की ओर आए बच्चों की माताओं को बच्चों के पोषण में सहयोग एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए पोषण पोटली एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 20 नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) महेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।




आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र देती जिला पंचायत अध्यक्ष व सीडीओ।

# रथयात्रा मार्ग का पुलिस-प्रशासन ने किया निरीक्षण

▶ बाइकों पर सवार होकर रथयात्रा मार्ग और मेला स्थल का निरीक्षण किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** गणेश चतुर्थी पर निकलने वाली रथयात्रा मार्ग और गणेश चतुर्थी मेले को लेकर प्रशासन व पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है मंगलवार की शाम छह बजे मेला कमेटी के साथ प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने बाइकों पर सवार होकर रथयात्रा मार्ग और मेला स्थल का निरीक्षण किया।

गणेश चतुर्थी मेले का आयोजन 12 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा। भगवान गणेश की विशाल स्वचालित रथयात्रा 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी वाले दिन निकलीं जाएगी रथयात्रा में शामिल स्वचालित विशाल झांकियां नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी गणेश चतुर्थी मेला व रथयात्रा को लेकर प्रशासन व पुलिस ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं मंगलवार को एसडीएम आशुतोष तिवारी, प्रभारी निरीक्षक संत कुमार व मेला कोतवाली प्रभारी गजेंद्र सिंह तथा नगर पालिका के ईओ ने मेला कमेटी के पदाधिकारी के साथ बाइकों पर सवार होकर रथयात्रा मार्ग व मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया इस दौरान मेला कमेटी के के पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता, ललित किशोर गुप्ता, शशिकांत गुप्ता, लोकेंद्र शर्मा शुभम् अग्रवाल मुकेश वार्ष्णेय 'ब्रेड', प्रजीत लालू, मेजर शशिकांत गुप्ता, प्रभात कृष्णा, सतेंद्र मामा, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आशुतोष वार्ष्णेय, आदि मौजूद रहे।



चंदौसी में रथयात्रा मार्ग का निरीक्षण करते एसडीएम व अन्य अधिकारी। -जागरण मोर्चा

## गीता सार



**अथवा योगिनामेव कुले भवति धीमताम् ।**
**एतद्धि दुर्लभतरं लोके जन्म यदीदृशम् ॥**

**भावार्थ** : अथवा उत्तम लोकों में न जाकर स्थिर बुद्धि वाले विद्वान योगियों के परिवार में जन्म लेता है, किन्तु इस संसार में इस प्रकार का जन्म नि :संदेह अत्यन्त दुर्लभ है।

# भाजपा का 4सी प्लान

उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने तैयारी तेज कर दी है। यूपी प्रभारी विनोद तावड़े ने लखनऊ में पार्टी का '4सी प्लान' पेश किया, जिसमें कॉर्डिनेशन, केडर, कास्ट और केंडिडेट पर जोर है। बीजेपी 2024 लोकसभा चुनाव में कमजोर रही करीब 100 सीटों पर विशेष रणनीति बनाएगी। बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने, जातीय समीकरण साधने और जिताऊ उम्मीदवार चुनने पर फोकस रहेगा। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर सपा पर निशाना साधा। इसके जवाब में अखिलेश यादव 'पीडीए पाठशाला' के जरिए सरकार को घेर रहे हैं। दोनों दल युवा और पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को साधने में जुटे हैं।



लखनऊ के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे विनोद तावड़े ने समाजवादी पार्टी के चर्चित 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) नारे पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा के पीडीए का असली मतलब 'पराया धन अपना' है। तावड़े ने साफ शब्दों में कहा कि एनडीए गठबंधन सपा की इस नीति और दूसरों के हक पर कब्जा करने की चाल को कभी कामयाब नहीं होने देगा। 2027 के चुनावी समर के लिए बीजेपी ने '4सी प्लान' तैयार किया है। विनोद तावड़े ने स्पष्ट किया कि संगठन में किसी एक व्यक्ति को आगे बढ़ाने के बजाय पूरी तरह 'टीम वर्क' पर काम होगा और बूथ स्तर तक युवाओं को जोड़ा जाएगा। इस प्लान में मुख्य रूप से उन लगभग 100 विधानसभा सीटों पर ध्यान दिया जाएगा, जहां 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहा था। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से लेकर जमीनी (ग्रास रूट) कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल बनाया जाएगा। हर एक बूथ पर कैडर को मजबूत किया जाएगा और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरी जाएगी। उत्तर प्रदेश के सामाजिक और जातिगत समीकरणों (कास्ट कॉम्बिनेशन) को फिर से सही तरीके से साधा जाएगा। कमजोर प्रदर्शन वाली 100 सीटों पर जिताऊ और जनता के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले सही उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। विनोद तावड़े ने लखनऊ प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दोनों डिप्टी सीएम (केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक) से मुलाकात की। इसके साथ ही संगठन के पदाधिकारियों और कोर कमेटी के साथ लगातार बैठकों का सिलसिला जारी रहा। 2024 के चुनाव में बूथ स्तर पर जो कमियां दिखी थीं, उन्हें दूर करने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई है। सरकार की ओर से किए गए कामों के उद्घाटन और शिलान्यास के बड़े कार्यक्रम हर महीने आयोजित होंगे। पार्टी के शीर्ष नेताओं जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के यूपी दौरे लगातार तय किए जाएंगे। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मिशन 2027 के तहत अखिलेश यादव और सपा पर आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं।

## द्वितीय 'रोबोटिक ओलंपिक'

# चीन के तकनीकी 'सुपर पॉवर' होने का ऐलान?



**लोकमित्र गौतम**

स्टेडियम खचाखच भरा है। ट्रैक पर सभी खिलाड़ी पलक झपकते ही हवा से बातें करने को तैयार हैं। स्टार्टिंग सिग्नल बजता है और धावक बिजली की गति से दौड़ पड़ते हैं। चीनी तिंगोंग अल्ट्रा नामक खिलाड़ी इतनी तेज दौड़ता है कि वह 100 मीटर की दूरी महज 8.64 सेकंड में पूरी कर लेता है और इस तरह 100 मीटर की दौड़ में वह उसेन बोल्ट के विश्व रिकॉर्ड 9.58 को तोड़ डालता है। उस उसेन बोल्ट के रिकॉर्ड को जिसने 100 मीटर की दौड़ चीता से भी तेज रफ़्तार में पूरी की होती है। लेकिन तिंगोंग अल्ट्रा ही नहीं यहां दौड़ रहे सभी खिलाड़ी आम खिलाड़ियों जैसे नहीं हैं, उनसे अलग हैं- न तो तिंगोंग के और न ही किसी दूसरे खिलाड़ी के तेज दौड़ने के बाद भी फेफड़े फूल रहे हैं और न ही उनके दिल की धड़कनें तेज-तेज धड़क रही हैं। यही नहीं उन्हें पसीना भी नहीं आ रहा है। साथ ही किसी के चेहरे में किसी तरह की कोई थकान भी नहीं दिख रही।

ऐसा हो भी क्यों न आखिर ये खिलाड़ी इंसान नहीं, रोबोट हैं। जी हां, यह कोई विज्ञान गल्प नहीं गुजरे 22 से 26 अगस्त 2026 तक चीन की राजधानी बीजिंग में आयोजित दूसरे वर्ल्ड ह्यूमनोइड रोबोट गेम्स या 'रोबोटिक ओलंपिक' का नजारा है। इन खेलों में 6 महाद्वीपों के 16 देशों, जिनमें अमरीका, जापान और जर्मनी भी शामिल थे, की 666 टीमों के 2,056 रोबोटों ने हिस्सा लिया। चीन की भागीदारी निर्विवाद रूप से सबसे बड़ी थी, जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 666 में से 641 टीमें चीनी थीं, इसलिए इस रोबोटिक ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा अभी बहुत सीमित थी। भारत की अधिकृत भागीदारी की तो कोई जानकारी भी नहीं है। इस दूसरे रोबोटिक ओलंपिक में कुल 51 प्रतियोगिताएं शामिल थीं- दौड़, फुटबॉल, मार्शल आर्ट, नृत्य, भारोत्तोलन और टेबल टेनिस से लेकर बिस्तर लगाने, किताबें सजाने, होटल सेवाएं और आपातकालीन परिस्थितियों में काम करने जैसी चुनौतियां तक शामिल थीं। रोबोटिक ओलंपिक के इस दूसरे संस्करण में चीन की रोबोट निर्माता कंपनी एगीबोट ने बाजी मारी जिसने 2026 के दूसरे संस्करण में 18 स्वर्ण, 16 रजत और 12 कांस्य सहित कुल 46 पदक जीते और स्वर्ण पदक तथा कुल पदक- दोनों ही तालिकाओं में नंबर एक रही।

लेकिन इस दूसरे रोबोटिक ओलंपिक में सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी 100 मीटर की दौड़ का 8.64 सेकेंड में पूरा होना यानी मशीन ने गति के मामले में इंसान को पीछे छोड़ दिया। हालांकि कहानी इतनी सरल भी नहीं है। रोबोट की दौड़ने की शैली इंसान से अलग है और उसकी उपलब्धि का अर्थ यह नहीं कि उसने मानव एथलेटिक्स को पूरी तरह मात दे दी है। रोबोट में अभी इंसान जैसी परिस्थितिजन्य समझ, बाधा पहचानने और अचानक निर्णय बदलने की क्षमता सीमित है। फिर भी, यह उपलब्धि एक बड़ा प्रतीक है। मानव शरीर की कुछ भौतिक सीमाएं अब मशीनों के लिए चुनौती नहीं रह गई हैं। यह भी कि रोबोट बहुत जल्दी से और इंसान के मुकाबले सैकड़ों गुना तेजी से



इमेज

सीख रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 14, 15 और 17 अगस्त 2025 को जब बीजिंग में ही दुनिया का पहला रोबोटिक ओलंपिक आयोजित हुआ था, जिसमें 16 देशों की 280 टीमें और 500 से अधिक ह्यूमनॉइड रोबोट शामिल हुए थे, तब इनमें इस श्रेणी का कौशल दूर-दूर तक देखने को नहीं मिला था। हालांकि तब भी 26 स्वर्ण पदकों के लिए मुकाबले हुए थे। पहले रोबोटिक ओलंपिक में भी सबसे आगे एक चीनी कंपनी यूनीट्री ही थी। वैसे 2025 के पहले संस्करण में अलग-अलग खेलों के अलग-अलग विजेता थे, इसलिए किसी एक कंपनी को पूरे आयोजन का निर्विवाद "ओलंपिक चैंपियन" कहना सही नहीं होगा। लेकिन तब भी चीन की कंपनियों और टीमों का ही दबदबा स्पष्ट रूप से था। सवाल है क्या यह रोबोटिक ओलंपिक कोई नया मनोरंजन है? जवाब है नहीं। यह चीन के तकनीकी सुपर पॉवर होने का अप्रत्यक्ष रूप से किया जा रहा ऐलान है, विशेषकर इस 21वीं सदी की सबसे ताकतवर एआई और रोबोटिक्स तकनीक के मामले में। कई लोग कह रहे हैं रोबोटों को दौड़ाने की जरूरत ही क्या है? जवाब है इसलिए क्योंकि आज भी कौशल परखने के मामले में 'खेल' सबसे कठिन प्रयोगशाला हैं। दौड़ने के लिए संतुलन चाहिए। फुटबॉल के लिए गेंद की गति समझनी होगी। टेबल टेनिस में मिलीसेकंड के भीतर प्रतिक्रिया देनी होगी। मुक्केबाजी में सामने वाले की गतिविधि का अनुमान लगाना होगा। नृत्य में शरीर के अनेक हिस्सों को तालमेल से चलाना होगा। मतलब यह कि खेल रोबोट के सामने एक ही समय में कई चुनौतियां पेश करते हैं- देखो, समझो, सोचो और शरीर को चलाओ। यही है आधुनिक रोबोटिक्स की ताकत का नया मंत्र- एम्बोडिएड एआई यानी ऐसी कृत्रिम बुद्धिमत्ता जिसका केवल डिजिटल "दिमाग" नहीं बल्कि वास्तविक दुनिया में काम करने वाला "शरीर" भी हो। इसीलिए इन खेलों में केवल एथलेटिक्स नहीं था। रोबोटों को होटल सेवा, घर के काम, आपातकालीन प्रतिक्रिया और सूक्ष्म हाथों के कामों में भी परखा गया।

वास्तव में प्रतियोगिता अब इस बात की नहीं कि रोबोट कितना आकर्षक दिखता है; असली सवाल है क्या वह वास्तविक दुनिया में उपयोगी है? तकनीक की इस छलांग के साथ यह सवाल भी नत्थी है, क्या इंसान के लिए अब भी कुछ एक्सक्लूसिव बचा है? एक समय था जब हम मानते थे कि कुछ काम केवल इंसान ही कर सकता है। जैसे गणना, लेकिन फिर धीरे से यह जिम्मेदारी कंप्यूटर ने ले ली। शतरंज-मशीनों ने विश्व चैंपियनों को हरा दिया। भाषा-एआई लिखने और बातचीत करने लगा। चित्रकला-एआई तस्वीरें बनाने लगा। संगीत-मशीनें धुनें रचने लगीं। कार चलाना-स्वचालित तकनीक हर दिन आगे बढ़ रही है और अब- दौड़ना, नाचना, फुटबॉल खेलना तथा टेबल टेनिस भी। मानव सभ्यता शायद पहली बार उस दौर में प्रवेश कर रही है, जब "यह काम केवल इंसान कर सकता है" कहना लगातार कठिन होता जा रहा है। हालांकि इसका अर्थ यह भी नहीं है कि इंसान जल्द ही अप्रासंगिक हो जाएगा। लेकिन सवाल तो बदल ही रहे हैं। पहले पूछा जाता था- "मशीन क्या कर सकती है?" अब पूछा जा रहा है- "मशीन क्या नहीं कर सकती?" लेकिन इस अद्भुत कौशल प्रदर्शन के बावजूद रोबोट इंसान से श्रेष्ठ नहीं हो गया।

## श्रीरामचरितमानस



**दच्छ न कछु पूछी कुसलाता।**
**सतिहि बिलोकी जरे सब गाता॥**
**सतीं जाइ देखेउ तब जागा।**
**कतहुँ न दीख संभु कर भागा॥**

**भावार्थ** : दक्ष ने तो उनकी कुछ कुशल तक नहीं पूछी, सतीजी को देखकर उलटे उनके सारे अंग जल उठे। तब सती ने जाकर यज्ञ देखा तो वहां कहीं शिवजी का भाग दिखाई नहीं दिया॥

## नदी गाथा

# ओडिसा की बैतरणी नदी

**वीना गौतम**



नदियां जीवनदायिनी होती हैं। नदी किनारे ही इंसान जन्मा है और नदियों के किनारे ही दुनिया की सभी सभ्यताएं व संस्कृतियां फली-फूली हैं। धरती में नदियों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। लेकिन जलवायु परिवर्तन, बढ़ती आबादी और नदियों के प्रति आम लोगों की उदासीनता के चलते धरती में जल संकट तो गहराया ही है, अब नदियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसलिए नदियों का न केवल संरक्षण जरूरी है बल्कि हमें अपनी नई पीढ़ियों को इनके प्रति संवेदनशील भी बनाना जरूरी है ताकि इनका अस्तित्व बचा रहे और धरती में इंसानी सभ्यता व संस्कृति भी हमेशा की तरह फलती-फूलती रहे। इन दूरगामी मानवीय उद्देश्यों की पूर्ति हेतु नदीगाथा मासिक कालम के तहत प्रस्तुत है इस बार ओडिसा की महत्वपूर्ण बैतरणी नदी पर विशेष गाथा। ओडिसा की नदियों की जब चर्चा होती है, तो आमतौर पर महानदी और ब्राह्मणी या रुषिकुल्या तक ही सीमित हो जाती है। लेकिन बैतरणी नदी को समझे बिना ओडिसा का 'नदी-भूगोल' और तटीय पारिस्थितिकी की तस्वीर अधूरी रहती है। यह नदी छोटी जरूर है, लेकिन इसका महत्व उसके आकार से कहीं बड़ा है। लगभग 355 से 365 किलोमीटर लंबी बैतरणी नदी का उद्गम ओडिसा के क्योंझर जिले की गोनासिका पहाड़ियों के गुप्तगंगा क्षेत्र में लगभग 900 मीटर की ऊंचाई पर है। आगे चलकर यह ओडिसा के भीतर बहती हुई डेल्टा क्षेत्र में प्रवेश करती है और ब्राह्मणी नदी के साथ मिलकर धामरा मुहाने के रास्ते बंगाल की खाड़ी तक पहुंचती है। बैतरणी की शुरुआती धारा का चरित्र बिल्कुल पहाड़ी नदियों जैसा है। यह गोनासिका के ऊंचे भू-भाग से निकलती है और आरंभ में उत्तर दिशा में लगभग 80 किलोमीटर तक बहती है। इसका रुख दक्षिण पूर्व की ओर हो जाता है। आनंदपुर के आसपास यह नदी पहाड़ी क्षेत्र से निकलकर अपेक्षाकृत समतल भू-भाग में प्रवेश करती है और यहीं से आगे बढ़ने पर इसका स्वरूप बदलता जाता है।

## तिथि विशेष

# अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस

हर वर्ष 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस दुनिया भर में शिक्षा और साक्षरता के महत्व को रेखांकित करने तथा निरक्षरता की चुनौती के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। साक्षरता केवल पढ़ने और लिखने की क्षमता नहीं, बल्कि व्यक्ति को अपने अधिकारों, कर्तव्यों और जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों को समझने में सक्षम बनाने का माध्यम है। साक्षर व्यक्ति अपने आसपास की दुनिया को बेहतर ढंग से समझ सकता है। वह सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकता है, दस्तावेजों को पढ़ सकता है, आर्थिक निर्णय ले सकता है और अपने बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभा सकता है। साक्षरता सामाजिक और आर्थिक विकास की बुनियादी आवश्यकता है। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की शुरुआत 1967 में यूनेस्को की पहल पर हुई। इसका उद्देश्य यह संदेश देना था कि शिक्षा-साक्षरता प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। इस दिन केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और बदलती तकनीक को समझने की क्षमता भी इसके महत्वपूर्ण हिस्से बन गए हैं।






## धर्म-कर्म

# सुन्दरकांड की सुंदरता



**शीतला प्रसाद दुबे**
(निवर्तमान कार्याध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी)

महर्षि वाल्मीकि ने श्री राम के चरित का वर्णन करने के लिए 'रामायण' की रचना की, जिसको आधार बनाकर गोस्वामी तुलसीदास जी ने 'श्री रामचरितमानस' महाकाव्य को रचकर भारतीय मानीषा को समृद्ध किया। गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्री रामचरितमानस में अन्य कांडों के साथ ही सुंदरकांड की रचना की है। सुंदरकांड में भी प्रभु श्री राम के चरित के एक काल विशेष की कथा कही गई है। प्रश्न यह उठता है कि सुंदरकांड सुंदर क्यों है, उसमें ऐसी क्या सुंदरता है कि सामान्य भक्त या भारतीय जन उसका पारायण करके अपने आप को धन्य मानता है?

सुंदरकांड की कथा शुरू होती है ,जब श्री राम के चिंता निवारण के लिए श्री हनुमान जी लंका की ओर प्रस्थान करते हैं ।

'जेहिं गिरि चरन देइ हनुमंता,चलेउ हो गा पाताल तुरंता।' कहकर तुलसीदास जी किसी भी कार्य को प्रारंभ करने का उचित प्रबंधन प्रस्तुत करते हैं।

लंका की ओर प्रस्थान करने के साथ ही उनकी पहली मुलाकात सुरसा से होती है ,जो समुद्र के ऊपर से लंका की ओर जाने वाले किसी भी प्राणी की छाया को पकड़कर उसे अपना आहार बना लेती थी। हनुमान जी ने उसे जान- समझकर अपनी विशालता तथा सूक्ष्म रूप का परिचय देकर उसके आशीष के पात्र बन गए। वही उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहती है -

'राम काज सब करिहहु, तुम बल बुद्धि निधान।'

दुश्मन के ही व्यक्ति से उसके नाश का आशीर्वाद प्राप्त करना मानव की विजय की प्रबंधन क्षमता को सुनिश्चित करना है। लंका के प्रवेश के समय हनुमान जी की दृष्टि से गोस्वामी जी की लेखनी लंका की प्रकृति और लंका के सौंदर्य का वर्णन करती है ।यह सौंदर्य किसी भी राष्ट्र , देश के समृद्धि का परिचायक हो सकती है।

लंका के प्रवेश पर ही लंकिनी नाम की एक निशिचरी से हनुमान जी की मुलाकात हुई । हनुमान जी के मुष्टिका प्रहार से आहत उसने भी उन्हें आशीष देते हुए कहा -'प्रबिसि नगर कीजे सब काजा, हृदय राखि कोशलपुर राजा।'

लंका में रावण के महल सीताजी को न देखकर चिंतित हनुमान ने एक ऐसा महल देखा जिस पर राम नाम अंकित था। आश्चर्य से हनुमान जी उस महल के सामने आकर बहुत ही प्रसन्नता हुई। उनकी मुलाकात राम नाम सुमिरन करते हुए



विभीषण से हुई । हनुमान जी एक तो विभीषण के राम नाम सुमिरन से प्रसन्न हुए और दूसरे जब विभीषण ने कहा कि दशानन के बीच वे वैसे ही रह रहे हैं, जैसे दसनन अर्थात कठोर दांतों के बीच सुकोमल जीभ बिचारी रहती है। हनुमान -विभीषण संवाद, सुंदरकांड की सुंदरता का विशेष बिंदु है, जिसमें दो संत हृदय परस्पर मिलकर भगवद्भक्ति, सदाचार आदि की चर्चा करते हैं। अशोक वाटिका में जाकर हनुमान जी दुखी माता सीता को देखकर चिंता ग्रस्त होते हैं। इसके पश्चात् तुलसीदास जी ने माता सीता और त्रिजटा का संवाद प्रस्तुत किया है, जिसमें वह सीता जी से अपने सपने के बारे में बताती है कि आज उसने सपना देखा है कि एक वानर ने लंका में आग लगा दी है। वह बताती है कि यह सपना कुछ ही दिन बाद सत्य साबित होगा। इसके बाद सीता जी के सामने हनुमान जी प्रस्तुत होते हैं और श्री राम की मुद्रिका प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करके बताते हैं कि मैं प्रभु श्री राम का दूत हूं। अपनों को आश्वस्त करना और विपक्षियों को अपने मातहत कर लेने की कला का सौंदर्य इस कांड को अप्रतिम सिद्ध करता है ।माता सीता से अनुमति लेकर हनुमान जी अपने बल- बुद्धि का परिचय देते हुए थोड़ी सी क्रीड़ा करते हैं अशोक वाटिका में।

अपनी इस क्रीड़ा के दौरान वे अशोक वाटिका का पूरा विध्वंस कर देते हैं, रोकने पर रावण के पुत्र अक्षय कुमार का वध कर देते हैं जिससे आक्रोशित होकर रावण का दूसरा पुत्र मेघनाथ हनुमान जी को नाग पाश में बांधकर रावण के समक्ष प्रस्तुत करता है। रावण अपनी सभा में हनुमान से कुछ बातें करता है और हनुमान उसकी बातों का जवाब देते हैं। हनुमान और रावण का संवाद अपने आप में मानव जीवन में किसी भी राजा का किसी दूत से बात करना आत्मविश्वास का सुंदर उदाहरण है ।लंका दहन के बाद हनुमान जी सीता जी से विदा मांगते हैं, और कहते हैं कि मेरा मन कह रहा है और मुझ में इतनी क्षमता भी है प्रभु श्री राम की कृपा से कि मैं आपको अभी साथ लेकर चल सकता हूं, लेकिन प्रभु श्री राम ने मुझे केवल आपका पता लगाने का आदेश दिया है इसलिए मैं उनकी आज्ञा के विपरीत जाकर कोई निर्णय नहीं ले सकता। यह किसी भी पक्ष के लिए, किसी भी मनुष्य के लिए, किसी भी परिवार के लिए किसी भी राष्ट्र, देश के लिए यह परम आवश्यक है कि जो नियम कहता है, जैसा आदेश दिया गया है उसका पालन उसी तरह से किया जाए। यदि ऐसा होता है तो प्रशासन में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं आ पाती। उस पर प्रश्न नहीं लगता है। इसलिए यह प्रसंग अपने आप में बहुत ही सुंदर बन पड़ा है। हनुमान जी लंका से इस पार आ जाते हैं। श्री राम और वानर दल में खुशी का प्रसंग फैल जाता है इस तरफ और उस तरफ लंका में मंदोदरी और रावण का संवाद प्रस्तुत करते हैं गोस्वामी तुलसीदास जी। किसी भी पति और पत्नी अथवा राजा और रानी के बीच होने वाला यह रावण मंदोदरी संवाद नीतिपरक आदर्श परक और मर्यादा को रेखांकित करने वाला है।

## वायरल

# महिला के पेट से निकले 14 पेन, 5 चम्मच और एक मोमबत्ती



आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले के मुख्यालय नरसाराओपेट स्थित एक निजी अस्पताल से एक बेहद हैरान करने वाला और मेडिकल जगत को चकित कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां सीने में दर्द की शिकायत लेकर पहुंची 33 वर्षीय महिला की जब डॉक्टरों ने जांच की, तो उसके पेट के अंदर का नजारा देखकर सब हैरान रह गए। महिला के पेट में 14 पेन, 5 लकड़ी के चम्मच और एक मोमबत्ती मौजूद थी। डॉक्टरों की टीम ने तुरंत लैप्रोस्कोपिक सर्जरी कर इन सभी चीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। जानकारी के अनुसार, पेटलुरिवारीपलेनी मंडल की रहने वाली 33 वर्षीय विवाहित महिला को पिछले कुछ समय से सीने में तेज दर्द की शिकायत थी। शनिवार को जब दर्द असहनीय हो गया, तो परिजन उसे नरसाराओपेट स्थित माताश्री अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने जब कई तरह के मेडिकल टेस्ट और स्कैन किए, तो महिला के पेट के अंदर असामान्य वस्तुएं होने की पुष्टि हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने महिला का ऑपरेशन करने का फैसला लिया। पेट में एक छोटा सा छेद करके 14 पेन, 5 लकड़ी के चम्मच और 1 मोमबत्ती को सफलता पूर्वक बाहर निकाला गया. डॉक्टरों ने बताया कि इनमें से एक पेन का ढक्कन नहीं था, जिसकी वजह से वह पेट की अंदरूनी सतह पर चुभ रहा था और महिला को अत्यधिक दर्द हो रहा था। डॉक्टरों का कहना है कि किसी इंसान का एक साथ इतनी सारी ठोस चीजें निगल लेना बेहद दुर्लभ और असामान्य बात है।

## X का एक्सरे

यह सत्य है कि आप पड़ोसियों को नहीं चुन सकते, लेकिन आप दोस्तों को चुन सकते हैं। इसलिए मेरा भारत आना भी इसी दोस्ती का हिस्सा है। मुझे सरकार में काम करते 13 साल हो गए। मुझे लगता है कि हमारी सरकार ने दोनों देशों के बीच संबंधों को गहरा करने के लिए बहुत कुछ किया है।



**जेवियर बेटेल**

राजनीतिक आलोचना अपनी जगह है, लेकिन महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। महिलाओं के बारे में अश्लील या अपमानजनक टिप्पणी करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।



**सी. जोसेफ विजय**

राष्ट्रीय टीम में खिलाड़ियों के चयन में क्षेत्र के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता। अगर आप अच्छा खेलते हैं तो दुनिया में कोई भी आपको बाहर नहीं रख सकता। आपका खेल ही आपकी पहचान बनता है। कभी-कभी किस्मत भी भूमिका निभाती है।



**शिखर धवन**

उत्तर कोलकाता में रहने वाले गुप्ता और जायसवाल जैसे गैर-बंगाली समुदायों ने उस कठिन समय में बंगालियों का साथ दिया था। इन समुदायों ने अपनी पूरी संपत्ति तक खर्च कर दी थी और बंगालियों को खत्म होने से बचाया था।



**समिक भट्टाचार्य**

## एक नजर

### साहित्यकार राम रतन यादव को मिला 'श्रेष्ठ काव्य शिल्पी' सम्मान

**खटीमा।** खटीमा के वरिष्ठ साहित्यकार राम रतन यादव को हिंदी साहित्य एवं काव्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'काव्यधारा श्रेष्ठ काव्य शिल्पी' सम्मान से सम्मानित किया गया। रविवार को आध्यात्मिक एवं साहित्यिक संस्था काव्यधारा, रामपुर की बरेली इकाई के तत्वावधान में सीबीगंज स्थित इंजीनियर्स भवन, कैम्फर कॉलोनी में कवि सम्मेलन, पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में राम रतन यादव को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ कवयित्री अलका गुप्ता ने किया और अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र कमल आनंद ने की। कवि सम्मेलन में उपेंद्र सक्सेना, रणधीर प्रसाद गौड़, दीपक मुखर्जी, रागिनी गर्ग, राजवीर सिंह 'राज' समेत अनेक कवियों ने रचनाएं प्रस्तुत कीं। संचालन राज शुक्ल 'गजलराज' ने किया।

# यूपी में टेक्सटाइल उद्योग को पंख, बढ़ा निवेश



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा एक्सप्रेस-वे और हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार से औद्योगिक माहौल में तेजी से बदलाव आया है। उद्योगों के अनुकूल नीतियों और प्रशासनिक सहयोग के चलते निवेशकों का भरोसा भी बढ़ा है। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आयोजित दो दिवसीय 'यूपी टेक्सटाइल कॉन्क्लेव-2026' में प्रदेशभर से आए उद्योगपतियों ने कारोबारी वातावरण की सराहना की और अपने अनुभव साझा किए।

रामपुर स्थित जीएसएल स्पिनर्स के के.के. जैन ने कहा कि कानून-व्यवस्था निवेशकों की सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसमें उल्लेखनीय सुधार हुआ है। करीब 250 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके उनके समूह में 700 लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने बेहतर सड़क परिवहन, निर्बाध बिजली और सिंगल विंडो पोर्टल के जरिए त्वरित अनुमोदन को उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण बताया।

टांडा की पार्थ थ्रेड प्राइवेट लिमिटेड के अम्बिका प्रसाद पांडे ने टेक्सटाइल नीति को निवेशकों के लिए मजबूत आधार बताया। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी को 35 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी और 60 प्रतिशत तक ब्याज सब्सिडी का लाभ मिला है। करीब 150 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके संस्थान ने हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार से जोड़ा है। सरकारी प्रशिक्षण योजनाओं से कुशल कारीगर मिलने से उद्योगों को भी लाभ हो रहा है।

गाजियाबाद की एफको एक्सपोर्ट्स की आरुषि सिंघल ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। टीयूएफ योजना के तहत 25 प्रतिशत तक सरकारी सहायता और एक्सपोर्ट लाइसेंस सब्सिडी से उद्योगों के विस्तार को बढ़ावा मिला है। उनकी इकाई में वर्तमान में 800 लोग कार्यरत हैं और आने वाले समय में रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे।

बरेली के राम कुमार एग्रो के राहुल अग्रवाल ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी अब उद्योगपतियों को योजनाओं की जानकारी देने और मार्गदर्शन करने के लिए स्वयं आगे आ रहे हैं। उनकी फैक्ट्री में करीब 500 लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि बदले माहौल में कारोबारी निडर होकर निवेश कर रहे हैं। उद्योगपतियों के अनुभवों से स्पष्ट है कि सरकार की औद्योगिक नीतियां निवेश आकर्षित करने के साथ उद्योगों के विस्तार, रोजगार सृजन और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। साथ ही, इन प्रयासों को उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य से भी जोड़ा जा रहा है।

# बिजली बिल पर भड़कीं भाजपा नेता विमला मुड़ेला

▸ 135 महीने की रीडिंग एक साथ आने से बना 40,700 का बिल, इंसाफ के लिए कोर्ट जाने की दी चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन से 40,700 रुपये का बिजली बिल मिलने पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं कला संस्कृति परिषद सदस्य विमला मुड़ेला ने नाराजगी जताई है। उन्होंने अधिशासी अभियंता सीएस बस्नैत के समक्ष मामले को उठाते हुए बताया कि मीटर की रीडिंग लेने पहुंचे कर्मचारियों ने उनका मीटर खराब बताते हुए नया मीटर लगाने की बात कही थी।

कर्मचारी नया मीटर लेकर घर पहुंचे और मीटर को हिलाने के साथ दो-चार थपकियां दीं तो वह चलने लगा। इसके बाद 6,700 रुपये का बिल जमा करने की बात सामने आई, लेकिन बाद में उन्हें 40,700 रुपये का बिल थमा दिया गया। विमला मुड़ेला ने बताया कि उन्होंने मामले के समाधान के लिए संबंधित कर्मचारी, जेई और एसडीओ से संपर्क किया, लेकिन समाधान नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने अधिशासी अभियंता सीएस बस्नैत से शिकायत की। ईई ने बिल की जानकारी खंगाली तो बताया कि 135 महीने से लंबित रीडिंग एक साथ आने के कारण 40,700 रुपये का बिल बना है। विमला मुड़ेला ने कहा कि अधिक भुगतान के मामले को उच्चाधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा और जरूरत पड़ने पर न्याय के लिए कानून का सहारा लेंगी।

# पति की हत्या से परिवार बेसहारा

▸ दो छोटे बच्चों और बुजुर्ग सास के भरण-पोषण की जिम्मेदारी, पीड़ित पत्नी ने मुख्यमंत्री से मांगी मदद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** पंजाबी कॉलोनी वार्ड संख्या 14 निवासी राधिका वर्मा का परिवार पति की हत्या के बाद गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। परिवार के भरण-पोषण और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित राधिका वर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को डाक के माध्यम से प्रार्थना पत्र भेजकर आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी दिए जाने की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार, 16 मई 2026 को उनके पति स्व. विवेक कुमार वर्मा की पड़ोसियों सचिन रघुवंशी और आकाश रघुवंशी, पुत्रगण सतीश रघुवंशी, के साथ विद्युत मीटर लगाने को लेकर हुए विवाद के बाद हत्या कर दी गई थी। पति की मौत के बाद परिवार का आजीविका का एकमात्र सहारा भी छिन गया, जिसके चलते परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। राधिका वर्मा ने बताया कि 26 मई 2026 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की थी। पीड़िता के मुताबिक, उस दौरान परिवार के भरण-पोषण के लिए एक सदस्य को सरकारी नौकरी और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था। हालांकि, उनका कहना है कि अब तक अपेक्षित आर्थिक सहायता अथवा रोजगार नहीं मिल पाया है। उन्होंने 27 अगस्त और 6 सितंबर 2026 को दोबारा मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर सहायता की मांग की है।

### बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्ग सास की जिम्मेदारी

पीड़िता के मुताबिक, पति के निधन के बाद परिवार में छह और दस वर्ष के दो छोटे बच्चे तथा 65 वर्ष से अधिक उम्र की बुजुर्ग सास हैं। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई, घर के रोजमर्रा के खर्च और बुजुर्ग सास के भरण-पोषण की जिम्मेदारी उनके सामने बड़ी चुनौती बन गई है। राधिका वर्मा ने अपनी परिस्थितियों को देखते हुए आश्रम पद्धति विद्यालय, खटीमा में अनुसेवक के रिक्त पद पर नियुक्ति दिए जाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने परिवार की तत्काल आर्थिक जरूरतों को देखते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री और शासन-प्रशासन से मामले में शीघ्र कार्रवाई करते हुए रोजगार एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि परिवार को आर्थिक संकट से राहत मिल सके और बच्चों की पढ़ाई एवं भविष्य प्रभावित न हो।

# दो दिवसीय दौरे पर खटीमा पहुंचे सीएम, जनता की समस्याएं सुनीं

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को अपने गृह क्षेत्र खटीमा पहुंचे। लोहियाहेड हेलीपैड पहुंचने पर स्थानीय जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। खटीमा पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य जनसमस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के निस्तारण की नियमित समीक्षा करने और लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन की ओर से भी आवश्यक तैयारियां की गई थीं। उनके दो दिवसीय प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ क्षेत्र की जनता से संवाद और विकास कार्यों से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी। वहां हिमांशु बिष्ट, जीवन सिंह धामी, सतीश भट्ट, रोहित जोशी, प्रमोद गहतोड़ी, अनीता ज्याला, किशन चंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मयूर विहार की सड़क को 3.05 करोड़

जागरण मोर्चा कार्यालय



जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण की मंजूरी के लिए सीएम का आभार जताते नवीन बोरा।

**खटीमा।** मयूर विहार वार्ड नंबर-9 की लंबे समय से जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। उत्तराखंड शासन ने मेलाघाट मेन रोड से बग्घा कॉलोनी होते हुए मयूर विहार सेक्टर-2 एवं 3, वार्ड नंबर-9 तक जाने वाले 2.600 किमी लंबे मार्ग के इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा पुनर्निर्माण के लिए 3.05 करोड़ रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। क्षेत्र की जर्जर सड़क को लेकर स्थानीय निवासी नवीन बोरा सहित वार्डवासियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने बताया था कि सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण स्कूली बच्चों, साइकिल चालकों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, रात के समय दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी। जनहित की इस मांग पर शासन ने संज्ञान लेते हुए अपर सचिव महावीर सिंह चौहान की ओर से लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को आवश्यक आदेश जारी किए हैं। शासनादेश के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में कार्य के लिए प्रारंभिक रूप से 0.10 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही कार्य शुरू करने से पूर्व प्राविधिक स्वीकृति, ड्रेनेज प्लान तथा विभागीय मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। लंबे समय से सड़क की समस्या से जूझ रहे वार्डवासियों ने शासन की स्वीकृति पर राहत की उम्मीद जताई है।

# कांग्रेस नेता रेहान अंसारी बने उत्तराखंड प्रदेश सचिव

जागरण मोर्चा कार्यालय



रेहान अंसारी। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** क्षेत्र के मझोला गाँव निवासी कांग्रेस के युवा नेता रेहान अंसारी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देशानुसार उत्तराखंड प्रदेश सचिव बनने पर क्षेत्रवासियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से स्वागत कर अपनी शुभकामनाएं दी गई। वहीं अंसारी ने अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुलेमान अंसारी, क्षेत्रीय विधायक व उप नेताप्रतिपक्ष भुवन कापड़ी तथा प्रभारी शमीम अल्वी का आभार व्यक्त किया तथा उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को वह पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे और कांग्रेस संगठन को आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूती देने का काम करेंगे। बधाई व शुभकामनाएं देने वालों में क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, पूर्व सभासद व वरिष्ठ समाजसेवी राशिद अंसारी, युवा कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्य, युवा जिला अध्यक्ष नीरज कन्याल, सोहिल अंसारी, प्रदीप सिंह, सोनी आदि थे।

# साइबर अपराध पर पुलिस का जागरूकता अभियान

**खटीमा।** एसएसपी अजय गणपति के निर्देशन में खटीमा पुलिस ने साइबर अपराधों से बचाव को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया। पुलिस कर्मियों ने महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, दुकानदारों, यात्रियों और मजदूरों को साइबर ठगी के प्रति जागरूक किया। लोगों को डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी, ओटीपी फ्रॉड, पासवर्ड चोरी और सोशल मीडिया के जरिए होने वाली धोखाधड़ी से बचने की जानकारी दी गई। पुलिस ने सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल, साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, ऑनलाइन निवेश और घर बैठे नौकरी के नाम पर होने वाली ठगी से सतर्क रहने की अपील की। किसी से ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करने को कहा।

# कॉलेज में 'प्रगति-2026' अभियान आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हाईटेक सभागार में मंगलवार को साथी केंद्र के जन-जागृति अभियान 'प्रगति-2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसरों से अवगत कराना तथा साथी केंद्र की निःशुल्क कोचिंग सुविधाओं से जोड़ना रहा। महाविद्यालय में साथी केंद्र की स्थापना आईआईटी कानपुर एवं उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड के संयुक्त प्रयास से की गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों ने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप करियर चुनने, लक्ष्य निर्धारित करने तथा निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार ने विद्यार्थियों से साथी केंद्र की सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. सुनील कुमार कटियार ने शिक्षा को व्यक्तित्व निर्माण और जीवन को दिशा देने का माध्यम बताया। नोडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र विक्रम सिंह पडियार ने कहा कि साथी केंद्र विद्यार्थियों को करियर संबंधी असमंजस दूर करने में मदद करता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नाटक प्रस्तुत कर केंद्र की उपयोगिता बताई। मुख्य वक्ता भानु प्रताप ने करियर चयन और नैतिक जीवन पर मार्गदर्शन दिया, जबकि मनीषा ने केंद्र की कार्यप्रणाली और सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# खटीमा में बाढ़ सुरक्षा को 3.45 करोड़ रुपये

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सीमावर्ती खटीमा क्षेत्र में बाढ़ से बचाव और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के तहत सिंचाई विभाग की दो बाढ़ सुरक्षा योजनाओं के लिए प्रथम किश्त के रूप में 345.62 लाख रुपये यानी करीब 3.45 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। इससे भारत-नेपाल सीमा से सटे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। शासन के आदेश के अनुसार जगबूढ़ा नदी के दायें पार्श्व पर स्थित ग्राम सिसैया, मेलाघाट और एसएसबी कैंप कार्यालय की सुरक्षा के लिए 462.62 लाख रुपये की लागत से बाढ़ सुरक्षा योजना स्वीकृत हुई है। इसके लिए प्रथम किश्त के रूप में 185.05 लाख रुपये अवमुक्त किए गए हैं। वहीं खटीमा विकासखंड के सात गांवों में आवासीय भवनों को नदी और नालों की बाढ़ से बचाने के लिए 401.42 लाख रुपये की लागत वाली दूसरी योजना को मंजूरी दी गई है। इसके लिए 160.57 लाख रुपये की प्रथम किश्त जारी हुई है। दोनों योजनाओं की कुल स्वीकृत लागत 864.04 लाख रुपये है। योजनाओं के पूरा होने से तट सुरक्षा मजबूत होने के साथ बाढ़ प्रभावित गांवों में नुकसान कम करने और आवासीय व अन्य महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की सुरक्षा में मदद मिलने की उम्मीद है।

# डॉ. नवीन भट्ट 'योग रत्न सम्मान' से पंजाब में सम्मानित

▸ योग एवं योग शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए लुधियाना में किया गया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय




डॉ. नवीन भट्ट पंजाब के लुधियाना में 'योग रत्न अवॉर्ड' से सम्मानित।

**खटीमा।** सीमांत क्षेत्र खटीमा के लिए गौरव का क्षण है। योग एवं योग शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. नवीन भट्ट को पंजाब के लुधियाना में आयोजित 'पंजाब हेल्थ एंड वेलनेस अवार्ड-2026' समारोह में प्रतिष्ठित 'योग रत्न अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।

लुधियाना स्थित क्ले वर्ड स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह एवरेस्ट योगा एंड पिलेट्स इंस्टीट्यूट एवं इंडियन योगा एसोसिएशन, पंजाब चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। समारोह में स्वामी जीता नन्द, लुधियाना ईस्ट के विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल, स्वामी आशुतोष, क्ले वर्ड स्कूल के सीईओ शोभान, आचार्य विपिन जोशी, एवरेस्ट योगा एंड पिलेट्स इंस्टीट्यूट के संस्थापक संजीव त्यागी, कविता त्यागी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सम्मान-पत्र में डॉ. नवीन भट्ट के योग के प्रति समर्पण, गहन ज्ञान और उल्लेखनीय योगदान की सराहना की गई। योगिक मूल्यों को बढ़ावा देने, लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करने तथा योग की सनातन ज्ञान परंपरा को समाज तक पहुंचाने के उनके प्रयासों को सम्मान का आधार बताया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. नवीन भट्ट ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए व्यक्तिगत सम्मान से कहीं बढ़कर है। उन्होंने कहा कि इसके पीछे खटीमा की जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद है।

उन्होंने सम्मान को खटीमा की जनता, गुरुजनों, साथियों एवं शुभचिंतकों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि "योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संस्कारित समाज का माध्यम है।" उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि योग का संदेश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और युवा पीढ़ी योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। डॉ. भट्ट को मिले इस सम्मान से खटीमा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि सीमांत क्षेत्र से निकलकर योग के क्षेत्र में पहचान बनाना युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। पंजाब में मिले इस सम्मान से खटीमा का नाम भी योग के क्षेत्र में सम्मान और गौरव के साथ जुड़ा है।

# एलायंस क्लब ने शिक्षकों को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय




शिक्षण क्षेत्र की 11 प्रतिभाओं को सम्मानित करती एलायंस क्लब खटीमा डायमंड।

**खटीमा।** एलायंस क्लब खटीमा डायमंड की ओर से खिंडा रेस्टोरेंट में शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी 11 प्रतिभाओं के सम्मान में विशेष समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली डॉ. नीलम पाण्डेय, मंजू आर्या, वंशिका गौड़, मीरा कापड़ी, प्रेरणा सक्सेना, किरण सिंह, डॉ. चंद्रा चंद, रश्मि गौड़, रेहाना, प्रेमिता मारक और अनीता भंडारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष केसर पारूथी ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने का कार्य नहीं करते, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षण क्षेत्र में समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य कर रही प्रतिभाओं का सम्मान करना क्लब के लिए गौरव का विषय है। प्रोग्राम चेयरपर्सन हेमा कन्याल परिहार ने कहा कि समारोह का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षकों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरणा मिलती है और समाज में शिक्षा के महत्व का संदेश भी पहुंचता है। सम्मान समारोह के बाद गीत-संगीत की महफिल सजी। मधुर गीतों और खुशनुमा माहौल ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस दौरान अतिथियों एवं सदस्यों के लिए सूक्ष्म जलपान की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में दीपा चड्ढा, एडवोकेट चंचल सिंह, गुरप्रीत कौर, ज्योति बिष्ट, पूनम कश्यप सहित क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाओं के मानदेय बढ़ाने की घोषणा की

जागरण मोर्चा कार्यालय



**आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी माता यशोदा की पदवी, कार्यकत्री का बारह हजार और सहायिका का छह हजार हुआ मानदेय**

**पीलीभीत।** आज फिर एक बार सरकार की सुनहरी किताब में दर्ज हो गया। लाखों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर मील का पत्थर स्थापित कर दिया है। आईसीडीएस विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के सम्मान के लिए अयोध्या में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम जिसका सभी जनपदों में लाइव टेलीकास्ट देखा गया। आयोजित कार्यक्रम में सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न घोषणाएं की, लेकिन सबसे बड़ी घोषणा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय आठ हजार रुपए से बारह हजार रुपए एवं सहायिकाओं का चार हजार से छह हजार बढ़ाने की थी, जिसको सुनने के बाद अयोध्या से लेकर जनपद पीलीभीत के गांधी प्रेक्षागृह तक तालियों गूंज उठा। घोषणा के बाद लाइव टेलीकास्ट देख रही जनपद में उपस्थित समस्त कार्यकत्रियों सहायिकाओं के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई, साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के खातों में दो साड़ी की धनराशि भी प्रेषित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवगत कराया कि आज हमारे आंगनबाड़ी केंद्र स्मार्ट हो चुके हैं हमारे पास रियल टाइम डाटा है लेकिन ऐसा नौ वर्ष पहले नहीं था आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर थे या व्यवस्थाएं पसरी हुई थी। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कलयुग की यशोदा की संज्ञा भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बच्चे का पहला संवाद आंगनबाड़ी कार्यकत्री से होता है, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के कार्यों को गिनाते हुए कहा कि ऐसी कार्यकत्रियों को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया जाना नितांत आवश्यक है। इस अवसर पर जनपद स्तर पर आयोजित लाइव टेलीकास्ट प्रसारण के बाद जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित परियोजना बरखेड़ा ,ललौरीखेड़ा, मरौरी और शहर की मातृ वंदना योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दस आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, वहीं कुपोषण की श्रेणी से बाहर आए बच्चों को उनके परिजनों को पोषण किट देकर एवं महिला कल्याण के लाभार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा सहित जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की गरिमा में उपस्थिति रही, इसके साथ ही नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त आजीविका मिशन, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

# नियमों को ठेंगा, शहर को दुर्गंध का तोहफा! खुले ट्रैक्टर-ट्रॉली में कूड़े का सफर

**स्वच्छ सर्वेक्षण के दावों के बीच गोहनिया चौराहे पर दिखी हकीकत, बिना ढके कूड़ा ढोती गाड़ी से राहगीर बेहाल**

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** शहर में स्वच्छता के दावों और स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों के बीच कूड़ा निस्तारण व्यवस्था की जमीनी तस्वीर सवाल खड़े कर रही है। नगर पालिका की कथित हीलाहवाली के चलते प्रमुख सड़कों पर कूड़े का परिवहन खुले वाहनों से होता नजर आ रहा है। गोहनिया चौराहे के पास टनकपुर रोड से डंपिंग यार्ड की ओर जा रही एक कूड़े से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली इसका उदाहरण बनी।

ट्रॉली में कचरा ठूंसकर भरा था, लेकिन उसे ढकने के लिए न तिरपाल नजर आया और न ही कचरे को सुरक्षित रखने की कोई व्यवस्था। नतीजा यह कि पीछे चल रहे राहगीरों और वाहन चालकों को कूड़े की तेज दुर्गंध का सामना करना पड़ा। कूड़े के साथ गंदा पानी रिसने की स्थिति भी सड़क पर गंदगी फैलाने का सबब बन सकती है।

कूड़े के परिवहन में उसे ढककर ले जाना और सड़क पर कचरा फैलने से रोकना स्वच्छता व्यवस्था की बुनियादी जरूरत है। ऐसे में सवाल यह है कि जब शहर को स्वच्छ दिखाने की कवायद चल रही है, तो कूड़े को ढककर ले जाने जैसी बुनियादी व्यवस्था क्यों नहीं दिख रही? जनता का सवाल सीधा है। स्वच्छता का सर्वेक्षण कागजों पर होगा या सड़कों पर भी दिखाई देगा।

# चेयरमैन के हस्तक्षेप से बरखेड़ा मेले में झूले-सर्कस का टिकट 50 से घटकर 30

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों को मिलेगी राहत, मेला दर्शकों को सीधा लाभ**



**बरखेड़ा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर लगने वाले बरखेड़ा मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार मेला दर्शकों के लिए बड़ी राहत दी गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल के हस्तक्षेप के बाद झूले, सर्कस एवं मौत का कुआं के टिकट की कीमत 50 रुपये से घटाकर 30 रुपये कर दी गई है।टिकट में 20 रुपये की कमी से गरीब, मजदूर, किसान और मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत मिलेगी। मेले में बड़ी संख्या में लोग परिवार और बच्चों के साथ पहुंचते हैं, ऐसे में कम टिकट दर से उन्हें मनोरंजन का आनंद लेने में आसानी होगी।चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल ने कहा कि मेले का उद्देश्य सभी वर्गों को उत्सव की खुशियों से जोड़ना है। टिकट दर कम होने से इस वर्ष मेले में आने वाले नगर व आसपास के क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

# पीपीपी कॉम्प्लेक्स के लिए चला बुलडोजर, नकटादाना चौराहे पर बारह दुकानें हुई ध्वस्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



नगर पालिका एक्शन 12 दुकान हुई ध्वस्त। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आज सुबह शहर के प्रमुख नकटादाना चौराहे पर मंगलवार को नगर पालिका और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने एक बड़ी बुलडोजर कार्रवाई को अंजाम दिया। ट्रिपल-पी मॉडल के तहत बनने वाले अत्याधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के मार्ग में आ रही नगर पालिका की पुरानी दुकानों को जेसीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। भारी पुलिस बल और खुफिया तंत्र की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई के दौरान व्यापारियों ने भारी विरोध जताया और राहत की गुहार लगाई, लेकिन प्रशासनिक टीम ने ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया को नहीं रोका।

नगर पालिका प्रशासन ने इस परिसर में स्थित करीब बारह दुकानों को खाली कराने के लिए जून माह में ही नोटिस जारी कर दिया था। इसके जवाब में व्यापारियों ने अपनी जमा-पूंजी और परिवार की आजीविका का हवाला देते हुए कम से कम छह महीने का समय मांगा था दुकानदारों ने इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वैकल्पिक स्थान और राहत की मांग भी की थी, लेकिन प्रशासन ने प्रोजेक्ट के लिए जमीन खाली कराने को ही प्राथमिकता दी। नकटादाना चौराहा पहले भी क ई प्रशासनिक कार्यवाहियों का गवाह रहा है। सड़क और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने से लेकर नगर पालिका ईओ आवास और उससे जुड़े कार्यालयों के विवादों के कारण यह इलाका हमेशा सुर्खियों में रहा है। अब इसी भूमि पर शहर के ढांचागत विकास के तहत नया कमर्शियल कॉम्प्लेक्स तैयार किया जाएगा। इस पूरी कार्रवाई के बाद अब प्रभावित व्यापारियों के पुनर्वास और भविष्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वर्षों से कारोबार कर रहे इन परिवारों के सामने अचानक रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन नए कॉम्प्लेक्स में इन दुकानदारों को प्राथमिकता के आधार पर आवंटन देता है या उनके लिए किसी वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था करता है। फिलहाल, दुकानें मलबे में तब्दील हो चुकी हैं और पीड़ित व्यापारी स्पष्ट पुनर्वास नीति की आस लगाए बैठे हैं।

व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने कहा प्रशासन को व्यापारियों को सामान निकालने का समय देना चाहिए था। और इस मार्केट में व्यापारियों को व्यापार करने के लिए दुकान लिखित रूप से देना चाहिए ताकि छोटा व्यापारी अपने परिवार को पालन पोषण कर सके। अग्रवाल ने कहा कि प्रशासन की यह कार्रवाई उचित नहीं थी

## संक्षेप समाचार

### कृष्ण छठी जलविहार के उपलक्ष में कल खूबचंद मंदिर में होगा भंडारा



**पीलीभीत।** आज कृष्णा जन्म छठी के अवसर पर कृष्ण जलविहार के उपलक्ष में लाला खूबचंद मंदिर पुराना गंज प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर कमेटी की ओर से प्रात: 11 बजे योगीराज श्री कृष्णा की पूजा अर्चना के उपरांत कृष्ण छठी के अवसर पर प्रभु इच्छा तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा यह जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के सुधीर पाल सिंह ने नगर के लोगों से भंडारे की प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

### मिशन 27 का आगाज झूठ की सरकार को प्रदेश से उखाड़ फेंकने के लिए जनता-जनार्दन अब तैयार है कुणाल चौधरी

**पीलीभीत।** आज कॉन्ग्रेस के राष्ट्रीय सचिव पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी कुणाल चौधरी ने आज जिला शहर कॉंग्रेस संगठन कार्यकर्ताओं से काशीराम बारात घर में मुलाकात की। मिशन 27 का आगाज करते हुए कुणाल चौधरी ने कहा कि लूट झूठ की सरकार को उत्तर प्रदेश से उखाड़ फेंकने के लिए प्रदेश की जनता तैयार है राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी ने कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसान परेशान है छात्र युवा परेशान है मध्यमवर्ग की परेशानी कम नही हो रही है गन्ना किसानों को उनकी फसल का वाजिव दाम नही मिल रहा है धान गेहूं की फसल का दाम नही मिल रहा है छात्रों की गूंज अब देश मे सुनाई देने लगी है ।प्रदेश में भय भूख भ्ष्टाचार की सरकार चल रही है प्रदेश में तीन सी कार्यक्रम चल रहा है कर्ज,क्राइम करप्शन इनसे जनता छुटकारा चाहती है ।चौधरी ने कहा पिछले 10–15 दिन से कई जिलों का दौरा कर रहे हैं हर जगह जनता परेशान होने की शिकायत कर रही है आलू मक्का गन्ना किसान परेशान हैं बरेली में स्मार्ट सिटी की दशा खराब है अत्यधिक जलभराव है इससे लगता है कि पूरा प्रदेश भ्ष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है आये दिन पुल टूट रहे हैं एक्सप्रेस रोड गड्ढों में बदल गयी है हवाई अड्डे पर पानी टपक रहा है ।कुणाल चौधरी ने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई प्रदेश देश की भाजपा सरकार लूट रही है राम मंदिर में भी इन्होंने लूटने में कोई कसर नही छोड़ी है ।जनता का चढ़ावा भी चोरी हो गया है ।तहसील जिला मुख्यालय भ्ष्टाचार का अड्डा बन गए हैं ।महिलाओं पर अत्याचार बहुत ज्यादा हो रहे हैं नफरत के अलावा कोई काम भाजपा सरकार नही कर रही है ।उत्तर प्रदेश की जनता बदलाव का मन बना चुकी है कॉंग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जो संकल्प भारत जोड़ो यात्रा में लिया था वह सड़क से संसद तक पहुंचाने का काम कॉन्ग्रेस कर रही है राहुल गांधी जनता के मुद्दों पर बात कर रहे हैं वंचित शोसित एवं अंतिम व्यक्ति की लड़ाई लड़ रहे हैं जनता का भरोसा कॉंग्रेस में लगातार बढ़ रहा है कॉन्ग्रेस ने मिशन 27 के लिए कमर कस ली है ।कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष हरप्रीत चब्बा ने कहा कॉन्ग्रेस जनता के हित में जनता के साथ खड़ी है जनता की आवाज बनकर जनता के मुद्दों को मजबूती से उठा रही है। शहर अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार ने सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी कृष्णकांत शर्मा दिनेश दद्दा तबरेज मुजम्मिल एडवोकेट पश्चिमी उत्तर प्रदेश युवक कॉन्ग्रेस अध्यक्ष पारश शुक्ल प्रदेश उपाध्यक्ष युवक कॉन्ग्रेस अयान खानबरेली युवक कॉन्ग्रेस जिलाध्यक्ष नादिर बेग अनवर अनीस ईश्वर दयाल पासवान कुमुद गंगवार पुष्पा गंगवार यूसुफ मलिक सन्दीप गंगवार नागेश पाठक अभिनव गुप्ता गोल्डी अल्पसंख्यक कॉन्ग्रेस के इशितयाक अहमद आशुतोष अग्निहोत्री कमल गौड़ नरेश शुक्ल मुनेंद्र सक्सेना हरीश मौर्य राजेश वर्मा हेमन्त गैरोला भगवत सरन गंगवार मुन्नी गुड्डू जाहिद खान राजू मिश्र सहित बड़ी संख्या में कॉंग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुधीर पाल सिंह निर्विरोध महामंत्री चुने गए, खाद्यान्न आढ़ती कल्याण समिति के अध्यक्ष पद पर होगा मुकाबला

जागरण मोर्चा कार्यालय



सुधीर पाल सिंह बने महामंत्री। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आज नवीन मण्डी स्थल स्थित खाद्यान्न आढ़ती कल्याण समिति रजि के द्विवार्षिक निर्वाचन 26–28) की प्रक्रिया के तहत नाम वापसी के अंतिम दिन बड़ा उलटफेर देखने को मिला। महामंत्री पद के प्रत्याशी सचिन सिंह द्वारा नामांकन वापस लेने के बाद सुधीर पाल सिंह को निर्विरोध महामंत्री निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। वही मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जा री सूचना के अनुसार, उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी अभिलाष अग्रवाल के नाम वापस लेने से शेर सिंह और आशीष अग्रवाल निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए। मंत्री पद पर एक नामांकन होने के कारण शुभम् अग्रवाल और संगठन मंत्री पद पर नितिन सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं, कोषाध्यक्ष पद से अमन अग्रवाल के हटने के बाद मयंकराज सिंह को निर्विरोध विजयी घोषित किया गया। कार्यकारिणी के अधिकांश पदों पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद अब सारा दारोमदार अध्यक्ष पद पर टिक गया है। अध्यक्ष पद के लिए विजयपाल सिंह और रवि गंगवार के बीच सीधा मुकाबला होगा। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार केवल अध्यक्ष पद के लिए नवीन मण्डी स्थल पर मतदान कराया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस हर पांच में एक युवा साक्षर नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय




साक्षरता पर एक फोटो। -जागरण मोर्चा

**पी लीभीत।** समाधान विकास समिति के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय सा क्षरता दिवस के अवसर पर कंपोजिट विद्यालय अशरफ खान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । विद्यालय की प्रधानाध्यापिका यामिनी मिश्रा ने बताया कि 17 सितंबर 1965 को यूनेस्को ने 8 दिसंबर सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस घोषित किया ।प्रथम बार यह 1966 में मनाया गया। इसका उद्देश्य व्यक्तिगत,सामुदायिक और सामाजिक रूप से साक्षरता के महत्व प्रकाश डालना रहा ।यह उत्सव दुनिया भर में मनाया जाता है ।समिति के संसाधित व्यक्ति लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 2026 का विषय है लिटरेसी फॉर प्योपिल, प्लैनेट एंड प्रॉसपेरिटी अर्थात लोगों,पृथ्वी और समृद्धि के लिए साक्षरता। आज साक्षरता दिवस की 60वीं वर्ष गांठ मना रहे हैं ।यह दर्शाता है कि साक्षरता केवल पढ़ने लिखने तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह सामाजिक समावेशन, सतत विकास और आर्थिक अवसर से भी जुड़ी हुई है। इस अवसर पर हिंदी,अंग्रेजी उर्दू,पंजाबी के प्रारंभिक ज्ञान संबंधी चित्रकला प्रतियोगिता में अलशिफा,माहिरा, खुशी, रश्मि,नैंसी,आतिफा,छवि, कहकशा ने अच्छा प्रदर्शन किया। कार्यक्रम से साक्षरता हेतु समिति द्वारा निरंतर किया जा रहे हैं प्रयासों को गति मिली।

**आक्रोश** सरकार और बैंक प्रबंधन की ढुलमुल नीतियों के कारण बैंक कर्मियों में भारी रोष

# बैंक कर्मियों का 'अखिल भारतीय मांग दिवस' संपन्न 11 सितंबर से देशव्यापी हड़ताल की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आज बैंक कर्मचारी संगठनों के संयुक्त मंच यूएफबीयू के आह्वान पर आज देशभर के लगभग आठ लाख बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने 'अखिल भारतीय मांग दिवस के रुप मनाया। इस अवसर पर संगठन के स्थानीय अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार और बैंक प्रबंधन की ढुलमुल नीतियों के कारण बैंक कर्मियों में भारी रोष व्याप्त है। अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही न्यायसंगत मांगों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है और यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो बैंक कर्मचारी बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कर्मचारियों की मुख्य मांगों में पूर्व में किए गए समझौतों के अनुरूप सप्ताह में पाच दिन कार्य सोमवार से शुक्रवार की व्यवस्था अवि लंब लागू करना, सरकार द्वारा एक तरफा और भेदभावपूर्ण तरीके से थोपी गई कार्य-प्रदर्शन आधा रित प्रोत्साहन योजना को तु रं त वापस लेना, सेवा शर्तों में किसी भी बदलाव के लिए कर्मचारी संगठनों के साथ द्विपक्षीय बात चीत करना तथा वेतन व भत्तों से जुड़े अन्य शेष लंबित मुद्दों का शीघ्रातिशीघ्र समाधान करना शामिल है। गुप्ता ने कहा मांगें पूरी न होने की स्थिति में कर्मचारी संगठनों के संयुक्त मंच ने चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। इसके तहत सबसे पहले 11 सितंबर को एक दिवसीय दे शव्यापी बैंक हड़ताल की जाएगी। इसके बाद भी समाधान न निकलने पर 28, 29 और 30 सि तंबर को लगातार तीन दिव सी य राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी, और यदि सरकार का रवैया फिर भी उपेक्षित रहा तो 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार कार आरंभ कर दिया जाएगा। गुप्ता ने कहा इस आंदोलन में अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ अखिल भार ती य बैंक अधिकारी परिसंघ रा ष्ट्री य बैंक कर्मचारी परिसंघ अखिल भारतीय बैंक अधिकारी संघ, भारतीय बैंक कर्मचारी महासं घ , भारतीय राष्ट्रीय बैंक अधिका री कांग्रेस तथा भारतीय राष्ट्रीय बैंक कर्मचारी महासंघ पूरी एकजुटता के साथ भाग ले रहे हैं। अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने स्पष्ट किया कि समय रहते समाधान न निकलने पर बैंकिंग सेवाएं बाधित होने की पूरी जिम्मेदारी बैंक प्रबंधन एवं सरकार की होगी।

# सहकारी गन्ना विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने गन्ना आयुक्त से की शिष्टाचार भेंट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** गन्ना किसानों की ज्वलंत समस्याओं और उनके दीर्घकालिक हितों को लेकर सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गन्ना आयुक्त से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जनपद के गन्ना किसानों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उनके समक्ष रखते हुए ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष नितिन दीक्षित ने बताया कि क्षेत्र के गन्ना किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस वार्ता में मुख्य रूप से पूरनपुर चीनी मिल के पुनरुद्धार की मांग को प्रमुखता से उठाया गया, ताकि क्षेत्र के किसानों को पेराई सत्र के दौरान किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही गन्ने की बढ़ती लागत और महंगाई को ध्यान में रखते हुए गन्ने का समर्थन मूल्य पाच सौ रुपये प्रति क्विंटल से अधिक घोषित करने का अनुरोध किया गया। किसानों के आर्थिक हितों की रक्षा के लिए चीनी मिलों पर बकाए गन्ना मूल्य का त्वरित और ब्याज सहित भुगतान कराने तथा मिलों से निकलने वाले प्रेस मड को किसानों को निःशुल्क उपलब्ध कराने की मांग रखी गई, जिससे वे अपनी भूमि की उर्वरता बढ़ा सकें। पारदर्शिता और किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्ताव भी रखा गया कि गन्ना सर्वे का कार्य चीनी मिलों के बजाय सहकारी समिति के सुपरवाइजरों द्वारा नई सर्वे मशीनें खरीदकर कराया जाए। साथ ही किसानों को अपनी सुविधा के अनुसार अपना सट्टा एक चीनी मिल से दूसरी चीनी मिल में स्थानांतरित करने का अधिकार देने और ग्रामीण अंचलों में गन्ने के सुगम परिवहन के लिए प्रमुख चक रोडों पर खड़ंजा लगवाने की मांग की गई। वार्ता के दौरान गन्ना आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल की सभी मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना और किसानों के हित में जल्द उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पीलीभीत से सहकारी गन्ना विकास समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, पूरनपुर पीलीभीत दिग्विजय सिंह चौधरी, बीसलपुर से राजेश सिंह, गोला गोकर्णनाथ अध्यक्ष आशीष सिंह डब्बू' एवं अशोक अवस्थी सहित कई प्रमुख प्रतिनिधि मौजूद रहे।








## एक नजर

### डेंगू-मलेरिया से बचाव के प्रति किया जागरूक

**बीसलपुर**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर के अंतर्गत ग्राम रसिया खानपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। शिवर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ आलमगीर द्वारा ग्रामीणों को डेंगू एवं मलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के संबंध में विस्तार से जागरूक किया गया। लोगों को अपने घरों एवं आसपास पानी जमा न होने देने, कूलर एवं पानी के बर्तनों को नियमित रूप से साफ करने तथा मच्छरों से बचाव के लिए आवश्यक उपाय अपनाने की जानकारी दी गई। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे सप्ताह में एक दिन अपने घर एवं आसपास की साफ-सफाई अवश्य करें, कहीं भी पानी जमा न होने दें और मच्छरों के प्रजनन को रोकने में सहयोग करें।

# बरेली के ढाबे पर काम करते मिले 9 दिन पूर्व घर से लापता हुए छात्र

## सर्विलांस के सहारे छात्रों का पता लगाने में पुलिस को मिली सफलता

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस के साथ मौजूद दोनों गुमशुदा हुए बच्चे। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर**। 9 दिन पूर्व घर से लापता हुए दोनों छात्र बरेली के ढाबे पर काम करते हुए पुलिस ने बरामद कर लिए। छात्रों के मिलने से उनके परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

नगीपुर अखौला के मजरा मझगमा निवासी सुमित कुमार (14) पुत्र वीरपाल 31 अगस्त को अपने दोस्त राहुल (16) पुत्र श्रीकृष्ण निवासी ग्राम अमृता खास ओके साथ ग्राम अमृता में स्थित शांति निकेतन विद्यालय में पढ़ने गए थे। रास्ते से दोनों छात्र रहस्यमय ढंग लापता हो गए थे। लापता छात्र सुमित के भाई संजीव ने इस मामले में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद गठित पुलिस टीम ने उत्तराखंड के ऋषिकेश, बीसलपुर पीलीभीत बरेली सहित कई शहरों में छापामार कार्रवाई कर छात्रों को तलाश किया था। परंतु उनका पता नहीं लग पाया। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए छात्रों का पता लगाने के कड़े निर्देश जरी किए थे। पुलिस ने सर्विलांस के सहारे बरेली बाईपास स्थित एक ढाबे पर छापा मारकर दोनों छात्रों को काम करते बरामद कर लिया। छात्र सुमित ने पुलिस को बताया कि उसके दोस्त राहुल ने ऋषिकेश में घूमने की योजना बनाई थी दोनों लोग 31 अगस्त को ऋषिकेश जाने के लिए निर्धारित समय पर विद्यालय जाने के बजाय घर से निकले थे। उसके पास साइकिल थी उसने अपनी साइकिल गांव के पास एक दुकानदार की दुकान पर रख दी थी। दोनों लोग ई रिक्शा से बरेली पहुंचे थे। पास में रुपए न होने के कारण ऋषिकेश जाने का इरादा बदल दिया वह घर से अपना मोबाइल फोन लेकर गया था जिसमें सिम नहीं था एक होटल पर पहुंचा दो होटल वाले ने मोबाइल चोर बता कर उसका फोन छीन लिया था। फोन छोड़कर दोनों लोग वहां से भाग आए थे और बरेली बाईपास पर स्थित ढाबे पर 50 रूपए रोज पर नौकरी कर ली थी। खाना ढाबे पर ही खाने को मिलता था। होटल वाले ने सुमित के मोबाइल फोन में अपना सिम डालकर चलाना शुरु कर दिया था। सर्विलांस के सहारे पुलिस पहले होटल मालिक के पास पहुंचे उसने दोनों छात्रों के ढाबे पर काम करने की जानकारी दे दी। पुलिस दोनों छात्रों को बरेली से लेकर बीसलपुर पहुंची। छात्रों के मिलने से उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। वरिष्ठ उप निरीक्षक रमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि छात्रों को उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया है। छात्र सुमित ने बताया कि घर से जाने के बाद वह राहुल के साथ बरेली के ढाबे में ही रह रहा था। वहां दोनों लोग काम कर रहे थे। पुलिस नहीं पहुंचती तो जल्दी घर नहीं लौटते।लापता चल रहे छात्र सुमित व राहुल पुलिस महकमे के लिए मुसीबत बने हुए थे। उनके मिल जाने से पुलिस ने राहत की सास ली है।

## संक्षेप समाचार

### हाई टेंशन लाइन की चपेट में आया ग्रामीण, गंभीर

**बीसलपुर**। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चठिया सेवाराम में छत पर लेंटर डालने का काम करते समय लोहे की सरिया हाई टेंशन लाइन से टच हो जाने पर ग्रामीण विद्युत करंट की चपेट में आ गया।चिंताजनक हालत में उसे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चठिया सेवाराम निवासी मुन्ने शाह 40 वर्ष मजदूरी कर अपने परिवार का गुजारा करता है। गांव के गुड्डू के मकान में लिटर पड़ने का कार्य मंगलवार को चल रहा था दोपहर लगभग 1:00 बजे मुन्ने शाह नीचे से लोहे की सरिया पकड़कर छत पर रख रहा था। सरिया ऊपर उठते समय पास से गुजर रही है टेंशन लाइन से टच हो गई जिससे ग्रामीण विद्युत करंट की चपेट में आकर झुलस गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है।

### स्कूल गई छात्रा को अगुवा करने का लगाया आरोप

**बीसलपुर**। क्षेत्र के एक गांव में स्थित इंटर कॉलेज में पढ़ने गई कक्षा 12 की छात्रा रहस्यमय में ढंग से गायब हो गई। पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर एक युवक द्वारा बेटी को अगवा कर घर में बंधक बना लेने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने बताया कि 8 दिन पूर्व उनकी बेटी बीसलपुर के ग्राम बरसिया स्थित इंटर कॉलेज में पढ़ने गई थी लौटकर घर वापस नहीं आई। एक युवक उनकी पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया, उसे अगुवा कर अपने घर पर रख लिया है। पुत्री को जान माल का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू करदी है। वरिष्ठ उप निरीक्षक रमेश चंद शर्मा ने बताया कि तहरीर मिल गई है मुकदमा पंजीकृत करने की कार्यवाही की जा रही है।

### अधूरे पड़े सिमराया लिंक रोड से राहगीर परेशान, शिकायत के बावजूद नहीं हो रहा सड़क का निर्माण



जर्जर पडा दियूरिया सिमराया लिंक रोड। -जागरण मोर्चा

**घुंघचाई/पूरनपुर**। दियूरियाकला सम्पर्क से सिमराया जाने वाली सडक कई साल से अधूरी पडी हुई है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। यह सडक कई गांवो के लिए मुख्य है। उसके वावजूद निर्माण अधूरा पडा है। दियूरियाकला रोड से सिमराया जानी वाली सम्पर्क सडक कई सालों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। यह सडक कई साल अधूरी पडी हुई है। कई गांवों को जोड़ने वाली इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों लोग सफर करते हैं। दिनभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। फिर भी किसी को इसकी सुध लेने की फुर्सत नहीं है। सड़क में जगह-जगह बने गड्ढे व उबड़-खाबड़ सड़क इसकी जर्जरता बयां करती है। सड़क जर्जर होने के कारण दोपहिया व छोटे वाहन चालकों को तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके चलते इस मार्ग में हादसे भी होते रहते हैं। इधर बरसात के दिनों में तो सड़क की हालत और भी नारकीय हो जाती है। पूरी सडक टूट चुकी है। सडक की बजरी पत्थर पूरी तरह से उखड चुके है। जिससे सडक पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आते है। वाहन भी इस मार्ग से जाने को कतराते हैं। अभिभावक अपने बच्चे को इस सड़क से होकर स्कूल भेजने में भी डरते हैं। पता नहीं कब हादसा हो जाए। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने इस सड़क के पुनर्निर्माण की माग जोर-शोर से नहीं की लेकिन उनकी आवाज सुनने वाला शायद कोई नहीं है। लोगों ने अधूरी पडी सडक का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

### पंपिंग सेट खोलकर ले जा रहे चोर, आहट पर भागे

**घुंघचाई**। सोमवार देर रात गांव निवासी कमलेश के खेत में लगे पंपिंग सेट को कुछ लोग खोलकर ले जा रहे थे। इसी दौरान पड़ोस के खेत में रखवाली कर रहे लोगों की नजर संदिग्ध गतिविधि पर पड़ गई। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने से पहले ही चोर पंपिंग सेट को वहीं छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों ने पुलिस से चोरों का पता लगाकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### बरखेड़ा में तेंदुए की दहशत, बकरे को बनाया निवाला, घंटों बाद भी वन विभाग की टीम नहीं पहुंची, ग्रामीणों में रोष



**बरखेड़ा**। क्षेत्र के गांव रम्पुरा नत्थू और पिपरा खास के बीच नहर की पुलिया के पास सोमवार शाम करीब पांच बजे तेंदुए ने एक बकरे को अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई।गंगापुरी निवासी धर्मपाल बकरियां चरा रहे थे। इसी दौरान उन्हें तेंदुए की दहाड़ सुनाई दी। उनकी अधिकांश बकरियां भागकर उनके पास आ गईं, जबकि एक बकरा वहीं रह गया। बाद में ग्रामीणों ने मौके की तलाश की तो रमेश गंगवार के खेत के पास बकरे का आधा खाया शव बरामद हुआ।ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई, लेकिन घंटों बाद भी टीम मौके पर नहीं पहुंची। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी है। लोगों ने वन विभाग और प्रशासन से तेंदुए की निगरानी बढ़ाने, टीम भेजने और ग्रामीणों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की है।

# विधायक ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को बांटी राहत किट

## करीब चार सौ परिवारों को वितरित की गई राहत सामग्री

जागरण मोर्चा कार्यालय




राहत किट देते विधायक बाबूराम पासवान। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर**। तहसील के शारदा पार क्षेत्र में शारदा नदी में आई बाढ़ एवं अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों को राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। विधायक बाबूराम पासवान मंगलवार को शारदा पार पहुंचे, उन्होने चार सौ बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत किट वितरित की, इसी क्रम में राहत आयुक्त कार्यालय, उत्तर प्रदेश शासन के माध्यम से उपलब्ध कराई गई।

राहत सामग्री से तैयार राहत किट का वितरण शारदा पार क्षेत्र के शास्त्रीनगर एवं हजारा टिब्बा में किया गया।विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान ने मौके पर पहुंच कर दोनों क्षेत्रों के कुल 400 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत किट वितरित की गई। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पीड़ितों ने भी अपनी परेशानियां विधायक के सामने रखीं। इस अवसर पर विधायक बाबू राम पासवान ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिये की जा रही त्वरित राहत एवं सहायता व्यवस्था की प्रशंसा की

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता संकट की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों तक समय से आवश्यक राहत पहुंचाना है। राहत किट वितरण के दौरान उपजिलाधिकारी पूरनपुर मयंक गोस्वामी एवं तहसीलदार पूरनपुर आशीष गुप्ता मौके पर उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं का जायजा लिया गया। जिला एवं तहसील प्रशासन द्वारा शारदा पार क्षेत्र में स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा राहत आयुक्त कार्यालय, उत्तर प्रदेश शासन के माध्यम से प्राप्त राहत सामग्री को प्रभावित परिवारों तक प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जा रहा है।प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के समन्वय से प्रभावित परिवारों को आवश्यक राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने का कार्य निरंतर जारी है।प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि हर बाढ़ पीड़ित तक राहत पहुंचाई जायेगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला विवाहिता का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**घुंघचाई/पूरनपुर**। संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। उसका शब कमरे के अंदर लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घुंघचाई निवासी युवक की शादी चार साल पहले गांव नबीची निवासी एक युवती के साथ हुई थी। वताया जाता है कि सोमवार की रात विवाहिता अपने बच्चे को परिजनो के पास छोडकर कमरे में चली गई। काफी देर बाद भी कमरे से कोई चहलपहल नही दिखी तो परिजन कमरे के अंदर पहुंचे तो विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। लोगों की भीड मौके पर एकत्र हो गई। परिजन उसको उतार कर शव कमरे से बाहर निकाला,सूचना पर मायके वाले घुंघचाई पहुंचे,और पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी राजीव कुमार व तहसीलदार मौके पर पहुंचे, पुलिस ने परिवार से पूछताछ की, इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही पता चलेगा। मृतिका का एक डेढ साल का पुत्र है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गमगीन माहोल में अंतिम संस्कार कर दिया है। परिवार में चीत्कार मची हुई है।

# बारिश का कहर भरभरा कर गिरा गरीब का आशियाना, बाल-बाल बचा परिवार

जागरण मोर्चा कार्यालय



बारिश से गिरा हुआ मकान। -जागरण मोर्चा

**शेरपुर कलां**। क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश आफत बनकर बरस रही है। वार्ड नंबर 14 इस्लामनगर में बारिश के चलते एक गरीब का घर की टीन शैड ढह गया। गनीमत यह रही कि हादसे के समय परिवार कमरे के बाहर सोया हुआ था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। मिली जानकारी के अनुसार इस्लामनगर निवासी सलमान पुत्र कल्लू खान रोज की तरह अपने परिवार के साथ घर के बरामदे में सोए हुए थे। देर रात अचानक तेज बारिश के कारण उनके कमरे पर पड़ी टीन शेड भरभरा कर नीचे गिर गईं।धमाके की आवाज सुनकर परिजन चौंककर उठे और तुरंत सुरक्षित स्थान की ओर भागे। पीड़ित सलमान ने बताया कि परिवार का कोई भी सदस्य कमरे के अंदर मौजूद नहीं था, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी। हालांकि, हादसे में कमरे के अंदर रखा सारा गृहस्थी का सामान, अनाज और कपड़े सन्दूक ईंट व टीन के मलबे में दब कर खराब हो गये। पीड़ित सलमान ने शासन-प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर जल्द से जल्द आर्थिक सहायता व सरकारी मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में हाथियों ने रौंदी गन्ने की फसल, किसानों को भारी नुकसान

जागरण मोर्चा कार्यालय



हाथियों द्वारा रौंदी गई गन्ने की फसल। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर**। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में जंगली हाथियों ने किसानों की फसलो को रौंद डाला। जिससे खलवली मच गई। खेतों में घुसकर गन्ने व धान की फसल को नुकसान पहुंचा। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव हरिपुर किशनपुर गांव में सोमवार की रात करीव नौ बजे हाथियो का झुंड अचानक खेतो में घुस गया। देखते ही देखते हाथियों ने फसल को खाने के साथ ही खेतों में घूमते हुए धान और गन्ने की फसल को रौंद भी दिया। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। ग्रामीणों के अनुसार सुबह खेतों पर पहुंचे किसानों ने फसल की स्थिति देखी तो उनके होश उड़ गए। खेतों में हाथियों के पैरों के निशान और क्षतिग्रस्त फसल देखकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई। किसानों का कहना है कि जंगली हाथियों का फसलों को नुकसान पहुंचाना कोई नई समस्या नहीं है। लगभग हर वर्ष जंगल से निकलकर हाथी गांवों के आसपास पहुंचते हैं और रात के समय खेतों में घुसकर गन्ना, धान सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। हाल के वर्षों में भी इस क्षेत्र में हाथियों द्वारा किसानों की फसलें रौंदने की कई घटनाएं सामने आती रही हैं। हाथियों की मौजूदगी से किसान अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर परेशान हैं। किसानों को आशंका है कि यदि हाथियों की आवाजाही इसी तरह बनी रही तो आसपास के अन्य खेतों में भी खड़ी फसल को भारी नुकसान हो सकता है। जंगल और वन्यजीव क्षेत्रों से सटे इलाकों में हाथियों द्वारा फसल नुकसान की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। प्रभावित किसानों ने वन विभाग से नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने और हाथियों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

**उदघाटन** मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए गए तमाशे

# जन्माष्टमी के मेले का विधायक ने किया शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



मेले का शुभारंभ करते विधायक बाबूराम पासवान। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर**। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले के आयोजन का शुभारंभ भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने फीता काट कर किया। इस दौरान कई मौजूद रहे। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गाँव नजीरगंज दुर्जनपुर कला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला छह दिनों तक चलेगा। भाजपा विधायक बाबूराम पासवान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे, जंहा कमेटी के पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से विधायक वावूराम पासबान का स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने ग्रामीणों के साथ संयुक्त रुप से फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। मेले का उद्घाटन में तमाम संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे। मेला कमेटी के लोगों ने बताया कि यह मेला छह दिन तक चलेगा। जय श्रीराधे और जय श्रीकृष्ण के नारे लगाए। जिससे पंडाल गूंज उठा। विधायक वावूराम पासबान ने कहा कि ऐसे धार्मिक और संस्कृतिक आयोजनों से समाज जोडते है। साथ ही मेले में सुंदर सुंदर झांकियों से रासलीला का मंचन किया जाएगा। मेला कमेटी के लोगों ने बताया ग्राम वासियों के द्वारा ही मेले में किया जाता है। जिसे देखने के लिए गांव व क्षेत्र के तमाम संख्या में ग्रामीण पहुंचे है। बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल तमासे भी लगाए गए है। जिसका बच्चे लुप्त उठा रहे है। अलग-अलग स्टाल लगाए गए हैं। जिस पर बच्चे जमकर खरीदारी कर रहे हैं। विधायक ने कमेटी के लोगों की जमकर सरहाना की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और कमेटी के लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मेले में मौजूद रही।

# भाकियू टिकैत का संगठन का हुआ विस्तार

**पीलीभीत**। आज भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने संगठन को अधिक क्रियाशील और मजबूत बनाने के उद्देश्य से अपनी कार्य कारिणी का विस्तार किया है। इसी क्रम में बिलसंडा और कलीनगर क्षेत्र में नए पदाधि कारियों का मनोनयन कर उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। भाकियू (टिकैत) के युवा ब्लॉक अ ध्यक्ष महेंद्र कुमार कनौजिया ने बिलसंडा ब्लॉक में संगठन का विस्तार करते हुए महेश चन्द्र को युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। इस अवसर पर युवा ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि महेश चन्द्र के संगठन में शामिल होने से क्षेत्र के किसानों और युवाओं की समस्याओं को उठाने में और मजबूती मिलेगी। उन्होंने नवनियुक्त उपाध्यक्ष से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और किसान हितों के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने का आह्वान किया।

# शादी का झांसा देकर किया नाबालिग का शोषण, इन्कार करने पर खाया जहर

जागरण मोर्चा कार्यालय

- हालत बिगड़ने पर सीएचसी में कराया गया भर्ती
- घटना की तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने नहीं की आरोपी पर कार्रवाई

**बिलसंडा**। महिलाओं के के मामले में पुलिस कितनी संजीदा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक शादीशुदा युवक ने रिश्तेदारी में आई नाबालिग को प्रेम जाल में न केवल फंसाया बल्कि शादी करने का झांसा देकर उसका शोषण भी किया। इतना ही नहीं बाद में रास्ते से हटाने की खातिर युवक ने नाबालिग को जहर खाने पर मजबूर भी कर दिया।

हालत बिगड़ने पर परिजनों ने नगर के सरकारी अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया और बाद में बेटी को साथ लेकर पुलिस चौकी जाकर घटना की तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कार्यवाही करने की बजाय उल्टे नाबालिग के परिजनों पर ही दबाव बनाना शुरू कर दिया। थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी ईटगांव के एक गांव निवासी ग्रामीण में पुलिस को दी गई तहसीर में कहां है कि उसकी नाबालिग 16 वर्षीय बेटी थाना क्षेत्र के ही गांव खजुरिया निभीराम स्थित अपनी ननिहाल में रह रही थी कि इसी दौरान पड़ोस के रहने वाले शादीशुदा एक युवक ने उसकी बेटी को प्रेम जाल में फंसा लिया।

आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसका शोषण भी किया। बाद में शादी करने से इन्कार किए जाने से आहत होकर उसकी बेटी ने जहर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। बताते हैं कि नाजुक हालत में परिजनों ने उसे नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर भर्ती कराया, जहां पर हुए उपचार से उसकी हालत में सुधार हुआ। उधर नाबालिग के पिता का कहना है कि उसने पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कार्यवाही करने की बात कह कर उससे सादे कागज पर अंगूठा लगवा लिया। आरोप है कि पुलिस उल्टे नाबालिग के परिजनों को ही हड़का रही है। उधर चौकी इंचार्ज विपुल कुमार का कहना है कि नाबालिग के पिता ने मामले में समझौता कर लिया है। अगर वह चाहेंगे तो आरोपी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# दलीप ट्रॉफी फाइनलः साउथ जोन पर मंडराया खतरा, ईस्ट जोन पहली पारी में बड़ी बढ़त के करीब

**एजेंसी न्यूज**

**चेन्नई।** साउथ जोन और ईस्ट जोन के बीच दलीप ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। ईस्ट जोन के 708 रन के जवाब में साउथ जोन ने पहली पारी में छह विकेट पर 242 रन बनाए हैं और वह अभी 466 रन पीछे है। साउथ जोन की स्थिति मैच में अच्छी नहीं है और उस पर खतरा मंडरा रहा है। लेकिन साउथ जोन के कप्तान तिलक वर्मा क्रीज पर टिके हुए हैं।

तिलक वर्मा ने अर्धशतक जड़कर टीम को संभाले रखा है। स्टंप्स के समय तिलक 56 रन और चामा मिलिंद दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। ईस्ट जोन की ओर से मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार को अब तक दो-दो विकेट मिला है, जबकि मोहम्मद कौनेन कुरैशी और शिखर मोहन को एक-एक सफलता मिली है।

साउथ जोन को लगे झटके पर झटके

एमए चिदंबरम स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ईस्ट जोन ने पहली पारी में



708 रनों का विशाल स्कोर बनाया। तीसरे दिन साउथ जोन की पहली पारी शुरू हुई। इस टीम ने 10 के स्कोर पर रिकी भुईं (1) का विकेट गंवा दिया था, जिसके बाद देवदत्त पड्डिकल ने नारायण जगदीशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 70 के स्कोर तक पहुंचा दिया।

जगदीशन छह चौकों के साथ 32 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद पड्डिकल ने शेख रशीद के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन जुटाए। रशीद 27 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पड्डिकल ने 4 चौकों के साथ 62 रन की पारी खेली। टीम ने 129 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद कप्तान तिलक वर्मा ने मोर्चा संभालते हुए स्मरण रविचंद्रन (23) के साथ पांचवें विकेट के लिए 45 रन और श्रेयस गोपाल (26) के साथ छठे विकेट के लिए 66 रन जुटाकर टीम को 200 के पार पहुंचा दिया। तिलक ने इस प्रतियोगिता में लगातार तीसरा 50 से अधिक का स्कोर बनाया। उन्होंने बेहद संयमित पारी खेलते हुए 143 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

शमी ने दिन में तीन छोटे स्पेल किए। उन्होंने पहले तीन ओवर में दो मेडन डालते हुए सिर्फ एक रन दिया। दूसरे स्पेल में चार ओवर में एक मेडन के साथ 10 रन देकर एक विकेट और तीसरे स्पेल में चार ओवर में एक मेडन के साथ छह रन देकर एक विकेट हासिल किया। इस तरह उन्होंने कुल 11 ओवर में चार मेडन के साथ 17 रन देकर दो विकेट लिए। चेन्नई की उमस भरी परिस्थितियों को देखते हुए संभवतः शमी ने छोटे स्पेल में गेंदबाजी करना पसंद किया। शमी के आंकड़े शायद बहुत प्रभावशाली नहीं दिखते, लेकिन उन्होंने गेंद पर नियंत्रण और जरूरत के समय अपनी गति तथा धार बढ़ाने की क्षमता का भरपूर प्रमाण दिया। जिस सपाट पिच पर दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाज शुरूआती दो दिन ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके थे, वहां शमी ने अपने अनुभव और कौशल का शानदार मिश्रण पेश किया।

# सोना धड़ाम, चांदी उछलीः सर्राफा बाजार की कीमतों में दिखा उतार-चढ़ाव

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई, जबकि चांदी में तेजी आई। जानें वैश्विक बाजारों का असर और विशेषज्ञों की राय।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को सोने की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र रहा, जब सोने को नुकसान हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुझान के कारण यह गिरावट आई। वहीं, चांदी ने अपनी तेजी फिर से शुरू की।

चांदी की कीमतों में 600 रुपये की वृद्धि देखी गई। यह पिछले दो सत्रों से स्थिर रहने के बाद हुई है।




बाजार के भागीदार अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। फेडरल रिजर्व की ब्याज दर संबंधी उम्मीदें भी बाजार को प्रभावित कर रही हैं।

मंगलवार को सोने के भाव 2,150 रुपये गिर गए। अब 10 ग्राम सोने का भाव 1,58,100 रुपये हो गया है। अखिल भारतीय सराफा एसोसिएशन के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाली पीली धातु में यह गिरावट सभी करों सहित दर्ज की गई। पिछले सत्र में सोना 1,60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुझान ने सोने की कीमतों पर दबाव डाला।

चांदी की कीमतों में 600 रुपये की बढ़ोतरी हुई। अब एक किलोग्राम चांदी का भाव 2,41,100 रुपये हो गया है। इसमें सभी कर शामिल हैं। सफेद धातु ने पिछले दो सत्रों में स्थिर रहने के बाद अपनी तेजी फिर से शुरू की। 3 सितंबर को चांदी 5,000 रुपये उछलकर 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई थी। 4 और 7 सितंबर को चांदी के भाव अपरिवर्तित रहे थे।

ब्रोकरेज मंच लेमन के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने बताया कि चांदी उबर रही है। कमजोर डॉलर बहुमूल्य धातुओं को समर्थन दे रहा है। बाजार के भागीदार आने वाले अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। वे फेडरल रिजर्व की ब्याज दर संबंधी उम्मीदों पर भी नजर रख रहे हैं। विदेशी बाजारों में हाजिर सोना मामूली गिरावट के साथ 4,404.44 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। वहीं, चांदी 0.11 फीसदी बढ़कर 66.25 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

# क्या टीम इंडिया कायम रख पाएगी दबदबा

## अफगानिस्तान के खिलाफ कैसा है भारत का रिकॉर्ड, किन पांच पर रहेंगी नजरें?

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का आगाज 13 सितंबर से होने जा रहा है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारतीय टीम मैदान पर उतरेगी और इस सीरीज में उसके सामने न केवल अफगानिस्तान के खिलाफ अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखने की चुनौती होगी, बल्कि कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी खास नजर रहेगी।

टी20 इंटरनेशनल में भारत का अफगानिस्तान के खिलाफ पलड़ा अब तक पूरी तरह भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल नौ टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले गए हैं। इनमें भारतीय टीम ने आठ मैच जीते हैं, जबकि एक मुकाबला बेनतीजा रहा। यानी अफगानिस्तान को अब तक भारत के खिलाफ इस फॉर्मेट में जीत नहीं मिली है।

हालांकि, अफगानिस्तान की टीम पिछले कुछ समय में टी20 क्रिकेट में लगातार मजबूत हुई है। उसके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी दिन मुकाबले का रुख बदल सकते हैं। ऐसे में भारत के लिए यह सीरीज सिर्फ रिकॉर्ड कायम रखने का मौका नहीं होगी, बल्कि टीम के कुछ अहम खिलाड़ियों के लिए खुद को साबित करने का मंच भी होगी।

भारत और अफगानिस्तान के बीच टी20 क्रिकेट में सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक 2024 में बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया था। मुकाबला टाई रहा था और विजेता का फैसला करने के लिए दो सुपर ओवर खेलने पड़े थे। आखिरकार भारतीय टीम ने बाजी मारी थी। यह मुकाबला बताता है कि अफगानिस्तान भारत के खिलाफ कितना कड़ा मुकाबला पेश कर सकता है। इसके बाद दोनों टीमों की आखिरी टी20 भिड़ंत 2024 टी20 विश्व कप में हुई थी, जहां भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 47 रन से जीत दर्ज की थी। अब दोनों टीमों के बीच एक बार फिर टी20 सीरीज होने जा रही है और इस बार भारतीय टीम की नजरें अपने रिकॉर्ड को और मजबूत करने पर होंगी। आइए आपको उन पांच भारतीय खिलाड़ियों के नाम बताते हैं, जिनके प्रदर्शन पर इस सीरीज में खासतौर पर निगाहें होंगी।



इस सीरीज में सबसे ज्यादा चर्चा वैभव सूर्यवंशी के प्रदर्शन को लेकर हो सकती है। महज 15 साल की उम्र में भारतीय टी20 टीम में अपनी जगह बनाने वाले वैभव पहले ही अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित कर चुके हैं। इंग्लैंड और जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा रहे वैभव को अफगानिस्तान के खिलाफ भी मौका मिला है। जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के आखिरी टी20 मुकाबले में उन्होंने 81 रन की दमदार पारी खेली थी। दलीप ट्रॉफी में भी वह अच्छी फॉर्म में नजर आए हैं, लेकिन अफगानिस्तान के खिलाफ उनके सामने अलग तरह की चुनौती होगी। टीम के पास ऐसे स्पिन गेंदबाज हैं जो बल्लेबाजों को लगातार मुश्किल में डाल सकते हैं। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि वैभव अफगानिस्तान के स्पिन आक्रमण के खिलाफ किस तरह की रणनीति अपनाते हैं।

जसप्रीत बुमराह की वापसी इस सीरीज को और खास बनाती है। बुमराह ब्रेक के बाद भारतीय टी20 टीम में लौट रहे हैं और लंबे समय से भारतीय क्रिकेट में उनके प्रदर्शन पर सबसे ज्यादा भरोसा किया जाता रहा है। बुमराह ने अपना आखिरी टी20 इंटरनेशनल मुकाबला मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। अब उनकी नजरें मैदान पर वापसी के साथ अपनी लय हासिल करने पर होंगी। हालांकि, सीरीज में उनकी उपलब्धता फिटनेस टेस्ट पास करने पर निर्भर करेगी। अगर वह पूरी तरह फिट होकर मैदान पर उतरते हैं और अपनी पुरानी लय में नजर आते हैं, तो अफगानिस्तान के बल्लेबाजों के लिए उनके खिलाफ रन बनाना आसान नहीं होगा। संजू सैमसन के लिए भी यह सीरीज बेहद अहम होगी। इंग्लैंड के खिलाफ उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। उन्होंने दो मुकाबलों में सिर्फ 28 रन बनाए थे।




# पीसीबी ने कप्तान से बिना पूछे लिया फैसला

## खिलाड़ियों को हटाने पर बाबर का हैरान करने वाला बयान, झाड़ा पलड़ा

**एजेंसी न्यूज**

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच से पहले पाकिस्तान टेस्ट टीम में हुए बड़े बदलावों को लेकर कप्तान बाबर आजम ने पलड़ा झाड़ लिया है। बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे टेस्ट मैच से पहले बाबर ने कहा कि उन्हें टीम से सात खिलाड़ियों को बाहर करने के इस फैसले की कोई जानकारी नहीं थी। मालूम हो कि लॉर्ड्स टेस्ट में हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टीम में बड़े बदलाव करते हुए सात खिलाड़ियों, मुख्य कोच सरफराज अहमद और गेंदबाजी कोच उमर गुल को स्वदेश बुला लिया था।




सीरीज के शुरूआती दोनों मैच हारकर पाकिस्तान 0-2 से पीछे चल रहा है, जिसके बाद पीसीबी ने टीम में बड़ा फेरबदल करते हुए अंतिम टेस्ट के लिए कई नए चेहरों को शामिल किया है। इसे लेकर कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने बाबर आजम पर निशाना साधा था। इन खिलाड़ियों का कहना था कि बाबर टीम के साथी खिलाड़ियों के साथ खड़े नहीं रहे। वहीं, बाबर का कहना है कि उन्हें पीसीबी के इस फैसले की जानकारी तक नहीं थी। बाबर ने इस बारे में बात करते हुए कहा, यह खबर मेरे लिए भी नई थी। मुझे भी इसके बारे में बाद में पता चला। चूंकि यह फैसला पीसीबी ने लिया है, इसलिए वे इसे बेहतर तरीके से समझा सकते हैं।

लॉर्ड्स में मिली हार के बाद पाकिस्तान ने मोहम्मद रिजवान, सलमान अली आगा, इमाम-उल-हक, आमेर जमाल, अली उस्मान, मुहम्मद ओवैस जफर और खुर्रम शहजाद को टीम से रिलीज कर दिया था। लॉर्ड्स में इंग्लैंड ने 194 रन से जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल कर ली थी। इस दूसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान की बल्लेबाजी बेहद खराब रही थी और टीम दोनों पारियों में 200 रन का आंकड़ा भी नहीं पार कर पाई थी।

टीम में हुए इन बदलावों के बाद बाबर आजम का खुद का फॉर्म भी चर्चा का विषय बन गया है। एक पत्रकार ने उनके सीमित ओवरों और टेस्ट फॉर्म के बीच के अंतर पर सवाल उठाया। साथ ही, खराब प्रदर्शन के चलते रिजवान और सलमान अली आगा को बाहर किए जाने का हवाला देते हुए पूछा कि पीसीबी द्वारा खराब प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को घरेलू या हाई-परफॉर्मेंस क्रिकेट में वापस भेजने के इस कदम के बीच वह अपनी स्थिति को कैसे देखते हैं। इस सवाल के जवाब में बाबर ने कहा, अगर हम परफॉर्म करने वालों की बात कर रहे हैं, तो मुझे लगता है कि पिछली बार मैं प्लेयर ऑफ द सीरीज था। वेस्टइंडीज के खिलाफ हुई टेस्ट सीरीज में बाबर को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। उस सीरीज में वह पाकिस्तान के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे, जिन्होंने 96.50 की औसत से 193 रन बनाए थे और पाकिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, लॉर्ड्स में उनका प्रदर्शन इसके बिल्कुल विपरीत रहा। लॉर्ड्स टेस्ट में बाबर ने पहली पारी में सिर्फ 8 और दूसरी पारी में 6 रन बनाए। 389 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पूरी पाकिस्तानी टीम सस्ते में सिमट गई थी। सीरीज पहले ही गंवाने के बाद पाकिस्तान अब बर्मिंघम में अपनी साख बचाने और इंग्लैंड के खिलाफ सूपड़ा साफ होने से बचने उतरेगी।




### आईसीसी महिला टी20 रैंकिंगः श्री चरणी शीर्ष पर बरकरार

**एजेंसी न्यूज**

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा मंगलवार को जारी टी20 गेंदबाजों की सूची में भारत की बाएं हाथ की स्पिनर शीर्ष क्रम पर बरकरार हैं। वहीं, अनुभवी दीप्ति शर्मा को फायदा हुआ है। ताजा रैंकिंग में श्री चरणी पहले, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टन दूसरे, इंग्लैंड की चार्ली डीन तीसरे, दक्षिण अफ्रीका की एन मल्बा चौथे और इंग्लैंड की लॉरेन बेल पांचवें स्थान पर हैं। भारत की अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा को दो स्थान का फायदा हुआ है। दीप्ति अब छठे स्थान पर चली गई हैं। दीप्ति मौजूदा एशिया कप में शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने तीन मैचों में आठ विकेट लिए हैं और भारतीय टीम को सेमीफाइनल में भारत की बढ़त में अहम भूमिका निभाई है। इंग्लैंड की लिंसे स्मिथ एक स्थान के नुकसान के साथ सातवें है, और पाकिस्तान की नशरा संधु एक स्थान की नुकसान के साथ आठवें नंबर पर हैं।







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।